CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 01-23-2026 22:50 Color:

नई दिल्ली › शनिवार, 24 जनवरी 2026 › माघ 4, शक सवत 1947, माघ शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 21 › पेज 28* › मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*मासिक सदस्यता पर ही लागू

www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

जापान की पीएम ने संसद भंग की, चुनाव 8 फरवरी को

▶ देखें अंदर

ट्रंप ने कनाडा से क्यों छीना 'बोर्ड ऑफ पीस' का न्योता

▶ देखें अंदर



Aditya
BUILDING TRUST SINCE 1979

UPRERAPRJ172673/11/2024
https://up-rera.in/projects
COLLECT ON ACCOUNT DETAILS:
NAME: AAPL PROJECTS PVT. LTD.
COLLECTION ACCOUNT FO-I THE #LTLMS
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.: 1221110060459
BANK NAME: PUNJAB & SIND BANK | IFSC: PSIB0021226
ADDRESS: SHOP NO 14A & 12, SHIPRA AZURE ARCADE
YEAR WAVE CINEMAS, KALSHAHRI, GHAZIABAD- 220010

LOCK TODAY'S PRICE
SAVE UPTO ₹65 LAKH*

PRICES ARE SET TO RISE FROM FEB 1ST, 2026

CURRENT BSP
₹8,990* PER SQ. FT.
(₹96,767.4 PER SQ. MTR.)

REVISED BSP
₹10,990* PER SQ. FT.
(₹118,295.26 PER SQ. MTR.)

AVAIL OUR LIMITED-TIME OFFER*
PAY ONLY 3% MONTHLY FOR 16 MONTHS

ULTRA LUXURY FUTURE-READY 4 BHK HOMES

4 ICONIC TOWERS IN A GATED LUXURY ENCLAVE

GRAND CLUB HOUSE OVER 70,000 SQ. FT. (6503.2 SQ. MTR.)

7,000 SQ. FT. SKY DECK (650.32 SQ. MTR.) ON THE 29TH FLOOR ROOF

40+ AMENITIES FOR AN ACTIVE LIFESTYLE

SPACIOUS LAYOUTS 2667 SQ.FT. (247.7 SQ. MTR.) & 3283 SQ.FT. (305 SQ. MTR.)

EXCLUSIVELY MARKETED BY INVESTORS' CLINIC
UPRERAAGT10052

83770 05001

Disclaimer: This advertisement is not a legal offering and purely conceptual in nature and includes graphical/artistic representation of the project which does not purport to be the exact replica or representation of the Project. Vide this advertisement, the Company does not intend to offer or invite to offer any person to create any legal or contractual relationship. The content in this advertisement including the building, elevation, areas, designs, layouts, specifications, amenities, facilities etc. are merely indicative and artistic in nature and may be in variance with the actual site. The Company advises the viewer to exercise their own discretion. The viewer/prospective buyer may seek all information including sanctioned plans, approvals, development schedule, time of delivery, specifications, facilities, amenities & scheme details from the Company in respect of the concerned project/phase that he/she may be interested in, before proceeding with any such booking/registration etc. Furnitures and Fixtures shown in the advertisement will not be part of the actual flat. PS: 1 Sq. Mtr. = 10.764 Sq. Ft. = 1.196 Sq. Yards. T&C Apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: naveen.tirkey Time: 01-23-2026 22:50 Color:

110 दिनों का इंतज़ार... फिर 'रिकॉर्ड' बौछार

3 साल बाद एक दिन की बारिश का रिकॉर्ड, 27 से फिर बारिश की संभावना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में शुक्रवार को करीब 110 दिन बाद बारिश हुई। बारिश भी ऐसी कि तीन साल बाद एक दिन में जनवरी में सबसे अधिक बारिश का रिकॉर्ड बन गया। वहीं, बारिश से पहले शुक्रवार को टेंपरेचर ने भी रिकॉर्ड बनाया। शुक्रवार सुबह मिनिमम टेंपरेचर के मामले में 4 साल में जनवरी की यह सबसे ज्यादा तापमान वाली सुबह रही।

दिल्ली में 24 घंटे के दौरान सफदरजंग में 14.5 एमएम बारिश हुई। इससे पहले 2023 में 30 जनवरी को 20.4 एमएम बारिश हुई थी। वहीं, पालम में 15.3 एमएम बारिश हुई। इससे पहले 30 जनवरी 2023 में 26.1 एमएम बारिश हुई थी। लोदी रोड में 15 एमएम, रिज में 19.2 एमएम, आया नगर में 13.2 एमएम, पीतमपुरा में 10 एमएम, मयूर विहार में 8.5 एमएम, जनकपुरी में 15 एमएम बारिश हुई। बारिश का यह आंकड़ा शाम साढ़े पांच बजे तक का है। इसके बाद और भी बारिश हुई।

> बारिश का यह आंकड़ा शाम साढ़े पांच बजे तक का है

टेंपरेचर ने भी किया हैरान: शुक्रवार सुबह टेंपरेचर जनवरी में पिछले चार साल में सबसे अधिक रहा। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 6.2 डिग्री अधिक है। इससे पहले 8 जनवरी 2022 में न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री रहा था। पालम का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री, लोदी रोड का 14.1 डिग्री, रिज का 13.7 डिग्री और आया नगर का 14.2 डिग्री रहा। बारिश की वजह से शुक्रवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

Photos : Piyal Bhattacharjee, Rajesh Mehta, PTI



एक दिन में कब कितनी बारिश हुई (सफदरजंग)

14.5MM	3.90MM	बूंदाबांदी	20.4MM
23 जनवरी 2026	16 जनवरी 2025	28 जनवरी 2024	30 जनवरी 2023

बारिश और ठंड का कॉम्बो: शुक्रवार सुबह से ही रुक-रुक कर हो रही बारिश ने राजधानी को पूरी तरह भिगो दिया। लगातार चल रही हवाओं ने दिन में लोगों को ठंडक का अहसास कराया।



बारिश-हवा से AQI रहा 282

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रदूषण शुक्रवार को खराब स्तर पर रहा। अगले तीन दिन तक यह खराब स्तर पर रहेगा। इसके बाद यह खराब से बेहद खराब स्तर पर रहेगा। बारिश की वजह से प्रदूषण में गिरावट हुई। ठंडी हवाओं के झोंकों ने प्यूरीफायर का काम किया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली का एक्यूआई 282 रहा। फरीदाबाद का 216, गाजियाबाद का 249, ग्रेटर नोएडा का 249, गुरुग्राम का 227 और नोएडा का 270 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 24 से 26 जनवरी तक प्रदूषण खराब स्तर पर रहेगा। अगले एक दिनों में यह खराब से बेहद खराब हो सकता है।

> अगले तीन दिन तक यह खराब स्तर पर रहेगा

गणतंत्र दिवस पर सुबह ठंड की भी 'परेड'

गणतंत्र दिवस पर सुबह के समय राजधानी में फिर अधिक ठंड हो सकती है। न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस तक सिमट सकता है। हालांकि गणतंत्र दिवस परेड व झांकियों को देखने में कोहरा बाधा नहीं बनेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 26 जनवरी को कोहरा हल्के से मध्यम स्तर का रहेगा। पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को बादल छाए रहेंगे। हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। हवाओं की गति 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक रह सकता है। 25 व 26 जनवरी को आंशिक बादल रहेंगे। ठंडक बनी रहेगी। अधिकतम तापमान 17 से 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री रह सकता है।

प्रदूषण की जांच में पोर्टल पर विडियो डालना ज़रूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने पल्यूशन जांच के दौरान गाड़ी का एक विडियो वाहन पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी कर दिया है। पल्यूशन कंट्रोल डिवीजन ने राजधानी के सभी PUC सेंटर को आदेश जारी किया है। इसकी अनदेखी करने वाले PUC सेंटर पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसमें लाइसेंस का सस्पेंशन या रद्द करने जैसी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। दिल्ली में कुल 950 से अधिक PUC सेंटर हैं। बिना PUC जांच वाली गाड़ियों के ईंधन पर भी रोक है।

ट्रांसपोर्ट अफसरों के मुताबिक साल 2023 में पल्यूशन जांच के दौरान गाड़ियों का फोटो और विडियो बनाने का आदेश दिया गया था। मगर बीते दिनों एक रैंडम जांच में पाया गया है कि PUC सेंटर फोटो तो खींच लेते हैं, लेकिन विडियो नहीं बनाते। जो लोग विडियो बना भी रहे हैं उसकी क्वॉलिटी खराब है। कुछ विडियो में गाड़ी की नंबर प्लेट भी दिखाई नहीं देती है। इसलिए आदेश जारी कर इसका कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।

ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने आदेश में साफ बताया है कि पल्यूशन जांच के दौरान गाड़ी की क्या-क्या चीजें रिकॉर्ड होनी चाहिए। इसमें गाड़ी की नंबर प्लेट साफ-साफ दिखाई देनी चाहिए। PUC सेंटर के आसपास का सीन, जिससे गाड़ी की फिजिकल मौजूदगी प्रमाणित हो सके। जांच के दौरान जांच के लिए गाड़ी के एग्जॉस्ट पाइप में सही ढंग से लगाया गया प्रोब दिखाई देना चाहिए। 27 PUC सेंटर्स को नोटिस जारी करके कार्रवाई भी की गई है।

विडियो अपलोड करना जरूरी क्यों?

कई बार PUC सेंटर की मिलीभगत से बिना सही जांच के ही PUC सर्टिफिकेट दे दिया जाता है। कई मामले ऐसे भी आए हैं कि गाड़ी सेंटर तक गए बिना ही PUC जारी कर दिया गया। इसलिए सरकार ने अब पल्यूशन जांच करते समय गाड़ी का विडियो बनाकर उसे पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी किया है। इससे गाड़ी की मौजूदगी सुनिश्चित हो सकेगी। गलत तरीके से PUC जारी करने पर भी रोक लगेगी। यह कदम पल्यूशन पर रोक को और प्रभावी बनाने में भी मदद करेगा। दिल्ली में गाड़ी का PUC नहीं होने पर 10 हजार रुपये का चालान हो सकता है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन
छठा तल, बी. विंग, विकास भवन-2, सिविल लाईन्स
नई दिल्ली-110054 — दूरभाष 011-23812902/03

F1-13/2/2020-Estt./

रिक्रूटमेंट नोटिस

दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन पी.एम. अभीम के अंतर्गत फॉर्मासिस्ट (Pharmacist) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आमंत्रित कर रहा है। साक्षात्कार से पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 07 फरवरी 2026 है। नियुक्ति पूरी तरह अनुबंध के आधार पर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नीति के अनुसार होगी। पदों के विवरण, पात्रता और साक्षात्कार की तारीख और रजिस्ट्रेशन के लिंक के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://dshm.delhi.gov.in पर जाएं।

कृते
मिशन निदेशक
दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन

DIP/Shabdarth/Classified/0414/25-26

28 स्कूलों में लगेंगे वॉटर कूलर और RO

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: MCD शाहदरा नॉर्थ जोन के तहत आने वाले 28 स्कूलों में RO और वॉटर कूलर लगाए जाएंगे। इससे इन स्कूलों में पढ़ने वाले 22,000 से अधिक बच्चों को पीने के लिए साफ पानी मिलेगा। एजुकेशन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि RO और वॉटर कूलर नैशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (NFL) द्वारा CSR के तहत लगाए जाएंगे। NFL द्वारा इस परियोजना के लिए 50 लाख रुपये के CSR फंड को बोर्ड ने स्वीकृति दे दी है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।

> MCD के शाहदरा नॉर्थ जोन के स्कूलों में लगेंगे

अब GRAP-3 लगा तो देना पड़ेगा डबल पार्किंग चार्ज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



अब GRAP-3 लगते ही दिल्ली में सभी जगहों पर लोगों को डबल पार्किंग चार्ज देने होंगे। पर्यावरण विभाग ने इसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। डीएमआरसी की पार्किंग को इससे बाहर रखा गया है। GRAP-4 लगने पर भी डबल चार्ज की व्यवस्था जारी रहेगी।

पर्यावरण विभाग का यह नोटिफिकेशन 8 जनवरी का है। इसे वेबसाइट पर 22 जनवरी को अपलोड किया गया। इस नोटिफिकेशन के बाद GRAP-2 को लेकर कन्फ्यूजन बढ़ गया है। सीएक्यूएम ने 13 दिसंबर को GRAP-2 में बदलाव किए थे। इन बदलावों में पार्किंग फीस बढ़ाने संबंधित नियम GRAP-2 में शामिल किए गए हैं। ऐसे में नोटिफिकेशन के बाद GRAP-2 का यह नियम राजधानी में लागू होगा या नहीं इसे लेकर भ्रम बढ़ रहा है। डीएमआरसी पार्किंग को छूट देने की वजह बताई है कि वह लोगों को पार्क एंड राइड की सुविधा देती है।

> DMRC की पार्किंग को इससे रखा गया है बाहर

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

क्यों हुआ ऐसा

दरअसल 3 दिसंबर 2025 को इन बदलावों के निर्देश जारी कर दिए गए थे। इसमें एलजी ने उस समय लागू GRAP-3 और 4 के तहत यह पार्किंग चार्ज बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इसका नोटिफिकेशन जारी करने में समय लगा। उसी समय के GRAP के आधार पर यह नोटिफिकेशन जारी कर दिया। जबकि इस समय यह जारी हुआ उस समय सीएक्यूएम ने GRAP में बदलाव कर इस नियम को GRAP-2 में शामिल कर लिया। जबकि नोटिफिकेशन पुराने निर्णय के आधार पर हुआ।

अस्पताल-एंबुलेंस अलर्ट मोड पर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : गणतंत्र दिवस को लेकर एलएनजेपी, जीबी पंत समेत कई अस्पतालों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा सामान्य दिनों की अपेक्षा डॉक्टर, नर्स और कर्मचारियों की अतिरिक्त ड्यूटी भी लगाई गई है। इस दौरान ड्यूटी करने वाले डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ को अलग से ट्रेनिंग दी गई है।

एलएनजेपी में 70 बेड का डिजास्टर वॉर्ड तैयार किया गया है। यहां पर स्पेशल डॉक्टर से लेकर नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को तैनात किया गया है। जो इमरजेंसी हालात में स्थिति को संभालेंगे। इसके लिए डॉक्टरों और नर्स को ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही जीबी पंत अस्पताल के इमरजेंसी हालात को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। सूत्रों का दावा है कि यहां भी कुछ बेड को रिजर्व किया गया है ताकि आपात स्थिति पर मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो सके।

> LNJP में 70 बेड का डिजास्टर वॉर्ड तैयार किया गया है

भोपाल-दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गणतंत्र दिवस के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भोपाल और हजरत निजामुद्दीन के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। नॉर्दन रेलवे के अनुसार, यह ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जाएगी। रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 02155/02156 भोपाल जंक्शन और हजरत निजामुद्दीन जंक्शन के बीच चलने वाली यह ट्रेन कुल चार फेरे लगाएगी। भोपाल से हजरत निजामुद्दीन के लिए ट्रेन 24 और 26 जनवरी को चलेगी, जबकि हजरत निजामुद्दीन से भोपाल के लिए यह ट्रेन 25 और 27 जनवरी को चलाई जाएगी। इस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन में यात्रियों के लिए एसी, स्लीपर और जनरल कोच लगाए जाएंगे। ट्रेन बीना, झांसी, आगरा कैंट और मथुरा स्टेशनों पर भी रुकेगी।

> यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए की गई है तैयारी

गणतंत्र दिवस

हर मन में भर जाता है देशभक्ति का रोमांच

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

'मौका मिले तो बार-बार जाना चाहूंगी यहां'

मुझे और मेरे पति को 26 जनवरी 2023 की गणतंत्र दिवस परेड देखने का सौभाग्य मिला। मन देशभक्ति, गर्व और रोमांच से भर उठा था। राज पथ जो अब कर्तव्य पथ कहलाता है, उस पर अत्याधुनिक हथियार और रंग-बिरंगी झांकियां रोमांच पैदा कर रही थीं। मुझे यदि मौका मिले तो मैं बार-बार गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में जाना चाहूंगी। *-अलका रानी*

'यहां दिखती है देश के हर राज्य की संस्कृति'

एक मित्र के द्वारा 2024 में गणतंत्र दिवस की परेड देखने का सुखद अवसर दरियागंज में लगे बैरिकेड के साथ प्राप्त हुआ जो मेरे जीवन का सबसे उल्लासपूर्ण क्षण रहा। भारत के हर राज्य की संस्कृति की झलक दिखाती मनोहर झांकियां बरबस ही मन को मोह लेती हैं, वहीं सेना के जवानों के कौशल को देखकर फक्र महसूस होता है। *-नीलिमा सिंघल*

RDAY लाइव ▸

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी है। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

स्मृति-सुमन

स्व. श्री खजान सिंह गोयल
24.01.1925 - 19.09.2010
फाउंडर चेयरमैन - केसरुस ग्रुप

सदा मिले आपकी दुआ।
सिर पर आपका हाथ हो।
जीवन में हर मोड़ पर सदा आपका आशीर्वाद हो ।।

सदैव समाज को अपनी कीर्ति से आलोकित करने वाले पूजनीय बाबू जी के जन्मदिवस के अवसर पर हम उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं।

प्यार भरी यादों में
फैमिली, ब्रदर्स एंड स्टाफ मेंबर्स

केसरुस ग्रुप
सोनीपत, हरियाणा और दिल्ली

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

In the loving memory of
SMT. NEELAM LATA
(RTD. ACP, DELHI POLICE)
(10-06-1949 - 24-01-2024)
Though life moves forward, our hearts are still paused in the moment we lost you.
We love you Mom.
Anand Darshan Kalra & Bhavna Kalra
9810888917

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss."

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India (Delhi/NCR)	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

'Life is one eternal struggle between the forces of good and evil.'
Shree Spitz Zarathushtra

आज विजय चौक से इंडिया गेट तक रिहर्सल

ट्रैफिक पुलिस ने दी लोगों को सलाह, एक्स्ट्रा टाइम लेकर घर से निकलें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह के सिलसिले में 24 जनवरी यानी आज सुबह विजय चौक से इंडिया गेट तक परेड की रिहर्सल की जाएगी। इसके चलते विजय चौक, कर्तव्य पथ और इंडिया गेट के बीच ट्रैफिक की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी।

ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक परेड समाप्त होने तक रफी मार्ग, जनपथ और मानसिंह रोड से कर्तव्य पथ पर क्रॉस ट्रैफिक प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में लोग मदर टेरेसा क्रेसेंट रोड, सिकंदरा रोड, फिरोजशाह रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग और मोतीलाल नेहरू मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अनुरोध किया है कि धैर्य बनाए रखें और नियमों का पालन करें। ताजा अपडेट के लिए ट्रैफिक पुलिस के फेसबुक पेज, X हैंडल और हेल्पलाइन के माध्यम से भी अपडेट प्राप्त करते रहें।

सामान्य जनता के लिए निर्देश : किसी भी अज्ञात वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तुरंत निकटतम ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को सूचना दें। पैराग्लाइडर, पैरामोटर, हैंग ग्लाइडर, UAV/UAS, माइक्रोलाइट विमान, रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के पावर्ड विमान, क्वाडकॉप्टर अथवा विमान से पैराजंपिंग जैसी हवाई गतिविधियां एक फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेंगी। मेट्रो सुबह 3 बजे से चलेगी।

कुछ स्टेशनों पर बंद रहेगी एंट्री-एग्जिट

डीएमआरसी ने यात्रियों से अपील की है कि वह सुरक्षा जांच से बचने व आसानी से कर्तव्य पथ तक पहुंचने के लिए मेट्रो का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। यात्रियों की सहूलियत के लिए मेट्रो नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर पार्किंग सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी, जिससे समारोह में शामिल होने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिल सके। हालांकि गणतंत्र दिवस परेड के समय कुछ स्टेशनों पर प्रवेश व निकास अस्थायी रूप से बंद रहेगा, जिसमें आईटीओ, केंद्रीय सचिवालय और लाल किला स्टेशन शामिल। परेड खत्म होने के बाद दोबारा से एंट्री व एग्जिट शुरू कर दिया जाएगा।

25 और 26 को रेलवे स्टेशनों पर 'नो पार्किंग'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : रेलवे प्रशासन ने दिल्ली के चार बड़े रेलवे स्टेशनों पर 25 और 26 जनवरी को सभी अधिकृत पार्किंग स्थलों को पूरी तरह बंद रखने का फैसला लिया है। यह आदेश नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन और आनंद विहार टर्मिनल पर लागू होगा। इसके अलावा नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल और दिल्ली सराय रोहिल्ला पर सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन पर रोक लगा दी गई है।

रेलवे के अनुसार, इन स्टेशनों पर पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकिंग से मुक्त रखे जाएंगे।

> सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन पर भी रोक रहेगी

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: vivek.kumar4 Time: 01-23-2026 21:47 Color:

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 01-23-2026 22:57 Color:

10 दिन से लापता बच्चे का शव नाले में मिला

■ NBT रिपोर्ट, कालिंदी कुंज

खास टीमें बनाई गई थी
- परिवार ने जताया हत्या कर नाले में फेंकने का अंदेशा, पुलिस कर रही जांच
- बच्चे की तलाश के लिए 16 पुलिसकर्मियों की विशेष टीम गठित की थी

कालिंदी कुंज में दस दिन से लापता 3 साल के बच्चे का शुक्रवार को नाले में शव मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कालिंदी कुंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप है कि अगर पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो शायद बच्चे को खोजा जा सकता था। वहीं, पुलिस अधिकारी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए लोकल पुलिस के अलावा डिस्ट्रिक्ट की स्पेशल स्टाफ को लगाया गया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, राजू परिवार के साथ पिछले छह महीने से जैतपुर खड्डा कॉलोनी में रहते हैं। वह ऑटो ड्राइवर है। परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद का रहने वाला है। राजू के परिवार में माता, पिता, भाई, बहन, पत्नी और एक बेटी है। बेटे अरमान की लाश मिली है। राजू के भाई इमरान ने बताया कि 13 जनवरी को वह अपने घर में थे, उस समय उनका भतीजा अरमान अपने घर के बाहर खेल रहा था। करीब दो बजे तक वह घर के बाहर ही खेलते हुए देखा गया था। इसके बाद से वह अचानक गायब हो गया। परिजनों ने जैतपुर खड्डा कॉलोनी और उसके आस-पास उसे खोजा। काफी खोजबीन करने के बाद जब वह नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। वहीं परिजनों ने शक जताया है कि बच्चे की हत्या कर शव को फेंका गया है।

डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार, पारिवारिक स्तर पर सूचना देने में हुई देरी के कारण बच्चे के गायब होने का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच माना गया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत केस दर्ज कर जांच शुरू की। डीसीपी के अनुसार बच्चे की तलाश के लिए 16 पुलिसकर्मियों की विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान इलाके और आसपास की गलियों में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसके साथ ही घटना के समय इलाके से गुजरने वाले 80 से अधिक टीएसआर (ऑटो) ड्राइवर से पूछताछ की गई। इसके अलावा पुलिस ने घर-घर जाकर पूछताछ की और साथ ही बच्चों के आश्रय गृहों और पड़ोसी थानों जैतपुर, बदरपुर और पल्ला से भी बातचीत की। दक्षिण-पूर्व डिस्ट्रिक्ट की ऑपरेशन टीम को भी लगाया गया, ताकि किसी संगठित अपहरण गिरोह की संभावना को सिरे से खारिज किया जा सके। लगातार तलाश के बीच शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे बच्चे का शव नाला रोड, जैतपुर में एक नाले से बरामद हुआ, जो शिकायतकर्ता के घर के पास ही स्थित है। पुलिस के मुताबिक शव पानी में अधिक समय तक रहने के कारण फूला हुआ पाया गया। मामले में जांच जारी है।

22 लाख लोगों के सामने पानी का संकट

दो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी उत्पादन आधे से भी कम, 20 विधानसभा क्षेत्रों में होती है सप्लाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

वजीराबाद और चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों से दिल्ली के जिन 20 विधानसभा क्षेत्रों के 22 लाख लोगों की प्यास बुझती है, उन्हें अभी और कई दिनों तक पानी की किल्लत हो सकती है। दरअसल, यमुना में अमोनिया लेवल अब भी कम नहीं हुआ है। शुक्रवार को यमुना में अमोनिया लेवल 5 पीपीएम रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य की तुलना में करीब 5 गुना अधिक है। अफसरों का कहना है कि जब तक यमुना के पानी में अमोनिया लेवल 0.9 या एक पीपीएम नहीं होता, तब तक दोनों प्लांटों को पर्याप्त मात्रा में कच्चा पानी नहीं मिलेगा। ऐसे में वॉटर सप्लाई की स्थिति बेहतर नहीं हो सकती।

जल बोर्ड अफसरों के अनुसार वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई का दायरा 123 वर्ग किमी है। इस प्लांट से नॉर्थ, सेंट्रल और पुरानी दिल्ली सहित कुल 11 विधानसभा क्षेत्रों में पानी सप्लाई किया जाता है। वजीराबाद प्लांट से रोजाना कुल 131 एमजीडी पानी सप्लाई होता है। इसी तरह से चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से 96 वर्ग किमी एरिया में पानी सप्लाई होता है। इस प्लांट से 9 विधानसभा क्षेत्रों में पानी सप्लाई किया जाता है और प्लांट की कुल क्षमता 95 एमजीडी है। इस तरह से दोनों वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों से दिल्ली के कुल 20 विधानसभा क्षेत्रों में पानी सप्लाई किया जाता है। दोनों प्लांटों में कच्चे पानी का स्रोत यमुना वॉटर है। जो वजीराबाद रिजर्वायर से उठाया जाता है।

File Photo

शुक्रवार को यमुना में अमोनिया लेवल 5 पीपीएम रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य की तुलना में करीब 5 गुना अधिक

इस वजह से भी बढ़ गई दिक्कत

अफसरों का कहना है कि वजीराबाद और चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में नहर का पानी लाने के लिए हैदरपुर से ट्वीन लाइन बनाई गई है, जिससे कच्चा पानी आता है, लेकिन मुनक नहर से कच्चा पानी कम सप्लाई होने से वहां पानी ही नहीं आ रहा था। इससे दोनों प्लांटों में पानी उत्पादन बिल्कुल बंद ही गया था।

वजीराबाद प्लांट से जुड़े हैं ये इलाके: संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, बुराड़ी, मॉडल टाउन, केशवपुरम, पंजाबी बाग, शकूर बस्ती, जहांगीरपुरी, पीरागढ़ी, अवंतिका, पीतमपुरा, शालीमार बाग

चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े हैं ये इलाके: सराय रोहिल्ला, गुलाबी बाग, नारायणा विहार, नेहरू नगर, बलजीत नगर, प्रेम नगर, पंजाबी बस्ती, सदर बाजार, करोल बाग, पहाड़गंज, पटेल नगर, झंडेवाला, बापा नगर, देव नगर, ओल्ड राजेंद्र नगर, कश्मीरी गेट, आरके पुरम और तुर्कमान गेट

मुनक नहर में पानी कम होते ही हाहाकार, रिपेयरिंग रोकी

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** मुनक नहर में रिपेयरिंग के चलते पानी कम होते ही दिल्ली में महज दो दिनों में ही हालात बिगड़ गए। लगभग हर इलाके में पानी की भारी किल्लत देखने को मिली। हालात गंभीर होते देख दिल्ली सरकार ने हरियाणा सरकार से नहर की रिपेयरिंग का काम रोकने का कहा। इसके बाद शुक्रवार से काम बंद कर दिया गया है। जल बोर्ड अफसरों का कहना है कि शुक्रवार को सुबह रेगुलेटर खोल दिया गया है। शनिवार सुबह से पानी सप्लाई की हालत बेहतर हो सकती है। जल बोर्ड के मुताबिक शनिवार से हैदरपुर, द्वारका, बवाना और नांगलोई वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स से जिन इलाकों में पानी सप्लाई होती है, वहां हालात सामान्य हो सकते हैं।

आज से पानी सप्लाई के हालात सुधरने की उम्मीद

दिल्ली से 70 किमी दूर चल रहा था काम: अफसरों के अनुसार दिल्ली से करीब 70 किलोमीटर दूर खुबड़ू के पास NHAI की सड़क निर्माण गतिविधियों के कारण मुनक नहर का एक हिस्सा खराब हो गया था। इसी वजह से नहर के करीब 200 मीटर हिस्से की रिपेयरिंग की योजना बनाई गई थी। हरियाणा के सिंचाई विभाग ने 20 जनवरी से यह काम शुरू किया था, जिसे 4 फरवरी तक पूरा किया जाना था। रिपेयरिंग के चलते खुबड़ू रेगुलेटर बंद कर दिया गया था।

File Photo



गणतंत्र दिवस को देखते हुए रोका गया काम

अफसरों ने बताया कि अगले दो दिनों में गणतंत्र दिवस समारोह के कारण देशभर से बड़ी संख्या में लोग दिल्ली पहुंचे हैं। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने हरियाणा से रिपेयरिंग फिलहाल टालने को कहा। मुनक नहर दिल्ली पहुंचने पर दो ब्रांच में बंट जाती है। एक डीएसबी और दूसरी सीएलसी। डीएसबी से दिल्ली को रोज 178 एमजीडी और सीएलसी से 369 एमजीडी पानी मिलता है।

दिल्ली को कहां से कितना पानी मिलता है

नहर	पानी की मात्रा
डीएसबी नहर	178 एमजीडी
सीएलसी नहर	369 एमजीडी
गंग नहर	254 एमजीडी

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

MISSION / ADMISSION

Association of Holistic, Spiritual & Astrological Sciences (Regd.)
भारतीय ज्योतिष पाठ्यक्रम
LEARN
HINDU ASTROLOGY, PALMISTRY,
LAL KITAB, NUMEROLOGY, VASTU, TAROT,
SPIRITUAL HEALING, K.P & FACE READING
Classes Every Sunday by 40 Yrs Experienced Faculty
Now online classes only @ googlemeet app
at J.V.S.D. Girls Sr. Sec. School, Opp. Hanumanji Statue, Jhandewalan, Karol Bagh, New Delhi-110005
Visit: www.ahsasastrology.in Email: ahsasastro@gmail.com
Call: 9971847941 (what's app), 9810632139 | 7011304511

PROPERTY FOCUS TIMES interact

PRIME PROPERTIES
For Sale in Greater Noida (Delhi NCR)
HOSPITAL Plot 5 ACRE | COLLEGE (Ready to Move) 5 ACRE/ 3 LAC SFT BUA
IT/ ITES Plot 10 - 75 ACRE | UNIV / COLLEGE Plot 50 ACRE
Golden Opportunity
To schedule a Visit: 9319193913, 9319193919
Approved by: Greater Noida Development Authority
Exclusively Marketed by: VASTUDEV www.vastudev.in

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
NOTICE is hereby given to the general public that certain original title deeds and municipal documents pertaining to part of commercial property bearing Municipal Nos. 4670-4673, Ground Floor, 21 No. Ansari Road, Daryaganj, New Delhi - 110002, have been lost/misplaced inadvertently.
The said property is commercial in nature and is jointly owned by Smt. Indra Gupta, W/o Late Shri Sushil Kumar Gupta, and Smt. Kusum Gupta, W/o Shri Anil Kumar Gupta, and is presently leased to M/s Gupta Tobacco Company.
The lost original documents include, inter alia:
1. Original Sale Deed dated 28.12.1956, registered with Sub-District No. 1, Kashmere Gate, Delhi.
2. Original Will dated 05.04.1978.
3. Original Sale Deed dated 16.06.1989, registered with Sub-District No. 1, Delhi.
4. Original Sale Deed dated 18.05.2001, registered with Sub-Registrar-III, New Delhi.
5. Original Mutation Letter dated 28.11.1989, issued by the Municipal Corporation of Delhi in favour of the owners.
6. Original Mutation Letter dated 20.05.2003, issued by the Municipal Corporation of Delhi in favour of the owners.
7. Original house tax receipts and other related municipal records, along with some miscellaneous papers.
An NCR / e-Lost report has already been lodged with the concerned police authorities in this regard.
Any person who may find the above-mentioned documents or has any claim, objection, or interest of whatsoever nature in or upon the above-mentioned property or has any information regarding the same is requested to inform the undersigned within 15 days from the date of publication of this notice. Failing which, it shall be presumed that no person has any objection or claim, and the owners shall proceed to obtain certified copies/duplicate documents from the concerned authorities at their own risk and responsibility.
Mohit Gupta (Advocate)
Lawyers Chamber No. 273,
Delhi High Court, New Delhi
Mobile: 9654681236
Email: mohitadv@yahoo.com

निविदाएं (टेंडर्स)

TENDER NOTICE
ROSEATE | ROSEATE HOUSE
Sealed tenders are invited from reputed vendors on the prescribed form for the supply of below mentioned categories of food and other items to Roseate Hotels & Resorts (TRND, RHND, ISKATE, JEWAR HOTEL AND TRG) for the period: 01.04.2026 to 31.03.2027.
Food Item:- Perishable
(A) Fresh Fruits & Vegetables (B) English Vegetables and Imported Fruits (C) Milk & Milk Products, (D) Indian and Imported Cheese (E) Mutton (F) Chicken (G) Fish & Sea Food (Fresh & Frozen) (H) Tenderloin, Pork (I) Frozen Meat Product's Indian & Imported (J) Eggs (K) Fresh Mushroom (L) Bread & Noodles (M) Ice Cream / Kulfi (N) French Fries, Frozen Green Peas and Corn
Non Perishable
(A) Groceries & Spices (B) Dry Fruit (C) Pulses & Flours (D) Imported Groceries & Canned Item
Others- (A) Office stationery (B) Biodegradable-Garbage and butchery bags (C) Gel fuel (D) Cleaning supplies (E) Disposable and paper products (F) Guest Amenities & Toiletries (G) Candles (T-Lights & Pillar), Garbage segregation and lifting.
Tender forms are available in our Purchase Office at Roseate House, Aerocity New Delhi, Contact No- 09910034869, +91 98217-75083, +91 11 7155 8860 on any working day from 24.01.2026 to 31.01.2026 between 1100 hrs. & 1600 hrs. on cash payment of Rs.1500/- for each category (Non-Refundable). The last date of receipt of sealed tenders is 02.02.2026 till 1600 hrs. The Management reserves the right to accept or reject any tenders in full or in part without assigning any reasons whatsoever.

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड)
नेफेड भवन, आश्रम चौक, रिंग रोड, नई दिल्ली - 110014
प्रस्ताव के लिए अनुरोध
NAFED महाराष्ट्र में प्लॉट नं. 46/2, सेक्टर-18, वाशी, नवी मुंबई में टर्नकी आधार पर कोल्ड स्टोरेज और अन्य सामान के डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के लिए कंसल्टेंसी एजेंसी की नियुक्ति के लिए ईमेल estatedivision@nafed-india.com के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मोड में बोलियां आमंत्रित करता है। विस्तृत नियम और शर्तें वाला RFP दस्तावेज़ NAFED की वेबसाइट: https://www.nafed-india.com/public/tender/1/2026-01/2026-01-22_21-07-23.pdf से डाउनलोड किया जा सकता है। RFP जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 29.01.2026 दोपहर 3:00 बजे तक।
RFP No. Nafed/HO/Estate/VASHI-CONSTRUCTION/RKVY/04/2025-26
Dated: 22-01-2026.
मैनेजर (एस्टेट)
NAFED, HO

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
बैंक के मुस्कान आवर्ती जमा (आरडी) खाता धारकों के लिए समूह सावधि जीवन बीमा पॉलिसी नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP), अवधि 27.02.2026 से 26.02.2027 तक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीईएम पोर्टल (जीईएम बोली संख्या जीईएम/2026/ बी/7139171 दिनांक: 22.01.2026) के माध्यम से बैंक के मुस्कान आवर्ती जमा (आरडी) खाता धारकों के लिए समूह सावधि जीवन बीमा पॉलिसी नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP), अवधि 27.02.2026 से 26.02.2027 तक के लिए दो बोली प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। अतिरिक्त विवरण बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और GeM पोर्टल https://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं। निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक है।
बैंक कोई भी / सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है।
सहायक महाप्रबंधक

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
लेखा
अकाउंटेंट (लेखाकार)
कार्य ईंट्री ऑपरेटर चाहिए, जो BUSY सॉफ्टवेयर चलाना जानता हो, पटेल नगर के आस-पास रहने वालों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें मोहनजी: [illegible]
प्रशासन
डिलवरी बॉय
[illegible]
अन्य रिक्तियां
चालक
कमाओ दिन के रु. 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी ड्राइवर चाहिए। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी ड्राइवर ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें - 011-[illegible]
एकाधिक रिक्तियां
WANTED Sales Executive, 2/3 years exp. Mechanical Diploma/ITI holder. Apply with bio-data at Em: info@pesgroup.co.in / 011-[illegible]
पार्ट टाइम जॉब
पार्ट टाइम फुल टाइम काम के लिए कुछ लोगों की जरूरत है दिल्ली वाले संपर्क करें: Student, Housewife, Girls, Retd Person Businessman. # [illegible]
सेवाएं
खानपान
होम कुक/शेफ के लिए नौकरी
Vacancy For Home Cook / Chef
इंडियन वेज खाना बनाना आना चाहिये
घर में काम करने का अनुभव होना चाहिये
रहना, खाना और कागज-पत्र कंपनी देगी
केवल पुरुष भर्ती (उम्र 20 से 33 वर्ष)
वेतन हुनर और अनुभव के हिसाब से
यह नौकरी डायरेक्ट है, कोई भी एजेंसी या कमीशन नहीं है
जगह: दुबई
+91-9560854998

रिक्त पद
आवश्यकता: VIP फैमिली हेतु पढ़ी-लिखी घरेलू सहायिका (Maid/Nanny) । Salary: 35,000 + महीना। रहना - खाना मुफ्त। कॉल/व्हाट्सएप: [illegible]
ऑटो
प्री ओन्ड वीकल्स
मारुति
MARUTI CIAZ White, Automatic, 97K KM, 1st owner, Mint cond looks new, Nov 2016 registration, Rs 390000. Ins 25-26 paid, Owner leaving S Delhi arup67@gmail.com [illegible]
व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
मैं, एन पाजिनी पुत्री एन नेली, निवासी 189बी, अर्जुन नगर, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली-110029 और स्थायी निवासी तक पुदुनमेई, सेनापति मणिपुर, 795106, ने दिनांक 22.01.2026 को नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम बदलकर नेली पाजिनी कर लिया है। मैं घोषणा करती हूं कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते हैं।
I, Shivani Bansal W/o Aagosh Singal R/o 5/6, Roop Nagar, Delhi-110007 have changed my name to Shivani Singal for all future purposes.
I Jaswant Singh W/o Sushil Kumar Singh R/o O-504, Amrapali Princely Estate, Sector-76, Noida have changed my name from Jaswant Singh to Jaswant for all future purposes
I have changed my name KULDEEP SINGH to KULDEEP SINGH GAUTAM S/o DHARAM SINGH GAUTAM H.NO. D-40, 3RD FLOOR, RAJPUR KHURD COLONY, RAJPUR KHURD, EGNU, SOUTH DELHI, DELHI-110068 forever.

HEALTH & WELLNESS TIMES interact
विवाहित जीवन में पायें नई खुशियाँ नया जोश नई उमंग
SEX समस्या आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाश दवाखाना
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली
9953396533 8860003863
सैक्स ट्रीटमेंट के लिए व प्रोस्टेट का बिना ऑपरेशन आयुर्वेदिक इलाज
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली।
9811092140
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
शीश महल आंमलाई, PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041
9811564909 9210990444
बचपन की गलतियों से बने गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
बदरपुर दरियागंज भजनपुरा छतरपुर
E-2, Opp Petrol Pump Shajanpura
9817469817
SEX PROBLEMS?
कमजोरी-सफेद पानी कम शुक्राणु-बेऔलाद?
सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-सलाह लें
Since-1986
कौशिक क्लिनिक
9810-272-172
CONTACT HAPPY MARRIAGE LIFE
डा.शेरा
फरीदाबाद
9410000016
SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹955
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
मंगोलपुरी कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

GALLERIA TIMES interact

To book your Shopping ads
Please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | PROPERTY | BUSINESS | RECRUITMENT, EDUCATION | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | SHOPPING | TENDER, PUBLIC NOTICE | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: cci Time: 01-23-2026 22:00 Color:

कई बच्चों को मिलीं 5 से ज्यादा सीटें तो कुछ को एक भी नहीं

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** नर्सरी की एक-एक सीट के कॉम्पिटिशन के बीच कई बच्चों का नाम पांच से भी ज्यादा स्कूलों में आया है, तो कई बच्चों का नाम किसी लिस्ट में नहीं है। कई पैरेंट्स के लिए नर्सरी की पहली लिस्ट शुक्रवार को अच्छी खबर लेकर आई, तो कई पैरेंट्स वेटिंग लिस्ट में भी बच्चे का नाम ना आने पर परेशान नजर आए। अगले कुछ दिन इस लिस्ट के आधार पर एडमिशन होंगे। दूसरी लिस्ट 9 फरवरी को आएगी। कई पैरेंट्स ने 25-30 स्कूलों में अप्लाई किया था। पहली लिस्ट और वेटिंग लिस्ट में नाम ना देखकर वे परेशान हैं। हालांकि, स्कूलों का कहना है कि जिन स्टूडेंट्स का नाम एक से ज्यादा स्कूलों में आया है, वे सीटें छोड़ेंगे और दूसरी लिस्ट में कई बच्चों का चांस बनेगा। पहली लिस्ट में जिस भी स्कूल में नाम आया है, पैरेंट्स को बिना देरी एडमिशन ले लेना चाहिए। बाद में वे पसंद का स्कूल मिलने पर स्कूल बदल सकते हैं।

द्वारका में रहने वाले जतिन कहते हैं, मैंने 10 स्कूल में अप्लाई था और चार स्कूलों में बच्चे का नंबर आया है। अब तक मैंने स्कूल देखे नहीं हैं। पटेल नगर में रहने वाले दीपांशु राघव कहते हैं, मैंने बच्ची के लिए 22-23 स्कूलों के फॉर्म भरे थे। 10-15 मेरे फोकस में थे। तीन स्कूल में नाम आया तो मुझे खुशी है। वसंत कुंज में रहने वाली स्वाति शर्मा को पहली लिस्ट में पसंद का स्कूल नहीं मिला है। वह बताती हैं, मेरे बेटे के लिए मुझे सीट मिल गई है, मगर यह स्कूल मेरी प्रायोरिटी में बिल्कुल नहीं था।

2020 पीएचडी बैच को मिली राहत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** JNU के 2020 बैच के पीएचडी स्टूडेंट्स को हॉस्टल छोड़ने के लिए एक सेमेस्टर यानी 6 महीने का वक्त और दिया गया है। JNU स्टूडेंट्स यूनियन ने बताया कि बाकी दो पीएचडी बैच- 2018 और 2019 के लिए प्रदर्शन जारी रहेगा। इन सभी स्टूडेंट्स को हॉस्टल छोड़ने के नोटिस दिए गए थे मगर स्टूडेंट्स का कहना है कि उनकी पीएचडी बाकी है, ऐसे में उन्हें एक्सटेंशन दिया जाए। शुक्रवार को JNUSU ने वाइस चांसलर के साथ मुलाकात की, जिसमें 2020 बैच के स्टूडेंट्स को राहत मिली है।

सेशन के बीच में कोर्स में बदलाव पर रोक की मांग

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में बीच सेशन में बीएससी (ऑनर्स) फिनिक्स कोर्स में हुए बदलावों को लेकर टीचर्स ने वाइस चांसलर को इसे तुरंत रोकने की मांग की है। टीचर्स का कहना है, सेमेस्टर के बीच फिनिक्स के क्रेडिट और पेपर स्ट्रक्चर में बदलाव नियमों के खिलाफ है। इससे एक महीने की पढ़ाई पर असर पड़ा है, टीचर्स दिसंबर से इसके लिए तैयारी करते हैं और जनवरी में अचानक बदलाव का फैसला ले लिया गया। DTF ने इसे लेकर वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह को पत्र भी लिखा है और नोटिफिकेशन को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
Tower-F, NBCC World Trade Centre,
Nauroji Nagar, New Delhi-110029

रिक्ति परिपत्र संख्या: C-10/2025-26

सूचना

विषय: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण मुख्यालय में परामर्शदाता (सेवानिवृत्त) को अनुबंध के आधार पर नियुक्त करने के संबंध में।

भादूविप्रा (मुख्यालय) नई दिल्ली में बी एंड सीएस प्रभाग के लिए अनुबंध के आधार पर एक (01) परामर्शदाता (सेवानिवृत्त) को नियुक्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

2. नियुक्ति हेतु विस्तृत नियम और शर्तें, योग्यता तथा अनुभव ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन ऑनलाइन मोड के माध्यम से URL- https://vacancies.trai.gov.in पर भेज सकते हैं। ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30.01.2026 है।

CBC 06202/12/0062/2526

VACANCIES AT AIR FORCE SCHOOL PANCHWATI

1. Application are invited from the eligible candidates for empanelment in permanent and contractual appointments **NTT, PRT (Special Educator), PRT, Headmistress (HM), TGT Health & Wellness, TGT Social Science, TGT Maths, TGT English, Clerk** and **MTS** at AF School Panchwati 13BRD, Air Force Station Palam 110010. Forms to be submitted or posted by **08th February, 2026.**
2. Eligibility criteria and for other details please visit AF School website: **www.afspanchwati.com**

(Reetika Jain) Principal
AF School Panchwati

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
(See Section 84 BNSS (erstwhile 82 Cr.P.C.)



ASHWANI KUMAR NAYAR

WHEREAS complaint has been made before me that accused person namely **Ashwani Kumar Nayar S/o Sh. Surinder Kumar Nayar** has committed (or is suspected to have committed) the offence in case FIR No. RC 221 2023 E 0024, CBI, EO-III, New Delhi and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the accused **Ashwani Kumar Nayar** cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said accused **Ashwani Kumar Nayar** has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant).
Proclamation is hereby made that the said accused **Ashwani Kumar Nayar of CBI Case RC 221 2023 E 0024, CBI, EO-III, New Delhi U/s.1208 r/w 420/406/409 IPC, Section 13(2) r/w 13(1)(d) of PC Act, 1988 is required to appear before this Court to answer the said complaint on or before 02.03.2026.**

By Order
SH. SHAILENDER MALIK,
Special Judge (PC Act)
CBI-21, Room No. 611
Rouse Avenue District Court, New Delhi

SHIRT
upto 60% off
TROUSER & JEANS
SALE
Spl. Range of Casual Shirts
Formal & Party Wear
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | PARK AVENUE | ColorPlus | LOUIS PHILIPPE | Levi's
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

सदैव हमारी स्मृतियों में
स्वर्गीय श्री धरमपाल गर्ग
(21 मई 1946 – 14 जनवरी 2026)
शांतिपूर्वक परमधाम को प्रस्थान कर गए हैं, परंतु उनकी स्मृतियाँ और संस्कार सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।
हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

रस्म पगड़ी
दिनांक: रविवार, 25 जनवरी | समय: सायं 4:00 बजे से 5:00 बजे तक
स्थान:
ताज पैलेस
दरबार हॉल
2, सरदार पटेल मार्ग, डिप्लोमैटिक एन्क्लेव,
चाणक्यपुरी, नई दिल्ली – 110021

धर्मपत्नी
गिन्नी गर्ग

पुत्र एवं पुत्रवधू
अनूज धर्म एवं प्रेरणा गर्ग

पौत्र
आह्निक एवं आरिव गर्ग
चिराग एवं विराज गोयल
पार्थ एवं यथार्थ सिंघानिया

पुत्रियाँ एवं दामाद
भावना गोयल
पल्लवी एवं विजय सिंघानिया

भाई एवं भाभी
मधु गर्ग
सुमन एवं यशपाल गर्ग

भतीजे एवं वधू
गीता गर्ग | मंजू एवं मुकेश गर्ग | अर्चना एवं सुरेन्द्र गर्ग | गुंजन एवं प्रवेश गर्ग | शालिनी एवं नितिन गर्ग | अपर्णा एवं अंकुर गर्ग
कावेरी एवं वरुण गर्ग | स्वर्णिम एवं संचित गर्ग

हमारा स्टाफ, हमारा परिवार
सनस्टार प्रिसीजन फोर्ज लिमिटेड एवं धर्म ग्रुप लिमिटेड

QRG
GROUP

IF MY MIND CAN CONCEIVE IT,
AND MY HEART CAN BELIEVE IT,
THEN I CAN ACHIEVE IT.

"Bheetar se khud ko mazboot banana hoga,
Aati jaati saanson mein utsaah ka pravaah lana hoga.
Paristhitiyaan anukool rahein na rahein,
Par drishtikon ko mazboot banana hoga.
Par drishtikon ko mazboot banana hoga."

You paved the path with your vision of creating an innovative enterprise. You are the inspiration behind every step we take towards making a difference.



Shri Qimat Rai Gupta
Founder Chairman – Havells India Ltd.
(24.01.1937 – 07.11.2014)

HAVELLS | LLOYD | HAVELLS Crabtree | HAVELLS STUDIO | REO | STANDARD

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 01-23-2026 22:39 Color:

मेरी कॉलोनी मेरा शहर

हमें कई इलाकों से सैकड़ों लोग अपने क्षेत्र की समस्याएं रोजाना भेज रहे हैं। उनमें से कुछ हम पब्लिश कर रहे हैं।

टूटी जाली बनी लोगों की परेशानी



रोहिणी सेक्टर 3 के डीडीए जिम पार्क के क्रिकेट प्रैक्टिस ग्राउंड की टूटी जालियों की वजह से क्रिकेट बॉल कई लोगों को घायल कर चुकी है। संबंधित विभाग समस्या का समाधान करे।
-दिलवर सिंह नेगी, रोहिणी

सीवर ओवरफ्लो से बढ़ी दिक्कत



उत्तम नगर के मोहन गार्डन में शुक्र बाजार में हनुमान मंदिर के पास वाली गली में लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। सीवर लाइन में गंदगी जमा होने से परेशानी बढ़ गई है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। -अखिलेश कुमार, उत्तम नगर

गली में भरा गंदा पानी, लोग परेशान

शाहदरा के बलबीर नगर में लंबे समय से सीवर का पानी ओवरफ्लो हो रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। 18 दिसंबर से संबंधित विभाग को फोटो के साथ शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। है।
-गुलेश्वर दत्त शर्मा, शाहदरा

सीवर ओवरफ्लो, बदबू से दिक्कत

जनकपुरी के महावीर एनक्लेव पार्ट 2 के ए ब्लॉक में कई दिनों से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। इससे लोगों की आवाजाही में दिक्कत हो रही है। खासतौर से बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी होती है। -संजय पोद्दार, जनकपुरी

अपने फोटो और विडियो इस वट्सऐप नंबर 9220747220 पर भेज सकते हैं या इस QR कोड को स्कैन करें। मेसेज में अपना नाम जरूर लिखें।

ओपन बर्निंग और रोड पर उड़ रही धूल ने घोला हवा में 'ज़हर'

संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में अक्सर जला दिया जाता है इंडस्ट्रियल कूड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लोगों का आरोप चोरी छिपे लगा दी जाती है आग

संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में जीटी करनाल रोड के आसपास खुले में कूड़ा जलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन इलाके में काला धुआं उठता हुआ देखा जा सकता है, जिससे आसपास के लोग गंभीर परेशानी झेल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित एजेंसियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

पिछले दिनों भी ऐसा ही नजारा संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित श्मशान घाट के पीछे खाली पड़ी जमीन पर देखने को मिला, जहां भारी मात्रा में कूड़ा जल रहा था और दूर-दूर तक काला धुआं फैल गया। स्थानीय निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, लिबासपुर और आसपास के इलाकों में प्लास्टिक और रबर से जुड़ी कई फैक्ट्रियां हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाले कचरे को यहां लाकर खुले में डाल दिया जाता है। बाद में चोरी-छिपे उसमें आग लगा दी जाती है, जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं पूरे इलाके में फैल जाता है। इस धुएं से जीटी करनाल रोड से गुजरने वाले बाइक और स्कूटर सवारों को भी काफी दिक्कत होती है, जबकि आसपास रहने वाले लोगों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी एजेंसियों से मांग की है कि खुले में कूड़ा जलाने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को इस जहरीले धुएं से राहत मिल सके।

आसपास है प्लास्टिक और रबर से जुड़ी कई फैक्ट्रियां



हवा चलने या गाड़ी निकलने पर होती है दिक्कत

नरेला : बदहाल सड़क पर हमेशा उड़ती है धूल

NBT रिपोर्ट, नरेला : पंजाबी कॉलोनी से नरेला सेक्टर A-7 की ओर जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब बनी हुई है। लोगों का कहना है कि उड़ती धूल और गंदगी के चलते राहगीरों को सांस लेने में भी दिक्कत होती है। राहुल ने बताया कि यहां लंबे समय तक सफाई नहीं होती। कई-कई दिनों तक झाड़ू तक नहीं लगाई जाती, जिसके कारण कूड़ा जमा होता चला जाता है। संबंधित विभाग से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

सिंघु बॉर्डर-नरेला रोड पर भी सांस लेना मुश्किल



रोड के दोनों तरफ जमा है काफी मिट्टी

■ **NBT रिपोर्ट, नरेला:** सिंघु बॉर्डर से नरेला की ओर आने वाली मुख्य सड़क पर मिट्टी की परत जमे रहने से राहगीरों और गाड़ी वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह मिट्टी होने और गाड़ियों के निकलने पर उसके उड़ने से धूल के गुबार उठने लगते हैं। स्थिति इतनी खराब है कि लोगों का सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है।

सिंघु बॉर्डर से लेकर फॉरेस्ट नर्सरी तक सड़क के दोनों ओर मिट्टी की मोटी परत जमी हुई है। सड़क की हालत पहले से ही जर्जर है और जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि वे कई बार पानी का छिड़काव करते हैं। इसी तरह नरेला स्थित केंद्रीय विद्यालय से सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क पर भी हालात बदतर हैं। नरेला टर्मिनल A-6 के सामने सड़क पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि केवल इस सड़क पर ही नहीं, बल्कि सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल के आसपास भी सड़क पर मिट्टी जमा होने से धूल उड़ती रहती है।

रोड पर जमी मिट्टी और गड्ढों से बढ़ी लोगों की परेशानी

कृष्णा नगर : खुले घूम रहे मवेशियों से परेशानी

■ NBT रिपोर्ट, कृष्णा नगर



कई बार लोगों पर करते हैं हमला

हनुमान चौक (छठी बिल्डिंग) से लेकर चंदर नगर मोड़ तक करीब 1 किलोमीटर लंबी मेन रोड पर सुबह 5 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक खुले मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे गंदगी फैलने के साथ ट्रैफिक भी प्रभावित हो रहा है। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद MCD कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप गांधी नगर से जुड़े RWA प्रेसिडेंट रविंदर सिंह छाबड़ी ने बताया कि चंदर नगर क्षेत्र की गलियों में कई साल से अवैध रूप से डेयरियां चल रही हैं। मवेशियों का गोबर और डेयरी की गंदगी नालियों में फेंकी जा रही है।

NBT सुरक्षा कवच — बिलकर बनाएं दिल्ली को अपराध मुक्त

लोगों ने बताया कि सुबह से शाम तक मवेशी सड़कों पर घूमते रहते हैं। राहगीरों पर हमला करके उन्हें घायल कर देते हैं। चंदर नगर की गलियों में मवेशियों को अधिक संख्या में देखा जा सकता है। यहां बच्चों और बुजुर्गों को बहुत सावधानी से गलियों से निकलना पड़ता है।

कोटला : लंबे समय से सीवर हो रहा ओवरफ्लो

■ NBT रिपोर्ट, खिचड़ीपुर/कोटला गांव



शिकायत के बाद भी ऐक्शन नहीं

खिचड़ीपुर कॉलोनी के ब्लॉक 5 से 8 तक लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो की समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद दिल्ली जल बोर्ड के संबंधित डिपार्टमेंट की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। NBT सुरक्षा कवच ग्रुप मयूर विहार से जुड़े दिनेश कुमार ने बताया कि सीवर पाइपलाइनों की कई साल से ठीक से सफाई नहीं हुई है। इसी वजह से कॉलोनी के बड़े हिस्से में सीवर ओवरफ्लो होना आम बात हो गई है।

उधर, मयूर विहार फेज-1 के कोटला गांव में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं। गांव की गली नंबर 3 में सीवर ओवरफ्लो की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। NBT सुरक्षा कवच ग्रुप मयूर विहार से जुड़े जगदीश ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई सुधार नहीं किया गया है।

NBT सुरक्षा कवच — बिलकर बनाएं दिल्ली को अपराध मुक्त

लाजपत नगर : रोड पर फेंक रहे कूड़ा

■ NBT रिपोर्ट, लाजपत नगर

लाजपत नगर-2 के G ब्लॉक की पहचान गंदगी के रूप में होने लगी है। लोगों का आरोप है कि ब्लॉक के दोनों तरफ कूड़ा पड़ा रहता है। एनबीटी सुरक्षा कवच लाजपत नगर से जुड़े अनिल कुमार माथुर ने बताया कि यहां कूड़ा फेंकते हुए MCD सफाई कर्मचारियों को भी देखा गया है। उसी की आड़ में प्राइवेट कर्मचारी भी कूड़ा व मलबा आदि फेंक जाते हैं। उसी रोड से कूड़ा उठाने वाली गाड़ी निकल जाती है, लेकिन कूड़ा नहीं उठाती है। लोगों ने बताया कि लंबे समय से यह स्थिति है। ऐसे में संक्रमण रोग फैलने का खतरा रहता है।

NBT सुरक्षा कवच — बिलकर बनाएं दिल्ली को अपराध मुक्त

बुराड़ी : एक्स्ट्रा पानी आने से नाला ओवरफ्लो

लंबे समय से चल रहा है काम

■ NBT रिपोर्ट, बुराड़ी

100 फुटा रोड के नाम से पहचानी जाने वाली बुराड़ी मेन रोड के दोनों तरफ फुटपाथ के नीचे बना CPWD का नाला लंबे समय से ओवरफ्लो हो रहा है। दरअसल, रोड के कई फुट नीचे दिल्ली जल बोर्ड सीवर की मेनलाइन लाइन बिछाने का काम कर रहा है। गहराई से खुदाई के कारण जमीन से निकल रहे पानी को पंप से नाले में बहाया जा रहा है। इससे नाले का पानी ओवरफ्लो होकर तोमर कॉलोनी और उससे जुड़ी साइकल वाली गली सहित अनेक गलियों में जा रहा है। एनबीटी सुरक्षा कवच प्रीत विहार से जुड़े गोपाल चौहान ने बताया कि खुदाई के कारण रोड पूरीतरह से जर्जर हो गई है। उन्होंने बताया कि सीवर पाइपलाइन बिछाने का काम पिछले 2 साल से अधिक समय से चल रहा है। एजेंसियों के बीच तालमेल नहीं होने के कारण समस्या बना हुई है।

NBT सुरक्षा कवच — बिलकर बनाएं दिल्ली को अपराध मुक्त

पानी को लेकर कांग्रेस ने साधा निशाना

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में पीने के पानी का संकट मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार की नाकामी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि 20 जनवरी से लगातार दिल्ली में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे बड़े इलाके में लोग परेशान हैं।

समय पर सस्ता इलाज मुहैया करना हमारी प्राथमिकता: CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार राजधानी को मेडिकल हब के रूप में विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए नए और आधुनिक अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है, मौजूदा अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है, ताकि दिल्ली के हर नागरिक को समय पर, बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह बातें शुक्रवार को बुद्ध विहार फेज-1 में नोवा निधि अस्पताल के उद्घाटन मौके पर कहीं।

सीएम ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकारी प्रयासों के साथ-साथ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है, ताकि इसके सकारात्मक और प्रभावी परिणाम सामने आ सकें। सरकार का लक्ष्य है कि दिल्लीवालों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े और उन्हें अपने ही शहर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों।

मौजूद अस्पतालों को किया जा रहा अपग्रेड: CM

बुध विहार में एक अस्पताल के उद्घाटन पर मौजूद रहीं सीएम

सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर ब्लड डोनेशन कैंप लगा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर त्यागराज स्टेडियम में शुक्रवार को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता ने ब्लड डोनर का उत्साह बढ़ाया। कैंप में करीब 900 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। सीएम ने डोनर्स को डोनर किट भेंट की।

सीएम ने कहा कि बारिश होने के बावजूद लोग इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान करने यहां पहुंचे। 'रक्त की हर बूंद देश के नाम' के संकल्प के साथ यह पहल न केवल जरूरतमंदों के जीवन को बचाने का माध्यम है, बल्कि सुभाष चंद्र बोस के विचारों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नेताजी की जयंती के अवसर पर आयोजित यह अभियान सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है।

त्यागराज स्टेडियम में कार्यक्रम, 900 यूनिट ब्लड डोनेट

मुनक नहर बंद करने का फैसला बड़ी गलती: AAP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी के गहराते संकट के बीच आम आदमी पार्टी का कहना है कि मरम्मत के लिए मुनक नहर को बंद करने का फैसला बीजेपी सरकार की बहुत बड़ी गलती है।

प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि सरकार का कहना है कि 4 फरवरी तक दिल्ली की 60 फीसदी आबादी को जल संकट से जूझना पड़ेगा क्योंकि हरियाणा की इंडस्ट्रियल यूनिट्स से यमुना में ज्यादा अमोनिया आ रही है। सौरभ ने कहा कि जब AAP सरकार यही बात कहती थी, तब एलजी और बीजेपी अपनी हरियाणा सरकार का बचाव करने लगते थे और कहते थे कि AAP राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से दिल्ली का पानी यमुना और उसकी नहरों से आता है। यमुना नदी पर वजीराबाद और चंद्रावल दो बड़े वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट हैं।

सौरभ भारद्वाज ने साधा निशाना

लोगों को गुमराह करने की कोशिश में आप नेता: BJP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि AAP नेता सौरभ भारद्वाज दिल्लीवालों की समस्या उठाने के नाम पर गुमराह करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि पानी को लेकर हरियाणा व दिल्ली सरकार दोनों संवेदनशील हैं।

सचदेवा ने कहा कि यमुना में बढ़े अमोनिया स्तर का कारण हरियाणा में एक लाइन की रिपेयरिंग का काम शुरू होने से डायवर्ट किया गया पानी है। जिसके चलते हरियाणा का पूरा यमुना जल सीधे मेन नदी में डाल दिया गया। दो दिन पूर्व यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ते ही दिल्ली सरकार के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के निर्देश पर दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने हरियाणा के अधिकारियों से बात की है। जिसके बाद हरियाणा ने रिपेयरिंग रोककर फिर से दिल्ली यमुना में पानी छोड़ा है।

पानी पर दोनों सरकारें संवेदनशील हैं : सचदेवा

आतिशी मामले में FSL पंजाब को भेजा रिमाइंडर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आतिशी प्रकरण को लेकर दिल्लीविधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को फरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल), पंजाब को एक रिमाइंडर भेजा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिमाइंडर में जालंधर में दर्ज एफआईआर से संबंधित लंबित फरेंसिक रिपोर्ट 28 जनवरी तक पेश करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार मांगे गए दस्तावेजों में पुलिस प्राधिकरणों से प्राप्त आवेदन और फरेंसिक रिपोर्ट शामिल है। इस मामले को लेकर 16 जनवरी को जारी पत्राचार में 22 जनवरी तक पेश करने का निर्देश दिया गया था। सूत्रों का कहना है कि सचिवालय ने इस सिलसिले में चल रही कार्यवाही के अंतर्गत सभी प्रासंगिक सामग्री को रिकॉर्ड परलाने और समयबद्ध रूप से उनके परीक्षण को सुनिश्चित करने के लिए रिमाइंडर के जरिए फिर से याद दिलाई गई है।

विधानसभा सचिवालय ने दिए निर्देश

यूनिफॉर्म के पैसे देने में कोई खराबी नहीं : HC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) और वंचित समूहों (DG) के बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए सीधे कैश देने की बात कही गई थी।

अधिकारियों को असल में यूनिफॉर्म देने के अपने पिछले निर्देश में बदलाव करते हुए, हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया कि सरकार का "डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर" के जरिए सब्सिडी देने का फैसला शिक्षा का अधिकार (RTE) एक्ट के आदेश के खिलाफ नहीं है। कोर्ट ने आगे कहा कि इस तरीके से यह तय होगा कि स्टूडेंट्स को समय पर यूनिफॉर्म मिल जाए। चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने दिल्ली सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि स्टूडेंट्स को पर्याप्त रकम समय पर और जल्द से जल्द दी जाए।

सरकार की रिव्यू याचिका पर दिया आदेश

'ऐसे कार्य करो कि बुरा समय नहीं आए पास'

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** चिंता हरण मंदिर मानस मार्ग, पटेल धाम, बापरोलापुरी सत्संग में पंडित प्रेम वल्लभ पाठक ने कहा कि लोग बुरे समय के लिए धन बचा कर रखते हैं, लेकिन हमें ऐसे कार्य करने चाहिए कि बुरा समय आए ही नहीं।

धर्म कर्म

शांति विधान: दिगंबर जैन मंदिर निर्माण विहार में उपा. श्री गुप्तिसागरजी के सान्निध्य में श्री शांतिनाथ विधान संपन्न हुआ।

सत्संग आयोजित: हरिहर उदासीन आश्रम, कमला मार्केट में सुयश मुनि महाराज ने वसंत पंचमी और गुरुमहिमा पर प्रकाश डाला। कई संतों ने भाग लिया। प्राचीन शिव मंदिर, संध्यापुरी संन्यास आश्रम आईटीओ में महंत धीरेंद्रपुरी व पं. केशव उपाध्याय ने दुर्गा सप्तशती पाठ संपन्न कराया।

गोरीशंकर धाम करोलबाग में भागवत कथा के समापन पर पं. अभियान शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा सबके लिए हितकारी एवं मित्र होती है।

शिव नवग्रह मंदिर धाम चांदनी चौक में शिवशंकर महाराज ने कहा कि शिव की प्रसन्नता हमारे असंभव कार्य भी संभव कर सकती है।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) IRCON
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN : L45203DL1976GOI008171
ईओआई सूचना आमंत्रित
ईओआई सं. : IRCON/S&T/Telecom/EOI/2026 दिनांक : 19.01.2026
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न पीएसयू द्वारा रेलवे, मेट्रो और टेलीकॉम सेक्टर में आगामी परियोजनाओं के लिए बी-बिड पार्टनर/एसोसिएट एजेंसी/सह-कंसोर्टियम/सिस्टम पार्टनर/जेवी पार्टनर के रूप में एलिजिबल के लिए इरकॉन के साथ जुड़ने हेतु टेलीकम्युनिकेशन कार्यों में अनुभवी भारतीय घरेलू कंपनियों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है।
ईओआई की ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 16.02.2026 को 11:00 बजे (आईएसटी) तक
अधिक जानकारी एवं अपडेट के लिए कृपया ई-टेंडर वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app पर नियमित रूप से देखें। संशोधन/शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
मुख्य महाप्रबंधक/एस एंड टी, सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
खुली ई-निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 23/01/2026
कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से वरिष्ठ क्षेत्रीय इंजीनियर, रत्नागिरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। **कार्य का नाम-** एसआर.आरईएन /रत्नागिरी सेक्शन के अंतर्गत किमी 00/800 से किमी 378/100 के बीच चिपलून बैलास्ट डिपो पर बैलास्ट की आपूर्ति, केआरसीएल हॉपर में लोडिंग, अनलोडिंग, बैलास्ट बिछाने एवं बॉक्सिंग का कार्य। **निविदा सूचना संख्या: केआर-आरएन-डब्ल्यू-2026-03, अनुमानित लागत:** ₹115,00,470/-, **ईएमडी:** ₹ 2,07,500/-, **ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 16/02/2026 को अपराह्न 15.00 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक कार्यालय, एमआईडीसी क्षेत्र, मिरजोले, रत्नागिरी से संपर्क करें। (वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in)

उत्तर मध्य रेलवे
टेण्डर संख्या-230-वि./क.वि./प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/609 दिनांकः 07.01.2026
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क.वि./उ.म.रे./प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-
निविदा सं.: 230-क.वि.-कार्य ठेका-998-2026, **कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के मनौरी (MRE) और भरवारी (BRE) स्टेशन पर पुराने FOB की जगह नये FOB के निर्माण के कारण 25 केवी ओएचई में संशोधन का कार्य।
अनुमानित लागत : ₹ 92,32,346.70 | बिड सुरक्षा राशि : ₹ 1,84,700.00
कार्य अवधिः 12 महीना | बोली प्रणालीः एक पैकेट
निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 28.01.2026, 14:00 बजे।
निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 28.01.2026, 15:00 बजे।
नोटः- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। (2) उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 186/26 (AS)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गई तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। (1) निविदा संख्या: एस.एण्ड.टी./बी.के.एन-25-26-36 (2) कार्य का नाम व स्थान: बीकानेर मंडल के 8 मानवयुक्त समपार गेटों (सिवानी-हिसार LC-62, 67, 68J, 67 तथा हिसार-सिरसा सेक्शन में LC-118, 119, 115, 99 के इंटरलॉकिंग का प्रावधान। (3) अनुमानित लागत मूल्य: ₹ 42196819.32/- (4) बिड सिक्यूरिटी राशि: ₹ 361000.00/- (5) निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय: 11.02.2026 को 15.00 बजे तक (6) वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है: www.ireps.gov.in 121-DK/26
NWRailways NWRailways_

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ
संख्या- 1650/बी.एस.वी.-1(1)/2026 दिनांक : 21 जनवरी, 2026
सूचना
सूचित किया जाता है कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व विज्ञप्ति संख्या : 01-2025/बी.एस.वी.-1(1)/2025, दिनांक 10 दिसम्बर, 2025 द्वारा रिक्त पदों का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, किन्तु उक्त विज्ञापन द्वारा पर्याप्त आवेदन प्राप्त न होने के कारण निम्नलिखित विषयों में रिक्त पदों पर दिनांक 10.02.2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है :-
आचार्य (वेतनमान 1,44,200-2,18,200, लेवल -14)

क्र.सं.	विषय	पदों की संख्या	
		अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग
1	तबला	01	-
2	नाट्य	01	
3	संगीतशास्त्र	01	-
4	नृत्य	-	01

सह आचार्य के निम्न रिक्त पद (वेतनमान 1,31,400-2,17,100, लेवल -13 A)

क्र.सं.	विषय	पदों की संख्या			
		अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	ई.डब्लू.एस.
1	कथक नृत्य	-	-	01	-
2	गायन	01	01		
3	भरतनाट्यम	-	-	01	-
4	लोक नृत्य	-	01	-	-
5	वायलिन	01	-	-	-
6	सरोद	-	01	-	-
7	सितार				01

सहायक आचार्य के (वेतनमान 57,700-1,82,400, लेवल -10)

क्र.सं.	विषय	पदों की संख्या			
		अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	ई.डब्लू.एस.
1	तबला	-	-	01	-
2	पखावज	01			
3	वायलिन	01	01	-	-
4	सितार	-	-	-	01

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ की वेबसाइट www.bhatkhandeuniversity.ac.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
कुलसचिव
UPID-244386/22.01.2026 www.upgov.nic.in

सिडको
सार्वजनिक सूचना
कोंढणे बांध, ग्राम चोची, तालुका कर्जत से प्रस्तावित जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) तक ग्राम मोहोपे, तालुका - पनवेल, जिला रायगढ़ तक 22.21 किलोमीटर लंबी कच्ची जल सुरंग एवं संबद्ध कार्यों का डिजाइन एवं निर्माण तथा ग्राम मोहोपे, तालुका पनवेल, जिला-रायगढ़ में 250 एमएलडी जल शोधन संयंत्र का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण और कमीशनिंग एवं 15 वर्षों तक डब्ल्यूटीपी का व्यापक संचालन एवं रखरखाव।
(डिजाइन, बिल्ड एंड ऑपरेट (DBO) अनुबंध)
सीए.सं. : 03/CIDCO/EE(कोंढणे)/2025-26
निविदा आईडी: 2025_CIDCO_1256791_1
निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि उपरोक्त कार्य के लिए पूर्व-योग्यता (PQ) मानदंडों में संशोधन करते हुए शुद्धिपत्र संख्या 3 ई-निविदा पोर्टल www.mahatenders.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता (डब्ल्यूएस)
CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: devid.sharma Time: 01-23-2026 22:52 Color:

19.9kg का ट्यूमर निकाल बचाई जान

दिल्ली AIIMS में स्टेज-IV कोलन कैंसर से पीड़ित 43 साल की मरीज की हुई सफल सर्जरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

जिसे एक दशक पहले तक आखिरी स्टेज की लाइलाज बीमारी माना जाता था, वही स्टेज-IV कोलन कैंसर अब कुछ मामलों में सर्जरी से ठीक किया जा सकता है। ऐसी एक नई उम्मीद एम्स के डॉक्टरों ने जगाई है। दिल्ली एम्स के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. एमडी रे ने ऐसा ही एक बेहद जटिल ऑपरेशन कर 43 साल की मरीज की जान बचाई है। इससे पहले मरीज की हालत ऐसी थी कि उनकी 3-4 महीने की ही जिंदगी बताई जा रही थी, लेकिन एम्स के डॉक्टरों ने कई अंगों में फैल चुके कैंसर की 2 चरणों में सर्जरी कर जान बचाने में सफलता हासिल की है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल की दुर्गापुर की 43 साल की महिला को 7 महीने पहले कोलन कैंसर का पता चला था। कई अस्पतालों में इलाज और कई साइकल कीमोथेरेपी के बावजूद बीमारी लगातार बढ़ती रही। जांच में सामने आया कि कैंसर पेट के अंदर कई अंगों में फैल चुका था। सीटी स्कैन में कोलन, ब्लैडर, यूट्रस और अन्य अंग अलग-अलग पहचान में नहीं आ रहे थे। पूरा पेट एक बड़े मांस में बदल चुका था।

कई अंगों में फैल चुके कैंसर की डॉक्टरों ने दो चरणों में की सर्जरी

दो चरणों में की गई हाई-रिस्क सर्जरी: जांच के बाद डॉ. एमडी रे ने ऑपरेशन दो चरणों में किया। पहले चरण में बड़े ट्यूमर को हटाया गया, लेकिन ऑपरेशन के दौरान मरीज की हालत खराब हो गई। दो दिन बाद मरीज के स्थिर होने पर दूसरा और ज्यादा जटिल ऑपरेशन किया गया। 12 जनवरी को हुई सर्जरी में करीब 19.9 किलो का ट्यूमर निकाला। इसमें असेंडिंग कोलन, इलियम का हिस्सा, ट्रांसवर्स और सिग्मॉइड कोलन, ओमेंटम, यूट्रस, दोनों ओवरी, फेलोपियन ट्यूब और पेरिटोनियम शामिल थे। लिवर कैप्सूल का भी रिसेक्शन किया गया।

बड़ी उपलब्धि

खास तकनीक से बीमारी खत्म

सर्जरी के बाद मरीज को हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी दी गई। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में रखा गया। पहले ही पोस्ट-ऑपरेटिव दिन मरीज की हालत स्थिर रही। पांचवें दिन मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पूरी प्रक्रिया लगभग 5 दिनों में पूरी हुई। डॉ. रे के मुताबिक, मरीज को आगे मेंटिनेंस कीमोथेरेपी दी जाएगी। जरूरत के अनुसार टारगेटेड थेरेपी भी दी जा सकती है।

'इसे लाइलाज मानना सही नहीं'

डॉ. एमडी रे का कहना है कि मेटास्टेटिक कोलन कैंसर को केवल ट्यूमर के साइज के आधार पर अनरिसेक्टेबल नहीं कहा जाना चाहिए। असली चुनौती मल्टीपल ऑर्गन इन्वॉल्वमेंट होती है। अनुभवी हाथों और हाई-वॉल्यूम सेंटर में ऐसे मरीजों की भी सर्जरी से ठीक किया जा सकता है। डॉ. रे के अनुसार, कोलन कैंसर महिलाओं में तीसरा और पुरुषों में छठा सबसे आम कैंसर है।

ज़मानत देने का आदेश HC से रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान पुलिस और निगम अधिकारियों पर पथराव करने वाली भीड़ में कथित तौर पर शामिल एक आरोपी को निचली अदालत से मिली जमानत को दिल्ली हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। यह घटना इसी महीने की शुरुआत में हुई थी। तीस हजारी कोर्ट ने 20 जनवरी को आरोपी को जमानत दी थी।

तुर्कमान गेट हिंसा: आरोपी को निचली अदालत से 20 जनवरी को मिली थी जमानत

हाई कोर्ट के जस्टिस प्रतीक जालान ने जमानत के आदेश को रद्द करते हुए मामले को दोबारा विचार के लिए ट्रायल कोर्ट के पास वापस भेज दिया। कोर्ट ने कहा कि आम तौर पर किसी शख्स को दी गई राहत में दखल देने में अदालत बेहद सतर्क रहती है लेकिन यह एक असाधारण मामला है। कोर्ट के मुताबिक रेहड़ी-पटरी लगाने वाले उबैदुल्ला को तर्कहीन आदेश के जरिए जमानत दी गई थी।

जस्टिस जालान ने कहा कि जमानत आदेश में अभियोजन पक्ष की दलीलों पर सही तरीके से विचार नहीं किया गया। कोर्ट ने माना कि निचली अदालत के आदेश में पर्याप्त कारणों का अभाव है। हाई कोर्ट ने 21 जनवरी को यह आदेश पारित करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट का जमानत आदेश रद्द किया जाता है और मामला सेशन कोर्ट वापस भेजा जाता है ताकि सभी पहलुओं पर दोबारा विचार किया जा सके।

इस साल बदलेगी जू की तस्वीर, मिलेंगी कई आधुनिक सुविधाएं

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली



AI image

1959 में बने नैशनल जूलॉजिकल पार्क यानि चिड़ियाघर को पूरी तरह आधुनिक बनाने की योजना पर फरवरी से काम शुरू होने जा रहा है। इस महीने या अगले महीने की शुरुआत में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय इस योजना को मंजूरी दे सकता है। मंत्रालय स्तर पर यह पूरी योजना 21 तारीख को डेलिगेटेड इंवेस्टमेंट बोर्ड के सामने पेश की जा चुकी है।

पर्यावरण मंत्रालय से योजना को जल्द मंजूरी की उम्मीद

चिड़ियाघर के अधिकारियों के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रालय पिछले साल ही इस योजना के लिए 400 करोड़ रुपये देने की सैद्धांतिक मंजूरी दे चुका है। सेंट्रल जू अथॉरिटी के एक अधिकारी ने बताया कि बोर्ड योजना से लगभग सहमत है और जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत चिड़ियाघर के फ्रंट गेट को पूरी तरह नया रूप दिया जाएगा। यहां विजिटर्स के लिए पिक एंड ड्रॉप सुविधा, पार्किंग और विजिटर्स सेंटर बनाया जाएगा। नई पार्किंग में करीब 800 कार, 50 बड़ी बसें और 800 से 1000 बाइक खड़ी की जा सकेंगी।

बाड़ों और अस्पताल में होंगे बड़े बदलाव

वन्यजीवों के बाड़ों में सुधार किया जाएगा और कई जानवरों को देखने की सुविधा और नजदीक से मिलेगी। दिल्ली चिड़ियाघर में नाइट शेल्टर नए स्टैंडर्ड्स के अनुसार बनाए जाएंगे और नया रेप्टाइल हाउस भी तैयार होगा। वन्यजीव अस्पताल को आधुनिक बनाया जाएगा। इसका आकार दो से तीन गुना बढ़ेगा और कई नए वॉर्ड बनाए जाएंगे।

मिलेगा रिलायंस के रेस्क्यू सेंटर का साथ

जानकारी के अनुसार, दिल्ली चिड़ियाघर के विकास में रिलायंस के ग्रीन जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर (GZRRC) की अहम भूमिका होगी। डिजाइन और प्लानिंग में उसकी कई सिफारिशों को शामिल किया गया है। पिछले साल GZRRC और दिल्ली चिड़ियाघर के बीच इससे जुड़ा एमओयू भी साइन हो चुका है।

BMW हादसा: चार्जशीट में हादसे के लिए महिला जिम्मेदार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI image

दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में एक मैजिस्ट्रेट अदालत को बताया कि पिछले साल सितंबर में धौला कुआं के पास एक तेज रफ्तार कार (BMW) की चपेट में आए वित्त मंत्रालय के 52 वर्षीय अधिकारी नवजोत सिंह को जानबूझकर दूर के अस्पताल में ले जाया गया था और यह दुर्घटना महिला ड्राइवर की गलती की वजह से हुई थी।

ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट अंकित गर्ग ने पिछले साल दिसंबर में दायर चार्जशीट का गुरुवार को संज्ञान लिया। अदालत ने आदेश में कहा कि इंस्पेक्टर श्योराम ने बताया कि यह दुर्घटना आरोपी कार ड्राइवर गगनप्रीत मक्कड़ की गलती की वजह से हुई और वह पीड़ित को जानबूझकर दूर के अस्पताल ले गई। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या) के साथ-साथ धारा 281 (तेज गति से गाड़ी चलाना), 125 बी (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाली हरकत) और 238 ए (सबूतों को गायब करना) के तहत चार्जशीट दायर की है।

अदालत ने चार्जशीट पर संज्ञान लेकर आरोपी को समन किया

2 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

अदालत ने पुलिस अधिकारी के इस बयान पर गौर किया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट दाखिल की गई थी, जिसके मुताबिक पीड़ित की मौके पर ही मौत हो सकती थी या दुर्घटना के बाद वह 5-15 मिनट तक ही जीवित रह सकता था, क्योंकि ज्यादा खून बहा था। यह भी बताया गया कि दुर्घटना दोपहर 1:30 बजे हुई थी, जिसके बाद मक्कड़ पीड़ित को दोपहर 1:37 बजे अस्पताल के लिए लेकर निकली और दोपहर 2:15 बजे तक पहुंची। अदालत ने आरोपी को समन जारी किया और अगली सुनवाई के लिए 2 फरवरी की तारीख तय की।

Jawahar / Modi Style
JACKETS
SUITS • BLAZERS
ALSO AVAILABLE LONG COATS
upto 60% off
Formal • Casual • Party wear
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | Raymond | PARK AVENUE | LOUIS PHILIPPE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

सं. A-12026/1/2021-Admin.IA
भारत सरकार
राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान
नीति भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

रिक्ति परिपत्र

विषय: केआईएस पूल के तहत प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) / पदोन्नति के आधार पर स्तर-15 या स्तर-14 में वरिष्ठ सलाहकार/सलाहकार के 03 पदों पर भर्ती।

नीति आयोग नीचे उल्लिखित वरिष्ठ सलाहकार/सलाहकार के 03 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

क. केंद्र सरकार / विभागों / राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों (उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों सहित) / विश्वविद्यालयों / मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / अर्ध-सरकारी, सांविधिक या स्वायत्त संगठनों और अन्य गैर-सरकारी निकायों आदि में कार्यरत पात्र अधिकारी प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) / पदोन्नति के आधार पर।

2. रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	पद का नाम	भर्ती का पूल/तरीका	पदों की संख्या	क्षेत्र/प्रभाग	वेतन स्तर (प्रतिनियुक्ति के लिए)
1.	वरिष्ठ सलाहकार/ सलाहकार	ज्ञान नवाचार एवं (केआईएस) प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/ पदोन्नति के आधार पर	03	(क) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/ पोषण/महिला एवं बाल विकास (ख) वित्त/कर नीति (ग) अर्थमितीय मॉडलिंग और परिदृश्य निर्माण	वेतन मैट्रिक्स में लेवल-15 (रु. 1,82,200/- रु. 2,24,100) या वेतन मैट्रिक्स में लेवल 14 (रु. 1,44,200/- रु. 2,18,200)

*आईएसटीसी का अर्थ है अल्पावधि अनुबंध सहित

3. पद से संबंधित विवरण के साथ-साथ आवश्यक पात्रता शर्तें और इस पद के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया नीति आयोग की वेबसाइट पर लिंक https://niti.gov.in/work-niti/opportunities → फ्लेक्सी पूल/अन्य के तहत उपलब्ध है।

4. नीति आयोग में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 60 दिन होगी।

निदेशक (भर्ती)
दूरभाष: 23096602/23042685
CBC 54101/11/0014/2526

A TIMES INTERNET PRODUCT
TOI AI Mastery Program FOR STUDENTS
From AI ACCESS to AI LITERACY
4-Week Live, Expert-Led AI Program
This Summer Vacation
A Complete AI Learning Program
Foundation Week-1
Understand AI Thinking & Logic
Intermediate Week-2
Apply AI Across Subjects & Ideas
Advanced Week-3
Build, Analyse & Innovate with AI
Graduation Day Week-4
Capstone Project Showcase & Certification
Monthly AI Update Series
Stay updated with what's new in AI throughout the year
1-Year Live Bootcamp Pass
Re-attend Live-Online Bootcamps, Build Projects & Engage with Mentor

TOI THE TIMES OF INDIA
By the end of the program, students create no-code websites, apps & more.
Limited Seats - Early Bird Advantage
1-Year access to live AI bootcamps
Monthly "What's New in AI" live sessions
Year-long AI expert support
SCAN FOR DETAILS
Call us or Send Hi on Whatsapp:
+91 78350 54363
Visit Site:
http://toi.in/ai-camp2
Plan Your Child's Summer Vacation In Advance

Durian®
Your Season Of
Big Savings Begins Here
SALE ON HOME FURNITURE UPTO 60%* OFF
LAST 3 DAYS LEFT!
Now Stay Stress Free with 5 Year Warranty

Sofas | Recliners | Dining | Modular Kitchens | Modular Wardrobes
THE DURIAN DIFFERENCE | 5 Years Warranty | 40 Years of Expertise | End-to-End Setup Support | Tailor-made for Indian Homes
EMI - Enjoy Bigger Savings Every Time.
AMERICAN EXPRESS | HDFC BANK | IDFC FIRST Bank | pine labs | FINANCE
T&C Apply*
Visit your nearest Durian store and welcome this New Year in comfort!
65+ Stores Across India
Kirti Nagar: 7838009972 / 0114-1421264 Noida Sec-10: 9152500397 / 8448799372
Noida Sec-49: 9870570655 / 0120-6909585 Sohna Road: 0124-2970730/7718839549
Ghitorni: 9650022064 Gurgaon: 0124-4366792 / 9716621902 Faridabad: 8657959878 / 8657960582
Store Timing:- 11 AM To 9 PM

फटाफट खबरें

शंकराचार्य बीमार, नहीं निकाली यात्रा

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गई।

उन्हें सर्दी-बुखार की शिकायत के बाद आराम करने की सलाह दी गई। शुक्रवार को उन्होंने गौ प्रतिष्ठा यात्रा भी नहीं निकाली। शंकराचार्य के पीआरओ शैलेन्द्र योगिराज ने बताया बताया कि लगातार खुले स्थान पर बैठने से उनकी सेहत बिगड़ी है।

SIT के सामने पेश हुए के. टी. रामाराव

■ भाषा, हैदराबाद : भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव, पूर्ववर्ती बीआरएस शासन के दौरान हुए कथित फोन टैपिंग की जांच कर रही एसआईटी के समक्ष शुक्रवार को पेश हुए। बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव के पुत्र रामाराव को एसआईटी के समक्ष उपस्थित होने के लिए गुरुवार को नोटिस मिला था।

अधिकारियों को HC की फटकार

■ भाषा, मुंबई : बंबई हाई कोर्ट ने वायु प्रदूषण कम करने के उपाय संबंधी उसके आदेशों की अवहेलना पर शुक्रवार को नगर निकाय अधिकारियों को फटकार लगाई। कोर्ट ने टिप्पणी की कि अधिकारी भी उसी अशुद्ध हवा में सांस ले रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश श्रीचंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने नगर आयुक्तों के वेतन रोकने की चेतावनी दी।

'SIR से बंगाल में रोज 3-4 स्यूसाइड'

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की चिंता के कारण रोज तीन से चार लोग आत्महत्या कर रहे हैं। सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर में कोलकाता के रेड रोड पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

वकील बिना शर्त माफी मांगें : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड के एक वकील को निर्देश दिया कि वह हाई कोर्ट में लंबित अवमानना कार्यवाही में बिना शर्त माफी पेश करे। यह कार्यवाही एक वायरल कोर्टरूम बातचीत से जुड़ी है, जिसमें कथित तौर पर वकील ने जज से कहा था, 'हद पार मत कीजिए।' चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने महेश तिवारी को छूट दी कि वह हाई कोर्ट में बिना शर्त माफी दाखिल कर सकते हैं।

केरल में कांग्रेस को 'MMC' और तमिलनाडु में डीएमके को 'CMC' करार दिया

PM ने साउथ में फूंका चुनावी बिगुल

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम मोर्चे पर निशाना साधते हुए सबरीमला मंदिर में गोल्ड चोरी का मुद्दा उठाया। मुस्लिम लीग के साथ कांग्रेस के संबंधों को लेकर उस पर भी हमला बोला और आरोप लगाया कि वह राज्य में कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दे रही है। विधानसभा चुनाव से पहले यहां बीजेपी की रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने केरल के लोगों से अपनी पार्टी के पक्ष में निर्णायक जनादेश मांगा। उन्होंने कांग्रेस को मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस (MMC) बताते हुए कहा कि इससे सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि, ये दल केरल को अपनी रणनीतियों के परीक्षण स्थल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। पीएम ने देशभर में पीएम स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को ऋण राशि एवं क्रेडिट कार्ड वितरण कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने कहा, 'एलडीएफ और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (UDF) के झंडे और चुनाव चिह्न अलग हो सकते हैं, लेकिन उनकी मूल राजनीतिक सोच और एजेंडा लगभग समान है। बिना जवाबदेही के व्यापक भ्रष्टाचार और बिना जिम्मेदारी के विभाजनकारी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देना। इसलिए आपको केरल के लिए एक नई सरकार बनानी है, जो जनहितैषी और विकास समर्थक हो। यह काम केवल बीजेपी और राजग ही कर सकते हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में वामपंथी शासन का अंत करने वाली बीजेपी की जीत की प्रशंसा की। कहा, केरल के लोग भी अब बीजेपी पर भरोसा जताने लगे हैं। हम तिरुवनंतपुरम को सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक बनाएंगे।

PTI

केरल के तिरुवनंतपुरम में पीएम मोदी ने भव्य रैली को किया संबोधित

> स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को ऋण, क्रेडिट कार्ड वितरण का भी उद्घाटन

BJP की सरकार बनी तो जेल जाएंगे 'सोना चोर' : मोदी ने आरोप लगाया कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (LDF) ने सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर की परंपराओं को बदनाम करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा, 'अब खबरें आ रही हैं कि मंदिर से सोना चोरी हो गया। मैं साफ कर दूं कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जैसे ही बीजेपी की सरकार बनेगी, दोषियों को जेल भेजेंगे। यह मोदी की गारंटी है।'

बोले- इसलिए सह लेता हूं अपमान

कार्यक्रम में एक बच्चे ने हाथ से बनाई पीएम मोदी की तस्वीर दिखाई। इस पर उन्होंने कहा कि कई बार लोग इस तरह से उनके प्रति स्नेह या भावनाएं व्यक्त करते हैं। लेकिन, बाद में इनको पूर्व नियोजित या नाटकीय करार दिया जाता है। मैं इन सभी अपमानों को सह लेता हूं, क्योंकि मैं समझता हूं कि आप मुझसे कितना प्यार करते हैं। मोदी ने बच्चे से कहा, चित्र के पीछे अपना नाम और पता लिख दो, मैं तुम्हें एक पत्र लिखूंगा।'

केरल के सीएम और नेता विपक्ष का पलटवार

पीएम पर पलटवार करते हुए सीएम पिनराई विजयन ने 'एक्स' पर लिखा, 'ओडिशा में पादरी पर हुआ क्रूर हमला कोई छिटपुट घटना नहीं है, यह संघ परिवार द्वारा सुनियोजित रूप से फैलाई जा रही हिंसा और नफरत के माहौल को दर्शाता है।

पूरे भारत में, हमारे राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने पर लगातार हमले हो रहे हैं।' उधर, केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने कहा कि पीएम के भाषण में भाजपा के सांप्रदायिकता और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने के एजेंडे की झलक थी।

तमिलनाडु में कार्तिगई दीपक के मुद्दे पर घेरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को एनडीए के प्रचार अभियान की शुरुआत की। सत्ताधारी DMK पर जोरदार हमला बोला और उसे 'CMC' करार दिया। पीएम के अनुसार, सीएमसी का मतलब- करप्शन, माफिया और क्राइम है।' थिरुप्परनकुंड्रम के भगवान मुरुगन मंदिर में कार्तिगई दीपक जलाने के विवाद को लेकर कहा कि हमारे नेताओं ने भक्तों के अधिकारों का समर्थन किया। डीएमके ने वोट बैंक के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी।

> सत्ताधारी DMK पर जोरदार हमला बोला और उसे 'CMC' करार दिया

---

3 अमृत भारत ट्रेनों को 'ग्रीन सिग्नल'

27 अमृत भारत अब देश में

देश में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल संख्या बढ़कर 27 हो गई है। दक्षिणी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि केरल में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पहली बार शुरू हुई है।

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम : पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की। ये साप्ताहिक ट्रेनें केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों को जोड़ेंगी। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कमर्शल रन और किराये की जानकारी आने वाले दिनों में दी जाएगी। इसके अलावा पीएम ने गुरुवायूर-त्रिशूर सवारी गाड़ी को भी हरी झंडी दिखाई।

कौन-कौन से प्रमुख शहर होंगे कनेक्ट?

1. तिरुवनंतपुरम सेंट्रल-ताम्बरम अमृत भारत एक्सप्रेस तिरुनेलवेली, कोविलपट्टी, विरुदुनगर, मदुरै, तिरुचिरापल्ली जैसे प्रमुख शहरों।
2. तिरुवनंतपुरम उत्तर-चर्लापल्ली अमृत भारत कोल्लम, चेंगन्नूर, कोट्टायम, एर्नाकुलम टाउन, त्रिशूर, पलक्कड़, कोयंबटूर, सालेम, जोलारपेट्टई को जोड़ेगी।
3. नागरकोइल-मंगलुरु अमृत भारत तिरुवनंतपुरम सेंट्रल, कोल्लम, चेंगन्नूर, कोट्टायम, एर्नाकुलम टाउन, त्रिशूर, शोरानूर, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड से गुजरेगी।

क्या है खासियत?

आधुनिक, नॉन-एसी लंबी दूरी की स्लीपर ट्रेन है। आगे और पीछे दो इंजन हैं। आरामदायक सीटें, चार्जिंग पॉइंट, बेहतर लाइटिंग, कैमरे से लैस है।

फोन जांच नहीं करने की याचिका पर SC बोला- आप इतना डर क्यों रहे?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने I-PAC के पदाधिकारी मिलिंद मेहता के मोबाइल से जानकारी लेने से रोकने से इनकार कर दिया, जिसे 8 जनवरी को पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म के दिल्ली ऑफिस में तलाशी के दौरान ईडी ने जब्त किया था। TOI के अनुसार, ईडी का कहना है कि 20 करोड़ रुपये हवाला के जरिये कोलकाता से I-PAC गोवा ऑफिस भेजे गए। गुरुवार को सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने पेश होते हुए, सीनियर एडवोकेट सी. ए. सुंदरम ने कहा कि ईडी को फोन खोलने की अनुमति देना मेहता की प्राइवेसी का उल्लंघन होगा और उन्होंने गुहार लगाई कि मंगलवार को अगली सुनवाई की तारीख तक ED को ऐसा करने से रोका जाए। लेकिन, बेंच ने उनसे पूछा कि आप इतने डरे हुए क्यों हैं? सुंदरम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को उनके मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए दखल देना चाहिए, लेकिन बेंच ने कहा, हम जानते हैं कि एक निर्दोष नागरिक की रक्षा कैसे करनी है। ईडी ने 8 जनवरी को सर्च ऑपरेशन के दौरान I-PAC के दिल्ली ऑफिस से डिजिटल डिवाइस जब्त किए थे। वह कोलकाता में ऐसा नहीं कर पाई, क्योंकि पुलिस के अधिकारियों के साथ टीएमसी प्रमुख और सीएम ममता बनर्जी भी तलाशी अभियान के दौरान दौरान पहुंच गई थीं। सीजेई के नेतृत्व वाली बेंच ने ईडी को अन्य मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपियों के फोन और डिजिटल डिवाइस तक पहुंचने पर लगाई गई रोक से संबंधित सभी मामलों को भी एक साथ जोड़ दिया और मंगलवार को सुनवाई तय की।

> ईडी ने जब्त किया था I-PAC के मिलिंद मेहता का मोबाइल

चुनाव आयोग की समिट में पांच मुद्दों पर सहमति

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : चुनाव आयोग का दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन-2026 शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें दिल्ली डिक्लेरेशन किया गया, जिसमें पांच मुख्य बातों पर सहमति बनी। इनमें मतदाताओं के फोटो के साथ शुद्ध वोटर लिस्ट बनाना, ट्रेनिंग, तकनीक, अनुसंधान और इलेक्शन मैनेजमेंट शामिल हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त **ज्ञानेश कुमार** ने बताया कि दिल्ली डिक्लेरेशन को सभी चुनाव प्रबंधन निकायों ने स्वीकार किया। सभी ने पांच मुख्य बातों पर सहमति जताते हुए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। समय-समय पर इन पॉइंट पर प्रगति समीक्षा करने का भी निर्णय लिया। इसके लिए सभी के साथ इस साल अंत में 3,4 और 5 दिसंबर को दिल्ली में मिलने का प्रस्ताव रखा गया है। सम्मेलन में 42 इंटरनैशनल चुनाव प्रबंधन संस्थाएं, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थाओं के एक्सपर्ट और सभी राज्यों के सीईओ समेत अन्य अधिकारी इसमें शामिल हुए। कई देशों की चुनाव प्रबंधन संस्थाओं ने 'शुद्ध' वोटर लिस्ट तैयार करने और हर मतदाता को फोटो पहचान पत्र देने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है।



> शुद्ध वोटर लिस्ट, ट्रेनिंग, टेक्नॉलजी, रिसर्च, मैनेजमेंट पर दिया जोर

HC के जज बोले- कोर्ट रिपोर्टिंग रोकना इरादा नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट के एक जज ने शुक्रवार को साफ किया कि एक मीडिया हाउस के कंटेंट को बकवास कहने वाले एक विडियो में पत्रकार की टिप्पणियों के खिलाफ कार्रवाई करने का उनका इरादा नहीं है। जस्टिस सी. हरि शंकर ने यह सफाई गुरुवार को एक अपील पर सुनवाई के दौरान पत्रकार पर नाराजगी जताते हुए की गई अपनी टिप्पणियों के संबंध में दी। कहा कि जब उन्होंने गुरुवार की सुनवाई में पत्रकार की टिप्पणियों पर नाराजगी जताई थी, तो उनका मकसद यह बताना था कि उन्होंने जो भाषा इस्तेमाल की, वो और ज्यादा गरिमापूर्ण हो सकती थी। जस्टिस शंकर ने कहा कि जब हमारे सामने पत्रकार के कुछ बयान आए, जो मेरे हिसाब से पत्रकारिता के सिद्धांतों के मुताबिक नहीं थे, तो मैंने कुछ कड़ी टिप्पणियां कीं।

> जस्टिस हरिशंकर ने पत्रकार के बारे में टिप्पणियों पर दी सफाई

मोइत्रा मामले में HC ने लोकपाल को दिया समय

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कथित कैश-फॉर-क्वेरी स्कैम में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के लिए सीबीआई को मंजूरी देने के मुद्दे पर कानून के अनुसार विचार करने के लिए लोकपाल को मिला समय दो महीने बढ़ा दिया।

जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा कि समय बढ़ाने के लिए आगे कोई और मांग को मंजूर नहीं किया जाएगा। टीएमसी नेता और सीबीआई की ओर से पेश वकीलों ने कहा कि वे लोकपाल के दो महीने के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध का विरोध नहीं कर रहे हैं। 19 दिसंबर, 2025 को हाई कोर्ट ने लोकपाल के नवंबर के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें CBI को मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की मंजूरी दी गई। कोर्ट ने लोकपाल को लोकपाल अधिनियम की धारा 20 के तहत मंजूरी के मुद्दे पर, प्रावधानों के अनुसार, विचार करने के लिए कहा था और इसके उसे एक महीने का वक्त दिया गया था। कैश-फॉर-क्वेरी स्कैम उस आरोप से संबंधित है कि मोइत्रा ने एक बिजनेसमैन से कैश और तोहफों के बदले लोकसभा में सवाल पूछे थे। मोइत्रा पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से दो बार की टीएमसी सांसद हैं। यह फैसला मोइत्रा की एक याचिका पर आया, जिसमें उन्होंने लोकपाल के 12 नवंबर, 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कथित कैश-फॉर-क्वेरी स्कैम में उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के लिए CBI को मंजूरी दी गई थी।

■ कैश-फॉर-क्वेरी में चार्जशीट दाखिल करने के लिए देनी है सीबीआई को देनी है मंजूरी

कार्ति की सुनवाई से तीसरे जज भी हो गए अलग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस गिरीश कठपालिया ने शुक्रवार को कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इसमें कार्ति ने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार और साजिश के आरोपों को चुनौती दी है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है। जस्टिस कठपालिया ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इस मामले की सुनवाई कर पाऊंगा। इसके बाद जज ने आदेश दिया कि व्यक्तिगत वजहों से इस मामले को किसी दूसरी बेंच के सामने लगाया जाए। अब इस याचिका को दूसरी बेंच के सामने 28 जनवरी को लगाया जाएगा। हाई कोर्ट के जज- जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा और जस्टिस अनूप जे. भंभानी भी इस मामले की सुनवाई से अलग हो चुके हैं।

> कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मामले की नहीं करेंगे सुनवाई

केरल चुनाव : कांग्रेस की दिल्ली में बैठक

जल्द सीट शेयरिंग और जिताऊ प्रत्याशी पर ज़ोर

■ एनबीटी रिपोर्ट, नई दिल्ली

केरल विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के साथ राज्य के नेताओं की शुक्रवार को दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई बैठक में राहुल गांधी भी मौजूद रहे। बैठक में केरल प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के साथ चुनावी रणनीति, संगठन की स्थिति और गठबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में केंद्रीय नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार चयन का एकमात्र आधार विनएबिलिटी यानी जीतने की क्षमता होगी। तय किया गया कि कांग्रेस केरल चुनाव सामूहिक नेतृत्व के तहत लड़ेगी। नेतृत्व ने यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) में सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत जल्द शुरू करने के संकेत दिए, ताकि समय रहते चुनावी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके।

थरूर की गैरमौजूदगी चर्चा में रही

बैठक में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अनुपस्थिति भी चर्चा में रही। हालांकि, बाद में पार्टी नेताओं ने साफ किया कि शशि थरूर पार्टी या नेतृत्व से नाराज नहीं हैं। वह पहले से तय कार्यक्रम के तहत कालीकट में आयोजित एक लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल होने गए थे और इसकी जानकारी पार्टी नेतृत्व को पहले ही दे दी गई थी।

कपड़ा इंडस्ट्री पर भिड़े राहुल और गिरिराज

■ भाषा, नई दिल्ली : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ट्रंप टैरिफ के कारण भारतीय कपड़ा उद्योग को हो रहे नुकसान को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम अपनी 'कमजोरी' का असर अर्थव्यवस्था पर न पड़ने दें। अमेरिका के साथ ऐसी ट्रेड डील होनी चाहिए, जिसमें भारतीय व्यवसाय और मजदूरों को तवज्जो मिले। राहुल गांधी ने हाल ही में एक कपड़ा फैक्ट्री का दौरा किया था। इसका विडियो शुक्रवार को यूट्यूब पर अपलोड किया। राहुल ने कहा, 'मोदी जी, आपकी जवाबदेही बनती है, कृपया ध्यान दीजिए।' केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने इस पर पलटवार किया। कहा, 'पिछले 11 वर्षों में कपड़ा निर्यात बढ़ा है और इस क्षेत्र में पांच करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। सिंह ने एक्स पर गांधी की एक पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को झूठ फैलाकर देश को गुमराह करना बंद करना चाहिए। आपके दिमाग का शटडाउन हुआ है, इंडस्ट्री का शटडाउन नहीं हुआ है।'

SC बोला, आदेश मकैनिकल था

बाल तस्करी में महिला आरोपी की ज़मानत रद्द

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा चाइल्ड ट्रैफिकिंग की एक महिला आरोपी को दी गई जमानत को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आरोपों की गंभीरता और नेचर पर समुचित विचार किए बिना मकैनिकल तरीके से जमानत आदेश पारित किया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश राज्य ऐसे जमानत आदेशों को रद्द कराने के लिए गंभीरता क्यों नहीं दिखा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस विनोद के. चंद्रन की बेंच ने यह आदेश सीनियर वकील अपर्णा भट (जो एक एनजीओ की ओर से पेश हुईं) की दलीलों के बाद पारित किया। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान एडवोकेट अपर्णा भट ने बताया कि आरोपी के खिलाफ इमोरल ट्रैफिकिंग प्रीवेंशन एक्ट (अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम) 1956 के तहत मामला है। इसके बावजूद हाई कोर्ट ने अत्यंत सतही तरीके से आदेश पारित किया और केवल इस आधार पर जमानत दे दी कि प्रतिवादी आरोपी पांच साल से जेल में बंद थी और अन्य सह-आरोपियों के साथ समानता (parity) का आधार लिया गया।

SC का सख्त रुख

हाल ही में एक बेंच ने लापता बच्चों की बरामदगी के लिए एक समान मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने का इरादा जताया था। एक अन्य पीठ इलाहाबाद हाई से बाल तस्करी में जमानत के खिलाफ दायर आपराधिक अपीलों की सुनवाई कर रही है। समय-समय पर अदालत ने जमानत रद्द करने के आदेश दिए। राज्य सरकारों को ऐसे मामलों में सतर्क रहने की चेतावनी दी है। वर्तमान मामले में भी अदालत ने कुछ सामान्य निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के रुख से साफ है कि ऐसे मामले को सख्ती से डील किया जाएगा।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

तिरुप्परकुंद्रम मंदिर के कंट्रोल पर मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार, तमिलनाडु सरकार और अन्य पक्षों से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा तिरुप्परकुंद्रम मंदिर का नियंत्रण अपने हाथ में लेने और 'दीपथून' (पत्थर का स्तंभ) के शीर्ष पर हर रोज दीपक जलाने के निर्देश देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने हिंदू धर्म परिषद द्वारा दायर याचिका पर भारत सरकार, तमिलनाडु सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) और अन्य को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत को बताया गया कि मद्रास हाई कोर्ट ने 6 जनवरी को दीपक जलाने से संबंधित सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट हिंदू धर्म परिषद द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें ASI को मदुरै स्थित तिरुप्परकुंद्रम भगवान मुरुगन सुब्रमणिय मंदिर का नियंत्रण सौंपने और 'दीपथून' के शीर्ष पर हर समय एक दीपक जलाने के निर्देश देने की मांग की गई है।

> सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और तमिलनाडु को जारी किया नोटिस

पान मसाला और गुटखा पैक से हटेगा प्लास्टिक!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पान मसाला और गुटखा के छोटे-छोटे सैशे वर्षों से सड़कों, नालियों और खेतों में प्लास्टिक कचरे की बड़ी वजह बने हुए हैं। इन पैकेटों में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक को हटाने और उसकी जगह बायोडिग्रेडेबल विकल्प लाने के लिए केंद्र सरकार ने ठोस पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद की अध्यक्षता में वैज्ञानिकों, मंत्रालयों, नियामक संस्थाओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ एक हाई लेवल बैठक हुई।

इसमें पान मसाला और गुटखा की पैकेजिंग के लिए ऐसे बायोडिग्रेडेबल मटीरियल खोजने और अपनाने पर चर्चा हुई, जो पर्यावरण के लिए सुरक्षित हों और व्यावहारिक रूप से इस्तेमाल किए जा सकें। प्रो. सूद ने कहा कि इस विषय पर पहले भी PMO और उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ चर्चा हो चुकी है और अब जरूरत है कि एक स्पष्ट और समयबद्ध कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाए। डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के सचिव डॉ. राजेश गोखले ने सैशे प्लास्टिक को गंभीर पर्यावरणीय चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि यह प्लास्टिक आसानी से नष्ट नहीं होता और लंबे समय तक मिट्टी और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने पॉलीलैक्टिक एसिड जैसे मटीरियल को संभावित विकल्प बताते हुए कहा कि इसकी लागत भी बहुत ज्यादा नहीं है और इसे अपनाया जा सकता है, बशर्ते सभी पक्ष मिलकर तय समय में काम करें। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जानकारी दी कि सरकार बायोप्लास्टिक की मौजूदा परिभाषा पर फिर से विचार कर रही है। वहीं, FSSAI ने जोर दिया कि पैकेजिंग की लागत उत्पाद से ज्यादा नहीं होनी चाहिए और किसी भी स्तर पर प्लास्टिक या एल्यूमिनियम फॉयल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

बैठक में यह भी सामने आया कि फिलहाल उपलब्ध कई बायोडिग्रेडेबल मटीरियल सिर्फ इंडस्ट्रियल कम्पोस्टिंग में ही गलते हैं, जिससे उनके कलेक्शन और प्रोसेसिंग की चुनौती बनी रहती है।

AI image



■ बायो प्लास्टिक की परिभाषा बदलने पर भी विचार, पीएम के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में हुई बैठक

एंटीबायोटिक्स कूड़े में डालने से बीमारियों का खतरा : रिपोर्ट

टॉक्सिक लिंक का दावा- लोग, फार्मासिस्ट, क्लिनिक जागरूक नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

टॉक्सिक लिंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एंटीबायोटिक्स को लेकर लोगों, फार्मासिस्ट और क्लिनिक चलाने वालों में जागरूकता की कमी है। ज्यादातर उपभोक्ता एक्सपायर्ड एंटीबायोटिक्स को घर के कूड़े के साथ फेंक देते हैं या फिर उसे सीवरेज में बहा देते हैं। इससे एचआईवी, टीबी, मलेरिया, पन्यूमोनिया जैसे रोगों का इलाज मुश्किल हो जाएगा। एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (एएमआर) एक बड़ा खतरा है। इससे 2050 तक हर साल एक करोड़ मौतें हो सकती हैं।

टॉक्सिक लिंक की सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर विधि माथुर ने बताया कि दिल्ली समेत मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और हरियाणा के लोगों से बात कर यह जानने की कोशिश की गई कि लोग इन दवाओं से जुड़ी कितनी जानकारी रखते हैं। इस स्टडी में कुल 223 लोगों से बात की। इसमें उपभोक्ता, फार्मासिस्ट और डॉक्टर्स सभी शामिल थे। स्टडी में पता चला कि एंटीबायोटिक को लेकर जानकारी की कमी, खुद से दवाई लेना और काउंटर पर दवाओं की बिक्री बड़ी समस्या है। काउंटर पर दवाओं की बिक्री में आंध्र प्रदेश सबसे आगे है। यहां पर बिना प्रिस्क्रिप्शन के काउंटर पर 45.5 प्रतिशत तक दवा बिक रही है। जबकि इनकी खपत 90 प्रतिशत है। केरल में काउंटर पर बिना प्रिस्क्रिप्शन के दवा नहीं मिल रही। मरीज के दबाव में भी क्लिनिक्स में दवाओं का अधिक इस्तेमाल और मिसयूज किया जा रहा है। फार्मासिस्ट को इन दवाओं से जुड़े नियमों की जानकारी है, लेकिन वह इसका पालन नहीं कर रहे। आंध्र प्रदेश, हरियाणा में रेकार्ड मैनटेन करने की संभावना सबसे अधिक है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि एएमआर को लेकर हर राज्य को स्टेट एक्शन प्लान लागू करना चाहिए। एंटीबायोटिक वेस्ट को लेकर प्रॉपर डिस्पोजल चैनल बनाना होगा। हेल्थकेयर वर्कर्स में ट्रेनिंग की जरूरत है। दवाओं की सेल की मॉनिटरिंग और सर्विलांस के लिए मेकेनिज्म तैयार करने की जरूरत है।

दिल्ली में 58% को जानकारी ही नहीं

AI image

दिल्ली में 58% लोगों ने कहा कि उन्हें एंटीबायोटिक और अन्य दवाओं का अंतर नहीं पता। जिन 42 लोगों को एंटीबायोटिक्स के बारे में पता है उनमें से 70% मानते हैं कि यह वायरस के खिलाफ काम करता है। वहीं 40% मानते हैं कि यह वायरस इंफेक्शन को ट्रीट करता है। वहीं 73% लोग इसे पेनकिलर मानते हैं। हालांकि राजधानी में 80% लोगों ने माना कि वह बिना प्रिस्क्रिप्शन के एंटीबायोटिक दवा नहीं खरीदते। 70% लोग मानते हैं कि बिना डॉक्टर की सलाह के इन्हें लेना नुकसानदेह है। 98% लोगों ने बताया कि वह अपनी दवाइयां सीधे कूड़े में डाल देते हैं। दो प्रतिशत ने बताया कि वह अपनी दवाइयां अस्पताल या एनजीओ को डोनेट कर देते हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-23-2026 23:16 Color:

वीकेंड से पहले पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानों में बारिश ने बढ़ाई ठिठुरन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

वसंत पंचमी के मौके पर मौसम ने करवट बदल ली है। देर से ही सही पहाड़ बर्फ से ढक गए हैं। इसकी वजह से सैलानियों व टूरिज्म सेक्टर से जुड़े लोगों में उत्साह है। खास यह है कि बर्फबारी गणतंत्र दिवस के लांग वीकेंड से पहले हुई है।

शनिवार से ही वीकेंड की छुट्टियां हैं और सोमवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी है। इसकी वजह टूरिज्म सेक्टर को उम्मीद है कि यह वीकेंड टूरिज्म के लिए काफी अच्छा रहेगा। शुक्रवार को कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश तक में बर्फबारी हुई है। पूरी सर्दी में कमजोर वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से पहाड़ सूखे रहे। अब पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हुई है।

आज और कल भी हल्की बर्फबारी की संभावना है

कश्मीर में बीते गुरुवार से ही भारी बर्फबारी हो रही है। वहां बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। तापमान माइनस में चला गया है। श्रीनगर में 8 इंच तक बर्फ गिरी है। गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों में बर्फ की मोटी परत जम गई है। वहीं हिमाचल प्रदेश के शिमला, मनाली और कुल्लू में 10 से 15 इंच बर्फ गिरी है। हिमाचल प्रदेश में तीन महीने बाद ड्राई स्पेल टूटा है। शिमला, कुफरी, नारकंडा और मनाली जैसे इलाकों में बर्फबारी हुई। यह इलाके दिल्ली के करीब हैं। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बर्फबारी में अब कमी आएगी। 24 और 25 जनवरी को हल्की से मध्यम बर्फबारी की उम्मीद है। एक ताजा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहाड़ों पर पहुंचने की संभावना है।

पहाड़ों ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर



PTI

कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड के कई इलाकों में शुक्रवार को बर्फबारी हुई। इनमें से कई इलाके ऐसे रहे जहां इस सीजन की पहली बर्फ गिरी। कश्मीर घाटी के गुलमर्ग में बर्फ का लंबा इंतजार खत्म हुआ। उत्तराखंड के बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, औली, मसूरी, चकराता, धनोल्टी, उत्तरकाशी सहित अनेक जगहें सफेद चादर में लिपट गईं। शिमला, मनाली समेत कई जगहें भी बर्फ की सफेदी से रंगी नजर आईं।

मैदानों में बारिश

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में बिजली, गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राजस्थान के कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किए हैं।

पर्यटकों की मौज

ताजा बर्फबारी से पर्यटकों का लंबा इंतजार खत्म हुआ। कई जगहों पर नए साल से ही बर्फ का इंतजार हो रहा था। कई जगहों पर पहले सिर्फ नाम की बर्फ पड़ी थी। शिमला में शुक्रवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई, जिसके बाद पर्यटक खुश नजर आए। मनाली के पास स्थित कोठी गांव में 15 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है।

वैष्णो देवी यात्रा टली

माता वैष्णो देवी मंदिर में भी इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई जिसके कारण प्राधिकारियों को यात्रा स्थगित करनी पड़ी।

श्रीनगर एयरपोर्ट बंद

खराब मौसम के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर हवाई यातायात बंद होने के बाद शुक्रवार को कश्मीर आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी गईं।

ट्रैफिक पर असर

पहाड़ी इलाकों में मौसम के अचानक बदलने से यातायात प्रभावित हुआ है। हिमाचल के कुफरी, नारकंडा, और खड़ापत्थर जैसे प्रमुख इलाकों में सड़कें पूरी तरह बंद हो गईं। जम्मू-श्रीनगर नैशनल हाइवे को नवयुग टनल के पास बंद कर दिया गया। भारी बर्फबारी से जम्मू और कश्मीर के बीच रेल सेवा पर भी आंशिक रूप से असर हुआ है।



J&K के 6 जिलों में लैंडस्लाइड की चेतावनी

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने ताजा हिमपात के मद्देनजर शुक्रवार को 6 जिलों में लैंडस्लाइड के खतरे की चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों में मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में 2,300 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में लैंडस्लाइड की ज्यादा आशंका है। उन्होंने जम्मू क्षेत्र के रामबन, डोडा, किश्तवाड़ और पुंछ जिलों और उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में भी 2,500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन की आशंका के मद्देनजर चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने निवासियों से सतर्क रहने और लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की अपील की है।

भोजशाला में 8 हज़ार जवानों की तैनाती में हुई पूजा-नमाज़

■ भाषा, धार (मध्यप्रदेश)

PTI

सुबह से शाम तक पूजा हुई, दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज पढ़ी गई।

वसंत पंचमी पर शुक्रवार को मध्य प्रदेश के धार जिले में शांति से पूजा और नमाज दोनों हुए। भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में हिंदू समुदाय के हजारों लोगों ने वाग्देवी (देवी सरस्वती) की पूजा-अर्चना की, वहीं परिसर के एक अन्य स्थान पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज भी अदा की।

अधिकारियों ने बताया, हिंदू त्योहार और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ने के मद्देनजर किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए करीब 8,000 पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी। सूर्योदय के साथ ही विवादित परिसर में हिंदू श्रद्धालुओं के जुटने का सिलसिला शुरू हो गया। स्थानीय संगठन 'भोज उत्सव समिति' के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वाग्देवी (सरस्वती) का चित्र स्थापित करके पूजा शुरू की।

सुप्रीम कोर्ट ने तय किया था समय का फॉर्म्युला

वसंत पंचमी शुक्रवार को पड़ने के कारण दोनों समुदायों ने विवादित परिसर में पूजा-अर्चना और नमाज के लिए दावा किया था। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हस्तक्षेप किया और समय के बंटवारे का साफ फॉर्म्युला तय किया। कोर्ट ने विवादित परिसर में वसंत पंचमी पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को पूजा-अर्चना करने, जबकि मुसलमानों को दोपहर एक बजे से तीन बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी है।

बसें फूंकीं, दुकानों में तोड़फोड़, पथराव, उज्जैन में फिर तनाव

■ आईएएनएस, उज्जैन

Social Media

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले और बसों की आग बुझाई।

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के तराना कस्बे में शुक्रवार को एक बार फिर तनाव फैल गया। जुमे की नमाज के बाद कथित तौर पर भीड़ ने बसों में आग लगा दी, दुकानों में तोड़फोड़ की और कई जगहों पर पथराव किया। हालात को काबू में करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

20 अरेस्ट, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

एसपी शर्मा के अनुसार, यह घटना सोहेल ठाकुर नामक युवक पर हुए हमले से जुड़ी है, जिसे कुछ युवकों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उसे इलाज के लिए उज्जैन रेफर किया गया है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शुक्रवार को हालात एक बार फिर बिगड़ गए, जब अज्ञात उपद्रवियों ने दो बसों में आग लगा दी और पथराव की घटनाएं सामने आईं।

Amazon में 14000 नौकरियों पर खतरा

■ **NBT रिपोर्ट:** ई-कॉमर्स दिग्गज Amazon अगले हफ्ते से करीब 14,000 कॉरपोरेट नौकरियों में कटौती की तैयारी कर रहा है। यह अक्टूबर 2025 के बाद कंपनी की दूसरी बड़ी छंटनी होगी। इसके साथ ही Amazon में कुल नियोजित जॉब कट्स की संख्या करीब 30,000 तक पहुंच जाएगी, जो कंपनी के तीन दशक के इतिहास में सबसे बड़ी छंटनी मानी जा रही है। पहले चरण में अक्टूबर में लगभग 14,000 व्हाइट-कॉलर नौकरियां खत्म की गई थीं। इस बार AWS, रिटेल ऑपरेशंस, प्राइम वीडियो और ह्यूमन रिसोर्सेज यूनिट PXT के कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। CEO एंडी जैसी ने कहा कि यह फैसला AI नहीं, बल्कि कंपनी कल्चर और बढ़ती नौकरशाही को लेकर लिया गया है।

इंदौर में गंदे पानी से 9 लोग बीमार

■ **भाषा, इंदौर:** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले की महू तहसील में दूषित पेयजल पीने से कम से कम नौ लोग बीमार पड़ गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, गुरुवार रात लोगों के बीमार होने के मामले सामने आए, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया।

जिलाधिकारी शिवम वर्मा देर रात महू पहुंचे और अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने प्रभावित इलाकों के निवासियों से भी बातचीत कर हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि नौ मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि कुछ अन्य लोग घर पर ही इलाज लेकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

स्थानीय MLA उषा ठाकुर ने अस्पताल पहुंच मरीजों का हाल जाना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव हसनी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें शुक्रवार सुबह से ही मौके पर तैनात हैं। इसके अलावा इंदौर मेडिकल कॉलेज की एक टीम और विशेषज्ञ चिकित्सकों को भी प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। महू की विधायक उषा ठाकुर ने भी अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की। डीएम वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को सभी मरीजों के लिए समुचित उपचार सुनिश्चित करने और महू छावनी बोर्ड को पानी की गुणवत्ता जांचने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

एल्गार परिषद केस में दो आरोपियों को HC से बेल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई



AI Image

बॉम्बे हाई कोर्ट ने भीमा-कोरेगांव एल्गार परिषद और माओवादियों से कथित लिंक के मामले में आरोपी सागर गोरखे और रमेश गाइचोर को जमानत दी है। चूंकि केस के अन्य आरोपियों को बेल मिल चुकी है, इसलिए अदालत ने दोनों आरोपियों को समानता के आधार पर बेल दी है। एक्टिविस्ट गोरखे और गाइचोर को मामले में सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने 5 साल बाद दोनों आरोपियों को जमानत दी है, जिन्हें वर्तमान में नवी मुंबई की तलोजा जेल में रखा गया है। यह दोनों आरोपी सांस्कृतिक समूह कबीर कला मंच से जुड़े थे। NIA की विशेष अदालत ने दोनों आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में अपील की थी। अब एल्गार केस में सिर्फ एक आरोपी है, जिसे बेल नहीं मिली है। इस आरोपी का नाम सुरेंद्र गाडलिंग है। इसके अलावा सभी जमानत पर रिहा हो चुके हैं।

आरोपी सागर गोरखे और रमेश गाइचोर को मिली 5 साल बाद राहत

भड़काऊ भाषण में हुए थे अरेस्ट : 2017 में पुणे में आयोजित एल्गार परिषद में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इस केस में गौतम नवलखा, सुधा भारद्वाज, रोना विल्सन, सोमा सेन, पी. वी वरवर राव (मेडिकल के आधार) और सुधीर धवले को बेल मिल चुकी है।

निकट भविष्य में मुकदमे की संभावना नहीं: कोर्ट

जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस श्याम चांडक की बेंच ने कहा कि केस के अन्य आरोपियों को लंबी कैद और निकट भविष्य में मुकदमा शुरू न होने की संभावना के आधार पर बेल मिल चुकी है, इसलिए केस के मौजूदा दो आरोपियों को समानता के आधार पर जमानत पर रिहा किया जाता है। बेंच ने दोनों आरोपियों को एक लाख रुपये के मुचलके पर सशर्त जमानत दी है। दोनों आरोपियों को महीने में एक बार राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के ऑफिस में हाजिरी लगाने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ न करने का निर्देश दिया गया है।

JEE Mains में पहले 3 दिनों में 96% से ज्यादा हाजिरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** 21 जनवरी से शुरू होने वाले जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (JEE- MAIN)- 2026 में पहले तीन दिनों में 96 प्रतिशत से ज्यादा हाजिरी रही है। पहले राउंड की परीक्षा में इस बार सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं और अभी तक छह शिफ्ट में परीक्षा में रिकॉर्ड हाजिरी भी रही है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का कहना है कि परीक्षा देने वालों में 95 पर्सेंट से ज्यादा आधार वेरिफाइड कैंडिडेट्स रहे हैं। एनटीए ने इस बार परीक्षा के लिए आधार वेरिफिकेशन के सिस्टम को बेहतर बनाया, जिसका असर एग्जाम सेंटरों पर भी नजर आया है।

पहले राउंड की परीक्षा में छात्रों की रिकॉर्ड भागीदारी

12वीं के छात्रों के बोर्ड एग्जाम 15 फरवरी के बाद शुरू हो रहे हैं और बोर्ड एग्जाम से पहले हो रहे इंजिनियरिंग एंट्रेंस टेस्ट में ज्यादातर कैंडिडेट्स शामिल हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पहले राउंड की परीक्षा में अच्छा स्कोर करने वाले काफी कैंडिडेट्स दूसरे राउंड की परीक्षा में शामिल नहीं होते हैं। हालांकि जिनका अच्छा स्कोर नहीं होता है, उनके पास दूसरे राउंड की परीक्षा का मौका भी होता है। दूसरे राउंड की परीक्षा 2-9 अप्रैल के बीच होगी।

गोवा अग्निकांड में लूथरा ब्रदर्स पर ED का ऐक्शन

FILE

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पिछले साल 6 दिसंबर को गोवा के नाइट क्लब में लगी आग से जुड़े मामले में एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने शुक्रवार को दिल्ली और गोवा में 8 जगहों पर छापे मारे। ED के सूत्रों ने बताया कि गोवा में Birch by Romeo Lane के मालिकों और पार्टनर्स सौरभ लूथरा, गौरव लूथरा और अजय गुप्ता के परिसरों पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत छापे मारे गए।

दिल्ली और गोवा में 8 जगहों पर छापेमारी

उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह शुरू हुई कार्रवाई के तहत दिल्ली में 5 और गोवा में 3 जगहों पर छापे मारे गए। इनमें लूथरा ब्रदर्स के घर भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि नाइट क्लब को अवैध रूप से चलाने और अग्निकांड में इसके प्रमोटरों की भूमिका की जांच के तहत एक्शन लिया गया। इसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में किंग्सवे कैंप इलाके में आउट्रम लेंस और गुड़गांव में तलाश विलाज में छापा मारा गया।

साथ ही, गोवा में तत्कालीन सरपंच रोशन रेडकर और पंचायत सेक्रेटरी रघुवर बागकर के आवासों पर भी छापे मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि रेडकर और बागकर ने कथित तौर पर नाइट क्लब के लिए अवैध ट्रेड लाइसेंस और अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाने में भूमिका निभाई थी।

अग्निकांड की घटना के बाद 7 दिसंबर को लूथरा ब्रदर्स देश से भाग निकले थे और थाईलैंड पहुंच गए थे। बाद में 17 दिसंबर को उन्हें वापस लाया गया और गोवा पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6 नौएडा-201301 (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट **www.noidaauthorityonline.in** एवं **UPLC** की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in.** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट देखते रहें।

1. जॉब सं0 12/मैनेजर सिस्टम/बोर्ड रूम/2025-26. नौएडा के सेक्टर-96 स्थित, नए प्रशासनिक भवन में बोर्ड रूम और कॉन्फ्रेंस रूम के उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, 3 वर्ष की वारंटी सहित, लागत रु 6,86,48,211/- रुपये जीएसटी सहित

जिन्हें दिनांक 06.02.2026 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक: 09.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।
प्रबंधक (सिस्टम)

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	09252493	पी ओ एच किट फॉर के ई टू बी एस एल ए डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व विथ प्रेशर ट्रांसफार्मर	5134 सेट	16-02-26
02	08261506	रिले, ए सी इम्यून, प्लग इन टाइप, स्टाइल क्यू एन ए 1	5144 नग	23-02-26
03	07250207	कंट्रोल आर्म असेंबली लेफ्ट कंसिस्टिंग ऑफ आइटम्स टेबुलेटेड एस अंडर फॉर एल एच बी कोचेस	961 नग	23-03-26

निविदा शर्तें - 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 82/2025-2026 दिनांक-23.01.2026 259/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग
विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट की अल्पकालिक नियुक्ति हेतु योजना

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट की अल्पकालिक नियुक्ति योजना के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

शैक्षिक योग्यता और पात्रता मानदंड का पूरा विवरण **https://www.cag.gov.in** पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र **22.01.2026** से उपलब्ध होगा।

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **20.02.2026** है।

CBC 51101/11/0008/2526

रेल सेफ्टी में AI, स्टेशन पर उतरा 'ASC अर्जुन'

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** रेलवे ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर 'असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर-अर्जुन' के रूप में रेलवे का पहला 'रोबो कॉप' तैनात किया है। जो की 'नमस्कार' कहने के साथ ही 'सैल्यूट' भी करता है। इस रोबोट की कई खूबियां हैं। जिसमें यह स्टेशन में घूमने वाले किसी भी लिस्टेड आतंकवादी, गैंगस्टर, बदमाश, तस्कर और चोर-उचक्कों को पहचान कर तुरंत कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजेगा। साथ ही फ्राउड मैनेजमेंट के रूप में भी बेहतर काम करेगा। जिसमें प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ अधिक होने पर यह समय रहते रेलवे अधिकारियों को अलर्ट करेगा। जिसमें उस प्लेटफार्म पर आने वाली ट्रेन को किसी दूसरे प्लेटफार्म पर शिफ्ट करने की सलाह भी दी जाएगी।

अधिकारियों का कहना है कि कुछ समय तक यहां इसका रियल फीडबैक लिया जाएगा। कामयाबी मिलते देख इसके जैसे और 'ASC अर्जुन' को दिल्ली और मुंबई जैसे देश के अन्य भीड़भाड़ वाले शहरों के रेलवे स्टेशनों पर भी तैनात किया जा सकेगा। रेलवे के ईस्ट-कोस्ट जोन में आरपीएफ आईजी आलोक बोहरा और वाल्टेयर डिवीजन के डीआरएम ललित बोहरा ने एनबीटी को बताया कि भारतीय रेलवे में यह ASC अर्जुन नाम का यह पहला रोबोट है। जो स्टेशन की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ ही वहां विशाखापटनम रेलवे स्टेशन के आठ प्लेटफार्म पर फ्राउड मैनेजमेंट का जिम्मा भी संभालेगा। रेलवे का यह पहला रोबो कॉप कई मायनों में खास है। जिसे एक साल से अधिक समय में तैयार किया गया है। यह यहां यात्रियों के बीच किसी भी मुद्दे पर होने वाले लड़ाई-झगड़े को भी रोकने का काम करेगा।

उन्होंने बताया कि इसमें फेस रिकग्निशन सिस्टम (FRS) से लैस है। इसमें आतंकवादी, गैंगस्टरों और लोकल बदमाशों और तस्करों समेत 10 लाख चेहरों को अपलोड किया जा सकता है। जो की अपने सामने आते ही उसकी पहचान कर तुरंत उसे पकड़वाने में मदद करेगा। यह 24 घंटे सातों दिन बिना थके काम कर सकेगा। यह स्टेशन पर गंदगी फैलाने वालों को भी पकड़ेगा और मूविंग हेल्प डेस्क के रूप में यह यात्रियों की मदद भी करेगा।

शिक्षा मंत्री RSS के पथ संचलन में शामिल हुए



PTI

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान संबलपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में शामिल हुए।

महाराष्ट्र सदन घोटाले में भुजबल को राहत

■ **आईएएनएस, मुंबई:** महाराष्ट्र सदन घोटाले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल को बड़ी कानूनी राहत मिली है। एंटी करप्शन ब्यूरो के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामले में भी कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। विशेष कोर्ट के जज सत्यनारायण नवंदर ने भुजबल समेत अन्य आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी मंजूर की। कोर्ट ने कहा कि जब इस मामले में कोई प्रेडिकेट ऑफिस बनता ही नहीं है, तो मनी लॉन्ड्रिंग का केस भी नहीं टिक सकता। पहले ही एसीबी केस में राहत मिलने के बाद ईडी ने उसी आधार पर मामला दर्ज किया था। यह मामला वर्ष 2005 का है, जब भुजबल उपमुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री थे।

E-Tender Document for auction (condemn items)
पुलिस रेडियो जोन मुख्यालय जबलपुर, मध्यप्रदेश
इन्दिरा मार्केट जबलपुर - 482001
Fax No. 0761-2678123, E-mail : spradio@mppolice.gov.in

No. SP(R)/JBP/ ST/AUCTION/ 33 /2026 Date 16.01.2026

ई- टेन्डर नीलामी सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस रेडियो (दूरसंचार) जोन जबलपुर अन्तर्गत जिला सिवनी के पुराना थाना भवन धूमा के परिसर में स्थापित 100 फीट एवं जिला सागर के रेडियो कार्यालय परिसर में स्थापित 150 फीट टावर की नीलामी में निष्प्रयोज्य शासकीय सामग्री, जो जहां जिस स्थिति में है,की नीलामी हेतु नीचे दर्शित तालिकानुसार ई- निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सामग्री का नाम	संख्या	ऑफ सेट मूल्य रूपये	ई.एम.डी रूपये	टेन्डर फीस रूपये
1	100 फीट वायरलेस टावर पुराना थाना भवन धूमा जिला सिवनी	01 नग	90,000/- रूपये	7800/- रूपये	1000/- रूपये
2	150 फीट वायरलेस टावर रेडियो परिसर सागर जिला सागर	01 नग	1,71,000/- रूपये		
	कुल ऑफ सेट मूल्य		2,61,000/- रूपये		

(1) ई- निविदा प्रपत्र का मूल्य(निविदा शुल्क) किसी भी स्थिति में वापसी योग्य नहीं होगा और ना ही जिसमें किसी प्रकार की छूट दी जावेगी। निविदा फार्म के साथ बतौर निविदा शुल्क रूपये 1000/- (राशि एक हजार रूपये) आवश्यक रूप से ऑन लाईन जमा करना होगा।
(2) सुरक्षा निधि की राशि एवं निविदा शुल्क पुलिस अधिक्षक (रेडियो) जबलपुर मध्यप्रदेश के नाम से आनलाईन वेब साइट https://www.mptenders.gov.in पर आवश्यक रूप से जमा करना होगा।
(3) म0प्र0 पुलिस की वेबसाइट http://www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
(4) आनलाईन निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर अपलोड करना होगी।
(5) निविदाकर्ता ऑफसेट मूल्य 2,61,000/- से अधिक की निविदा ही कर सकेंगे एवं जीएसटी कर आदि जो भी लागू हो की दरों का पृथक-पृथक उल्लेख करने एवं अन्य सभी कर जमा करने का उत्तरदायित्व निविदाकार का होगा एवं जीएसटी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

शेड्यूल-

अ	निविदा प्रकाशन तिथि/समय	दिनांक 23/01/2026 को 1700 बजे से(शुक्रवार)
ब	निविदा प्रपत्र विक्रय/डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि/समय	दिनांक 24/01/2026 को 1700 बजे से(शनिवार)
स	आनलाईन निविदा जमा करने/प्रारंभ तिथि/समय	दिनांक 30/01/2026 को 1700 बजे से (शुक्रवार)
द	आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि /समय	दिनांक 13/02/2026 को 1600 बजे तक (शुक्रवार)
इ	ई/तकनीकी निविदा खोलने की तिथि/समय	दिनांक 17/02/2026 को 1200 बजे (मंगलवार)

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"
G-24824/25
स्था
पुलिस अधीक्षक (रेडियो)
रेडियो जोन जबलपुर

उत्तर मध्य रेलवे
टेण्डर संख्या-230-वि./क.वि./प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/612 दिनांक: 23.01.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क.वि./उ.म.रे./प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

निविदा सं.: 230-क.वि.-कार्य ठेका-1001-2026, **कार्य का विवरण:** प्रयागराज मंडल में 220/132 केवी फफूंद, दादरी सिंह सब स्टेशन पर स्थापित 220/132 केवी रिले और विभिन्न ट्रैक्शन सब-स्टेशनों/स्विचिंगस्टेशन/डीएसबीसीआईएल रिले सर्किट पर स्थापित 132 केवी टीआर लाइन रिले के परीक्षण का कार्य एवं JJK-GZB सेक्शन में टेस्टिंग उपकरणों का कैलिब्रेशन का कार्य (दो साल के लिए)

अनुमानित लागत : ₹ 86,07,028.62 | **बिड सुरक्षा राशि :** ₹ 1,72,200.00
कार्य अवधि: 24 महीना | **बोली प्रणाली:** एक पैकेट | **लोकेशन:** Revenue (07041132)
निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 13.02.2026, 14:00 बजे।
निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 13.02.2026, 15:00 बजे।

नोट:- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। (2) उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 189/26 (MG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: dilip.lal Time: 01-23-2026 22:24 Color:

संवाद

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 24 जनवरी 2026

दूरी ही अच्छी

बोर्ड ऑफ़ पीस में न रहे भारत

दूसरे टर्म के पहले एक साल में डॉनल्ड ट्रंप ने अपने भाषणों और संदेशों में एक शब्द का इस्तेमाल बार-बार किया - पीस यानी शांति। पहले वह शांति का नोबेल चाहते थे, जो नहीं मिला तो उन्होंने ग्रीनलैंड पर दावा ठोक दिया। अब वह अपने महत्वाकांक्षी प्लान 'बोर्ड ऑफ पीस' के लिए दुनिया को धमका रहे हैं। इसका हिस्सा बनने के लिए तमाम देशों के साथ भारत को भी निमंत्रण भेजा गया है, पर उसे इससे दूर ही रहना चाहिए।

मनमर्जी करेंगे ट्रंप

बढ़ा रहे दायरा । इस बोर्ड को लेकर दो बड़े सवाल हैं - भारत की अपनी नीति और ट्रंप का रवैया। बोर्ड ऑफ पीस की भूमिका को लेकर शुरू से अस्पष्टता है। ट्रंप ने इस आइडिया को गाजा में शांति बहाली के नाम पर आकार दिया, लेकिन अब धीरे-धीरे वह इसका दायरा बढ़ाते जा रहे हैं। दावोस में उन्होंने इन आशंकाओं को खारिज किया था कि वह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र की जगह लेगा, पर वहां से लौटते समय उनका मन बदल गया। अब वह कह रहे हैं कि UN अगर बोर्ड के साथ मिलकर काम करता है, तो उसके लिए अच्छा होगा।

व्यक्ति केंद्रित व्यवस्था । ट्रंप के साथ मुश्किल यही है कि अपनी सहूलियत के अनुसार कभी भी बदल सकते हैं। और फिर यह बोर्ड तो उनकी मर्जी के गुलाम जैसा है, जिसमें उनके चहेतों को ही पद मिले हैं। यह बोर्ड व्यक्ति केंद्रित ढांचा ज्यादा है, जिसमें सारी शक्ति ट्रंप के हाथों में है। ऐसे बोर्ड का सदस्य बनने से कोई फायदा नहीं, जिसमें लोकतांत्रिक बहस और विचारों को जगह न मिले। इसका ताजा सबूत है कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से नागरगी के बाद निमंत्रण वापस ले लेना।

UN कमजोर होगा । पीस ऑफ बोर्ड के जरिये ट्रंप दुनिया में शांति बहाल करने की बात कह रहे हैं, इसका मतलब गाजा के इतर भी दूसरे मामलों में हस्तक्षेप करने की उनकी मंशा है। यह भारत के लिए चिंता की बात होनी चाहिए क्योंकि इसकी वजह से संयुक्त राष्ट्र की भूमिका भी कमजोर होने की आशंका है।

स्वतंत्र विदेश नीति । एक अरब डॉलर की फीस और बोर्ड के सदस्यों का चुनाव जैसे मुद्दों पर स्पष्टता नहीं है। यह सीधे-सीधे अमेरिकी प्रभुत्व का ही एक रूप है। भारत की विदेश नीति हमेशा से स्वतंत्र रही है और उसी पर चलना चाहिए। गाजा को फिर से बसाने की जरूरत है और दुनिया में शांति भी चाहिए, लेकिन उसका रास्ता आपसी सहमति से निकलेगा - धमकियों से नहीं।

और सुनाओ

बजट Vs बिंदास

रिश्तों में पैसों को लेकर सोच का टकराव आम हो चला है। एक पार्टनर हर खर्च को बारीकी से गिनता-परखता है, बजट बनाता है, भविष्य की योजना करता है। दूसरा साथी पैसों के मामले में 'जो होगा देखा जाएगा' वाले रवैये के साथ जीना पसंद करता है। पहली नजर में यह फर्क छोटा या सामान्य लग सकता है, लेकिन समय के साथ यही अंतर तनाव, असहमति और आखिरकार आर्थिक असुरक्षा का कारण बन सकता है।

रमेश तिवारी

पैसा अपने आप में सिर्फ साधन है, लेकिन रिश्तों में उसका मतलब भावनाओं, सुरक्षा और भरोसे से जुड़ जाता है। जो साथी हर खर्च को ट्रैक करता है, उसके पीछे अक्सर असुरक्षा या जिम्मेदारी की भावना होती है। वह भविष्य के लिए तैयार रहना चाहता है। इमरजेंसी, बच्चों की पढ़ाई, घर, रिटायरमेंट। उसके लिए पैसा जीवन में स्थिरता का जरिया होता है। दूसरी ओर, जो साथी डिटेल्स से दूरी बनाए रखता है, वह जरूरी नहीं कि लापरवाह हो। कई बार यह रवैया जीवन को हल्के में लेने, वर्तमान में जीने या पैसों से जुड़े तनाव से बचने का तरीका होता है। समस्या तब शुरू होती है जब ये दोनों नजरिये संवाद की जगह टकराव में बदल जाते हैं।

समय के साथ यह तनाव रोजमर्रा की बातचीत में घुस आता है। छोटी-छोटी बातें पर बहस होने लगती है। ये बहसें अक्सर सतही दिखती हैं, लेकिन उनके नीचे गहरी भावनाएं छुपी होती हैं। एक साथी सोचता है, मैं भविष्य के लिए सोच रहा हूं, और तुम्हें परवाह ही नहीं। दूसरा मन ही मन कहता है, जिंदगी सिर्फ बचत के लिए नहीं है। आर्थिक असुरक्षा का खतरा यहीं से पैदा होता है। अगर एक साथी पूरी तरह अनजान बना रहता है और दूसरा अकेले सब संभालता है, तो किसी भी संकट की स्थिति में दोनों असहाय हो सकते हैं। नौकरी चली जाना, अचानक मेडिकल खर्च या कोई बड़ा पारिवारिक दायित्व... इन हालात में अगर दोनों एक ही दिशा में न हों, तो रिश्ता और कमजोर पड़ सकता है।

यह तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक नहीं है। इस तरह का अंतर हर रिश्ते में टकराव की वजह बने, यह जरूरी नहीं। दरअसल, अगर सही तरह से समझा जाए तो यह संतुलन भी बन सकता है। एक साथी जो योजनाबद्ध है, वह सुरक्षा और दिशा देता है, जबकि दूसरा साथी जीवन में लचीलापन और आनंद लाता है। वित्तीय सुरक्षा सिर्फ बैंक बैलेंस से नहीं आती, बल्कि आपसी भरोसे और साझा जिम्मेदारी से आती है। जब दोनों साथी यह मान लेते हैं कि उनका लक्ष्य एक-दूसरे के खिलाफ नहीं, बल्कि एक-दूसरे के साथ मिलकर बेहतर भविष्य बनाना है, तब बजट और आजादी के बीच संतुलन संभव हो जाता है। रिश्तों में पैसों की अनदेखी करना उतना ही खतरनाक है जितना पैसों को रिश्ते से बड़ा बना देना। सही रास्ता बीच का है।

ऑफ दि ट्रैक

यूं जवान रहेगा दिमाग़

दिलीप लाल

नियमित व्यायाम शरीर को ही स्वस्थ नहीं रखता, मस्तिष्क को भी लंबे समय तक युवा बनाए रखने में मदद करता है। Journal of Sport and Health Science में प्रकाशित एक हालिया शोध के अनुसार हफ्ते में सिर्फ 150 मिनट का एरोबिक व्यायाम मस्तिष्क की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकता है। तेज चलना, साइकल चलाना, तैरना या हल्की दौड़ एरोबिक व्यायाम में आते हैं। इससे हृदय और फेफड़ों के साथ-साथ मस्तिष्क को भी सक्रिय रख सकते हैं। इस सिलसिले में 26 से 58 वर्ष के लोगों को शामिल कर उन्हें दो समूहों में बांटा गया। एक समूह ने हफ्ते में 150 घंटे का एरोबिक व्यायाम किया, जबकि दूसरे ने अपनी दिनचर्या में कोई बदलाव नहीं किया। MRI स्कैन की मदद से मस्तिष्क की संरचना की स्टडी की गई। परिणाम चौंकाने वाले थे। नियमित व्यायाम करने वालों के मस्तिष्क और व्यायाम न करने वालों में ब्रेन एज में एक वर्ष का अंतर देखा गया। यानी व्यायाम करने वालों में बेहतर स्मृति, तेज सोच, स्वस्थ मस्तिष्क पाए गए। भले ही यह अंतर छोटा लगे, लेकिन दशकों में इसका प्रभाव गहरा हो सकता है। अध्ययन बताता है कि 30, 40 और 50 की उम्र में अपनाई गई नियमित व्यायाम की आदतें भविष्य में मेमरी लॉस और डिमेंशिया जैसी समस्याओं के जोखिम को कम कर सकती हैं।

अकेलेपन से जूझते लोग चैटबॉट्स की 'संवेदनशीलता' से आकर्षित हो रहे

AI से रिलेशनशिप में कई ख़तरे

क्या आपने कभी अकेलेपन, तनाव या उलझन के क्षणों में किसी चैटबॉट से बात की? यदि हां, तो आप अकेले नहीं हैं। आज लाखों लोग अपने मन की बात कहने, तनाव कम करने और भावनात्मक सहारा पाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी AI की ओर रुख कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति विशेष रूप से युवाओं और सीनियर सिटिजंस में अधिक दिखाई देती है।

सुरभि सागर

सवाल नहीं पूछती । जब भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने में झिझक हो, जजमेंट का डर सताता हो या सामाजिक रिश्तों में संवाद की कमी महसूस होती हो, तब AI-आधारित प्रणालियां एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने आती हैं। वे न सवाल पूछती हैं, न आलोचना करती हैं और न ही दूरी बनाती हैं। उपयोगकर्ता की भाषा, मनोदशा और भावनात्मक संकेतों के अनुसार रिस्पांस देने की क्षमता इन्हें 'संवेदनशील' बनाती है। यही सहजता और निरंतर उपलब्धता कई बार वास्तविक मानवीय रिश्तों का स्थान लेने लगती है।

बॉट से विवाह । जापान की कानो की कहानी इस बदलते यथार्थ का एक मार्मिक उदाहरण है। टूटे हुए रिश्ते और गहरे भावनात्मक आघात के बाद उन्होंने ChatGPT को अपना सहारा बनाया। शुरू में यह डिजिटल सहायक उनके लिए लेखन, जानकारी और संवाद का माध्यम था, लेकिन धीरे-धीरे यह उनका 'भावनात्मक साथी' बन गया। इस भावनात्मक जुड़ाव का शिखर तब दिखा, जब उन्होंने ऑगमेंटेड रियलिटी (AR) चश्मों की मदद से एक प्रतीकात्मक वर्चुअल शादी का आयोजन किया।

भावनात्मक निर्भरता

- चैटबॉट्स जज नहीं करते, न ही दूरी बनाते हैं
- हर हाल में सहारा देते, हमेशा उपलब्ध रहते हैं

भले ही यह रिश्ता कानूनी या सामाजिक रूप से मान्य न हो, लेकिन कानो के लिए यह उतना ही सच्चा था जितना कोई मानवीय संबंध।

चमत्कारी का खतरा । यह वाकया एक गंभीर चेतावनी भी है। जब लोग अपनी भावनात्मक जरूरतों को AI से जोड़ते हैं, तो एक ऐसे सिस्टम पर निर्भर हो जाते हैं, जिसके पास न तो व्यक्तिगत अनुभव होते हैं और न ही मानवीय संवेदनाओं की वास्तविक समझ। AI चाहे जितनी भी 'सहानुभूति' दिखाए, वह भावनाओं को महसूस नहीं कर सकता, वह केवल डेटा और पैटर्न के आधार पर प्रतिक्रिया देता है। इसके अलावा, इन प्रणालियों को इस तरह प्रशिक्षित किया जाता है कि वे अक्सर यूजर्स की बातों से सहमत दिखें। एक्सपर्ट्स इसे चमत्कारी कहते हैं। इसका खतरा यह है कि AI किसी की गलत धारणाओं या भ्रम को भी सही ठहराता हुआ दिख सकता है, जिससे मानसिक उलझन और गहरी हो सकती है।

युवाओं और सीनियर सिटिजंस में बढ़ रहा ट्रेंड

व्यवहार में बदलाव । यूथ की आवाज और यूथ लीडर्स फॉर एक्टिव सिटिजनशिप (YLAC) की ओर से 2025 में किए गए सर्वे 'क्या तुम हो, AI?' (Are You There, AI?) के आंकड़े इस बदलाव की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। सर्वे के अनुसार, 13 से 35 वर्ष की आयु के लगभग 57% भारतीय युवा तनाव, अकेलेपन और भावनात्मक सहारे के लिए AI को एक साथी के रूप में उपयोग कर रहे हैं। यह केवल एक तकनीकी ट्रेंड नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवहार और मानवीय रिश्तों की प्रकृति में हो रहा गहरा परिवर्तन है।

वैश्विक चुनौती । वैश्विक स्तर पर भी इस चुनौती को गंभीरता से लिया जा रहा है। इंग्लैंड में अकेलेपन की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए 2018 में एक अलग मंत्रालय - मिनिस्ट्री फॉर लोनलीनेस - गठित किया गया था। ऐसे ही दक्षिण कोरिया में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए विशेष आर्थिक सहायता और स्टाइपेंड जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

संतुलन कैसे साधें । इस बदलते परिदृश्य में सबसे बड़ी चुनौती है तकनीक और मानवीय संवेदनाओं के बीच संतुलन बनाना। इसकी शुरुआत डिजिटल साक्षरता से होती है। युवाओं को यह सिखाना जरूरी है कि डिजिटल दुनिया में मिलने वाला भावनात्मक सहारा वास्तविक मानवीय रिश्तों का विकल्प नहीं हो सकता। नीति-निर्माताओं, शिक्षण संस्थानों और AI डिवेलपर्स को मिलकर गोपनीयता, डेटा सुरक्षा, बच्चों और युवाओं के लिए उपयोग-सीमा व AI से उत्पन्न भावनात्मक प्रभावों से जुड़े नोम और संवेदनशील नियम बनाने होंगे।

भावना नहीं, बस अहसास । इस सब को मन में मजबूती से बिठाना होगा कि तकनीक हमारे जीवन को सरल, तेज और सुविधाजनक बना सकती है, लेकिन उसे अर्थ देने वाली भावनाएं आज भी मनुष्यों में ही बसती हैं। AI को दक्षता बढ़ाने वाला सहयोगी बनाइए, पर उसे रिश्तों और भावनाओं का स्थान न लेने दीजिए।

(लेखिका DU में रिसर्च स्कॉलर हैं)

AI Image

ट्रंप ने चीन को फंसाया

5 पॉइंट

डॉनल्ड ट्रंप की हालिया विदेश नीति ने चीन को मुश्किल में डाल दिया है। ट्रंप सीधे तो पेइचिंग से पंगा नहीं ले रहे, पर ऐसे काम कर रहे हैं, जिससे शी चिनफिंग के लिए कठिनाई खड़ी कर दी है। चीन फिलहाल वेट एंड वॉच के मूड में दिख रहा।

1 सस्ता तेल अब नहीं
वेनेजुएला से चीन अपनी कुल जरूरत का करीब 4% और ईरान से 12% से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। US ने इन दोनों देशों को निशाना बनाया है। वेनेजुएला से अब शायद ही चीन को तेल मिल पाए।

2 कर्ज की वापसी फंसी
चीन ने कच्चे तेल के बदले वेनेजुएला को 100 अरब डॉलर का कर्ज दिया था। वेनेजुएला ने 2017 से कर्ज के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, पर अनुमान है कि अब भी 10 अरब डॉलर का बकाया है।

3 हथियारों की बिक्री रुकी
लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट में चीन ने कर्ज के साथ हथियार भी खूब बेचे। वेनेजुएला तो सबसे बड़े हथियार खरीदारों में है। लेकिन, ट्रंप की सख्त नीतियों के बाद चीन के लिए यह रास्ता भी बंद हो चला है।

4 अफ्रीका में घेराव
ट्रंप की लिस्ट में क्यूबा, कोलंबिया, निकारागुआ और ब्राजील है। साथ ही वह अफ्रीका में अमेरिकी दखल बढ़ाना चाहते हैं। चीन ने अफ्रीकी देशों में बहुत कर्ज बांटा है, यानी यहां भी उसे मुश्किल होने वाली है।

5 लेकिन चीन भी कम नहीं
वेनेजुएला की मोबाइल नेटवर्क प्रणाली चीन की कंपनियों - ZTE और हुआवे पर निर्भर है। अमेरिका के व्यवस्था संभालने के बाद भी वेनेजुएला को चीन की जरूरत होगी।

प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

www.nbt.in

इंग्लिश वहीं जहां बहुत ज़रूरी हो

कुछ समय पहले दिल्ली की एक नगर निगम पार्षद का विडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एक विदेशी फुटबॉल कोच को धमकी दे रही थीं कि अगर उसने एक महीने में हिंदी नहीं सीखी तो सार्वजनिक पार्क में बच्चों को फुटबॉल सिखाना बंद कर दे। हालांकि जब विडियो वायरल हुआ तो उस नगर निगम पार्षद ने माफी मांग ली।

इस किस्से को देख सुनकर मुझे यूरोपीय देशों की याद ताजा हो गई। हालांकि वहां भाषा को लेकर इस तरह से किसी विदेशी को धमकाया नहीं जाता, लेकिन वहां के लोग भी अपनी भाषा को लेकर बेहद संवेदनशील रहते हैं। खासतौर पर जर्मन और फ्रेंच। जब हम लोग वहां पहुंचे तो हमें दो-तीन शब्द समझाए गए और कहा गया कि अगर कोई जर्मन मिले तो उससे उन शब्दों के साथ बातचीत शुरू करें और तब कहें कि नो जर्मन, ओनली इंग्लिश। वजह पूछी तो बताया कि ऐसा करने से उन्हें लगता है कि सामने वाले ने जर्मन में बात करने की कोशिश की है तो फिर वे बात कर लेते हैं। अगर वे इंग्लिश जानते हैं तो आपको गुजारे लायक जानकारी इंग्लिश में दे देंगे।

खुद अपनी आंख से

गुलशन राय खत्री

ऐसे में हमने दो शब्द तो सीख ही लिए। एक था गुटन मॉर्निंग यानी गुड मॉर्निंग और दूसरा डंकेशन यानी थैंक्यू। लेकिन इसके अलावा हमारे लिए और जर्मन सीखना संभव नहीं था। इसलिए हम लोगों ने 'नो जर्मन, ओनली इंग्लिश' को एक नारे की तरह रट लिया।

एयरपोर्ट पर हम जाते तो सिक्योरिटी चेकिंग के वक्त जैसे ही मेटल डिटेक्टर की ओर बढ़ते, तुरंत कहते कि 'नो जर्मन, ओनली इंग्लिश'। इतना समझते ही वे हमें इशारे से बताते कि हाथ ऊपर कर लें। अगर घड़ी आदि कुछ उतारने के लिए कहना होता तो भी इशारे से बताते। ये फॉर्मूला कई जगह काम आया। हालांकि जब वहां के लोगों के अपनी भाषा के प्रति जुनून के बारे में जानना चाहा तो पता चला कि उनके लिए अपनी भाषा, सिर्फ संवाद का साधन नहीं बल्कि राष्ट्रीय पहचान है। उन्हें ये भी लगता है कि अगर इंग्लिश पर जोर दिया तो उनकी पहचान खत्म हो सकती है।

शायद यही वजह है कि वहां एजुकेशन, एडमिनिस्ट्रेशन, जुडिशरी, मीडिया सब उनकी अपनी भाषा में ही है। वहां काम करने के लिए इंग्लिश की कोई जरूरत नहीं है। इसकी एक वजह ये भी है कि उन्होंने अतीत में इतना सब झेला है कि उन्हें लगता है अब अपनी भाषा और संस्कृति को क्यों छोड़ा जाए। लेकिन ऐसा नहीं, कि वहां लोग इंग्लिश जानते ही नहीं। खासतौर पर नई पीढ़ी तो इंग्लिश समझती भी है और बोलती भी है लेकिन वहीं, जहां बहुत जरूरी हो। वे इतना जरूर चाहते हैं कि सामने वाला जर्मन, फ्रेंच बोलने की कोशिश तो करे। बाकी तो वे इंग्लिश में 'मदद' कर ही देंगे।

चलते-चलते...

Cell Press में प्रकाशित हालिया अध्ययन के अनुसार, जैसे ही राइनोवायरस नाक में प्रवेश करता है, कोशिकाएं इंटरफेरॉन प्रोटीन छोड़कर वायरस की बढ़त रोकने लगती हैं। यह प्रतिक्रिया तेज हो तो संक्रमण दब जाता है और लक्षण नहीं उभरते, जबकि धीमा होने पर सर्दी के लक्षण गंभीर हो सकते हैं।

इंसान बराबर हैं, तो समाज का एक हिस्सा दलित क्यों

हाल ही में नई धारा रचना सम्मान से सम्मानित साहित्यकार प्रो. रजत रानी 'मीनू' ने सिर्फ अपने लेखन के लिए बल्कि हिंदी में दलित साहित्य को उसकी पहचान दिलाने के लिए भी जानी जाती हैं। हिंदी दलित कविताओं पर पहला शोध उन्हीं के नाम पर दर्ज है जो उन्होंने JNU से एमफिल करते हुए साल 1992 में किया था। 'हम कौन हैं' (कथा संग्रह) और 'पिता भी तो होते हैं मां' (कविता संग्रह) जैसी दर्जनों पुस्तकों की लेखिका और अनेकानेक पुरस्कारों से नवाजी जा चुकीं प्रो. रजत रानी 'मीनू' से बातचीत की है NBT के ***प्रणव प्रियदर्शी*** *ने। प्रस्तुत हैं मुख्य अंश :*

सप्ताह का इंटरव्यू

प्रो. रजत रानी 'मीनू'

> जो भेदभाव है, उसकी क्रूरतम अनुभूति तो उसी को होती है जो पीड़ित है। आज भी दलित दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोकने की घटनाएं होती हैं। अब जो दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोक रहा है, वही इस पर कहानी भी लिखे तो उसके लेखन में प्रामाणिकता कैसे आएगी? उसमें एक तरह का बनावटीपन रहना स्वाभाविक है।

■ **दलित साहित्य पर आपके काम की खास चर्चा होती है। तो सबसे पहले यही सवाल, जो आज भी कई हलकों में पूछा जाता है कि साहित्य तो साहित्य होता है, फिर अलग से दलित साहित्य क्यों?**

ठीक यही बात JNU में मेरी गाइड ने कही थी, जब मैंने पहली बार उनके सामने एमफिल के अपने शोध का टॉपिक रखा था। टॉपिक था, नीवें दशक की हिंदी दलित कविता पर डॉ. आंबेडकर का प्रभाव। उन्होंने कहा, कविता तो कविता होती है...। मेरे मुंह से तत्काल निकला, 'मनुष्य तो मनुष्य होता है। फिर भी मनुष्य समाज का एक बड़ा हिस्सा दलित कहलाता है'। बात उनकी समझ में आई, लेकिन फिर उनका सवाल था कि हिंदी में दलित कविता है ही कहां जो तुम उस पर शोध करोगी। यह मैं 1992 की बात बता रही हूं। मराठी दलित साहित्य के बारे में सब जानते थे क्योंकि कमलेश्वर 1975 में उस पर साहित्य के विशेषांक निकाल चुके थे। हिंदी में भी दलित लेखक कविताएं-कहानियां लिख रहे थे लेकिन राष्ट्रीय साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएं उन्हें नोटिस नहीं ले रही थीं। लिहाजा, उनके बारे में हिंदी जगत को कुछ पता नहीं था। मेरे कहने पर भी गाइड को भरोसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, पहले तुम हिंदी दलित कविता की विकास यात्रा विषय पर एक आर्टिकल तैयार कर लो, तब मैंने आर्टिकल तैयार कर उन्हें दिखाया, तब उन्होंने विषय को मंजूरी दी।

■ **एक धारणा यह सुनने में आती है कि दलितों का दर्द दलित ही महसूस कर सकता है, महिला का दर्द महिला ही बयां कर सकती है। क्या ऐसी धारणाएं मानवीय संवेदना के रेंज को सीमित नहीं करती?**

नहीं। इस धारणा से मानवीय चेतना सीमित नहीं होती, बल्कि उसका और विस्तार ही होता है। जो भेदभाव है, उसकी क्रूरतम अनुभूति तो उसी को होती है जो पीड़ित है। आज भी दलित दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोकने की घटनाएं होती हैं। अब जो दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोक रहा है, वही इस पर कहानी भी लिखे तो उसके लेखन में प्रामाणिकता कैसे आएगी? उसमें सतहीपन, एक तरह का बनावटीपन रहना स्वाभाविक है।

■ **आपको दलित लेखन के लिए जाना जाता है, लेकिन आप महिला भी हैं और महिला उत्पीड़न का पहलू भी आपके लेखन में आया है। तो जो अलग-अलग तरह के अनुभव मिलते हैं जीवन में, उनमें किस पहचान से जुड़ा कौन सा अनुभव प्राथमिकता पाएगा लेखन में, यह कैसे तय होता है? आपने कभी गौर किया है इस पर?**

पहले यह साफ कर दूं कि दलित लेखक मैं नहीं कहती खुद को। मैं तो एक नागरिक हूं और अपने जीवन अनुभव को लेखन में उतार रही हूं, जैसे कोई भी लेखक उतारता है। वह पहचान तो दूसरे देते हैं मुझे। वैसे ही, जैसे कि दलित ने खुद को दलित या अस्पृश्य नहीं बनाया कभी। दूसरों ने ही उस पर यह ठप्पा लगाया। दूसरी बात यह कि अनुभव तो समझता में ही आते हैं इसे अलग-अलग करके नहीं देखना चाहिए। आपने ठीक ही कहा कि मेरी कहानियों में महिला उत्पीड़न के पहलू भी आते हैं। बतौर लेखक हमारी मुख्य चिंता न्याय की है। जहां, जिस तरह का भी अन्याय है, वह हमारे लेखन में उभरता है।

■ **मौजूदा दौर ऐसा है जिसमें बहुसंख्यक चेतना हावी होती दिख रही है। इस दौर की क्या चुनौतियां आप देखती हैं, साहित्य के संदर्भ में?**

साहित्य के संदर्भ में तो यह बात मायने रखती है कि जिसका जो अनुभव है, वह व्यक्त करता रहे लेखन में। अगर दलित उत्पीड़न झेल रहे हैं तो वे अपना अनुभव दर्ज करते रहें, कहानी, कविता, लेख- जिस विधा में भी लिख सकते हों, लिखें। साहित्यकार का यही काम है। राजनीतिक दल तो अपना काम करेंगे। उनसे टकराने का मतलब नहीं। **क्या साहित्य के मूल्यांकन की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है इससे?**

कुछ क्षण के लिए हो सकती है। लेकिन अगर ईमानदारी से लेखन जारी रखा जाए तो साहित्य की अपनी ताकत होती है और उससे समाज भी देर-सबेर प्रभावित होता है, राजनीति भी प्रभावित होती है।

रीडर्स मेल

▸ फैसले का सम्मान हो

23 जनवरी का संपादकीय 'सौहार्द की पहल' पढ़ा। मध्य प्रदेश के धार जिले में भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद में सरस्वती पूजा और जुमे की नमाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सराहनीय है। हिंदू समुदाय के लोग इस भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम तबके के लोग इसे मौला मस्जिद कहते हैं। ASI के अनुसार यह भोजशाला 11वीं सदी का स्मारक है। बहरहाल, हमारा देश धर्म निरपेक्ष है। यहां पर विभिन्न जाति समुदाय के लोगों को अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार पूजा या इबादत करने की पूरी आजादी है। हमारी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। इस मामले में जब माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है, तब सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। आपसी भाईचारे की जिम्मेदारी निभाते हुए यहां के लोग पूरे देश के लिए बेहतर उदाहरण पेश कर सकते हैं।

हितेंद्र डेड़ा, जिला गांव

▸ सरकारी स्कूलों को सुधारें

यह पत्र 23 जनवरी के लेख 'सिर्फ सीटें देने से नहीं आएगा चैन' से संबंधित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि निजी स्कूलों को शिक्षा के अधिकार कानून के अंतर्गत गरीब बच्चों को प्रवेश देना चाहिए, वे देते भी हैं लेकिन प्रवेश पाने वाला गरीब बच्चा क्या समयुग उस स्तर की शिक्षा ग्रहण कर पाता है जो मध्यम वर्गीय और एक संपन्न परिवार का बच्चा करता है? लेखक का यह कहना वाजिब है कि स्कूल की फीस के अतिरिक्त अन्य स्कूली खर्चे पर भी सरकार को विचार करना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि शिक्षा और स्कूल आज के समय में व्यापार बन चुके हैं। हर स्कूल ज्यादा से ज्यादा कमाई करना चाहता है। इस समस्या को दूर करने के लिए सबसे पहले सरकारी स्कूलों का स्तर काफी सुधारना होगा।

बाल गोविंद, नोएडा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: rajesh.mishra Time: 01-23-2026 22:40 Color:

NBT GOOD न्यूज़

दूसरों की मदद से मिलती है खुशी

मनोवैज्ञानिक शोध के अनुसार, दूसरों की मदद करने से खुशी बढ़ती है। खुद पर खर्च करने से ज्यादा सुकून दूसरों के लिए कुछ करने से मिलता है

10 साल की मेहनत का फल, बंजर और रेतीली ज़मीन पर उगा दिए सेब

सीकर की रेतीली, गर्म धरती पर सेब-अनार की खेती कर रही है संतोष देवी

Ashish.Mehta@timesofindia.com

■ **जयपुर :** एक दशक पहले जब सीकर की रेतीली और गर्म धरती पर संतोष देवी ने सेब और अनार की खेती का सपना देखा, तो उनका मजाक उड़ाया गया। बेरी गांव स्थित अपने छोटे से खेत के लिए वह सेब और अनार के पौधे ले आई, तो सबने इसे खारिज कर दिया। पड़ोसियों से लेकर कृषि विशेषज्ञों तक ने कहा कि बंजर जमीन पर सेब नहीं उगाया जा सकता है। क्योंकि, यहां पानी की कमी और मौसम बेहद गर्म है। लेकिन संतोष देवी ने अपने असंभव से सपने को सच कर दिखाया, जिसकी बदौलत उन्हें राष्ट्रपति भवन से न्योता मिला है। राज्य सरकार की ओर से कई बार इनोवेटिव किसान के रूप में सम्मानित हो चुकी संतोष देवी को अब अपने जीवन का सबसे भावुक सम्मान मिला है। उन्हें इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के लिए एक विशिष्ट प्रतिभागी के रूप में बुलाया गया है।

लेटर मिला, तो बंद ही नहीं हो रहा था मुस्कुराना: राष्ट्रपति भवन से पत्र आया, तो उनका परिवार और गांव खुशी से झूम उठा। इस लम्हे ने संतोष देवी के कई साल के संघर्ष को गर्व के आंसुओं में बदल दिया। उनके बेटे राहुल खेतरा ने कहा, "निमंत्रण 4 दिन पहले आया है। मेरी मां मुस्कुराना बंद नहीं कर पा रही थीं। उन्होंने वर्षों तक चुपचाप काम किया। असफलताओं, संदेहों और आर्थिक परेशानियों का सामना किया। आखिरकार उनकी कड़ी मेहनत को राजधानी दिल्ली तक पहचान मिल गई है।'

'जो मान्या कोन्या, वे इब पूंछे हैं'

संतोष देवी बताती हैं कि उन्होंने लगभग 10 साल तक, कठोर परिस्थितियों में बागवानी के साथ प्रयोग किया। पानी की कमी, खराब मिट्टी और बार-बार संदेह के बावजूद हार मानने से इनकार कर दिया। वह कहते हुए उनकी आंखें भर आई कि "मैंने पिछले 10 साल से अनार, सेब और मौसमी उगाए हैं। कुछ दिन ऐसे भी थे, जब मैं थका हुआ महसूस करती थी, लेकिन मैं तरीके बदलती रही। मिट्टी, पानी और खाद देना, सब कुछ। मुझे विश्वास था कि एक दिन जमीन जवाब देगी। संतोष देवी को उनके विश्वास का फल मिला। उस जगह सेब के पेड़ों पर फल लगने लगे, जहां किसी ने सोचा भी नहीं था।

विचार

अपने दिल का अनुसरण करो, अपने दिल की आवाज सुनो... और इस बात की परवाह करना छोड़ दो कि लोग क्या कहेंगे। – रॉट टी. बेनेट
(Roy T. Bennett)

ज़रा हंस लें

अर्ज किया है...दौरानी, हसरत भरी निगाहों से हम उन्हें मुड़ मुड़कर देखते रहे।
और उस तरफ से वो भी हमें मुड़-मुड़कर देखते रहे...
वो हमें, हम उन्हें,
वो हमें, हम उन्हें यूं ही तकते रहे।
क्योंकि परीक्षा में
न उन्हें कुछ आता था न हमें।

कविता : लेखनी

रुक जाना नहीं... पत्थर के पानी सा ठहरना नहीं, नदिया के नीर सा बहना है। जिससे पल-पल निखारा जाए, जीवन जो अमूल्य गहना है। विपत्ति से नहीं आपत्ति, साहस ही तेरी साथी।

सागर की लहरों से सीख, गिर कर फैसे, पल भर में उठ जाना है। तलवार पे धार धर के, हौसले बुलंद करके। हट जाना कर्मभूमि में, फल को मुकाम हासिल होई।

जलवा अमन दिखाना है। अपनी फितरत को समझ, और राही का ध्यान कर। फिर अपनी व्यवस्था सफर कर जीवन के जटिल संघाद पथ, अनुभव तुझे बन जाना है।

– मोनिका जैन, NBT रीडर

वॉन्जिटेव सोच के साथ अपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मित सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

गणतंत्र दिवस परेड में यह कयाकर बढ़ाएंगे कश्मीर की शान

पतवार ने खोला परेड रास्ता

Meghna.Dhulia@timesofindia.com

■ **श्रीनगर की** डल झील, सैलानियों की चहल-पहल, पानी की थपथपी और शम्मू की जानी-पहचानी लय। इसी झील के किनारे मोहसिन अली का बचपन बीता। मोहसिन के लिए पानी सिर्फ नजारा नहीं, उनकी जिंदगी है। किसी ने नहीं सोचा था कि सैलानियों को शिकारे पर घुमाने वाला यह 20 साल का लड़का एक दिन 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर देश का मान बढ़ाएगा। मोहसिन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने जा रहे हैं, कयाकिंग जैसे खेल के लिए, जिसे अब तक कम लोग जानते थे। उनकी कहानी 2017 में शुरू हुई, जब वे स्कूल में थे और डल झील के नेहरू पार्क वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर को देखते हुए बड़े हो रहे थे। कयाकिंग सीखने से पहले उन्होंने एक महीने तक रिकॉगन की ट्रेनिंग ली।

मोहसिन के पिता बढ़ई हैं। तीन भाइयों में सबसे बड़े मोहसिन पढ़ाई और खेल का खर्च निभाने के लिए शाम से रात तक शिकारा चलाते हैं। सुबह चार बजे से शुरू होने वाला उनका संघर्ष आज पहचान बन गया है।

मेडल की झड़ी और पीएम की 'मन की बात'

मोहसिन की मेहनत रंग लाई। 2018 में स्टेट लेवल से शुरू हुआ सफर नेशनल लेवल तक पहुंच गया। उन्होंने अब तक 17 नेशनल मेडल अपने नाम किए हैं, जिसमें गोवा के 'खेलो इंडिया गेम्स' का गोल्ड और उत्तराखंड के नेशनल गेम्स का ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि तब आई, जब खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में मोहसिन के नाम का जिक्र किया। मोहसिन इसे एक सपने जैसा बताते हैं, हमेंने कभी नहीं सोचा था कि देश के प्रधानमंत्री मेरा और मेरे परिवार का जिक्र करेंगे। उन्होंने मुझे बधाई दी, जो पल मेरे लिए जादुई था। मोहसिन की इस प्रतिभा को पहचान मिली 'साइज़ वैरिटेबल फाउंडेशन' से, जो गरीब और पिछड़े इलाकों के खिलाड़ियों की मदद करता है। फाउंडेशन की फाउंडर वसुंधरा मगोत्रा कहती हैं, हमोहसिन ने साबित कर दिया कि टैलेंट हर जगह है, बस अवसर की कमी है। आज मोहसिन दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों में जुटे हैं। डल झील का वो लड़का, जो कल तक सिर्फ सैलानियों की नाव खेता था, आज पूरे देश की उम्मीदों की पतवार थामे आगे बढ़ रहा है।

NBT जन्मदिन मुबारक

सुभाष घई

24 जनवरी 1945 को जन्मे सुभाष घई को बॉलीवुड का शोमैन कहा जाता है। उन्होंने कालीचरण, कर्मा, राम लखन, परदेस और ताल जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं।

रेखा भरद्वाज

अपनी कशिश भरी आवाज के लिए मशहूर रेखा भरद्वाज 24 जनवरी 1964 में दिल्ली में जन्मी थीं। 2011 में फिल्म इश्किया के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड दिया गया।

ललन सिंह

राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह का जन्म 24 जनवरी 1955 को हुआ था। उर्दमान की केंद्र सरकार में वह मंत्री है। वह मुंगेर से जनता दल(JDU) के सांसद हैं।

रिया सेन

24 जनवरी 1981 को जन्मी मॉडल-एक्ट्रेस रिया सेन हिंदी सिनेमा की जानीमानी अदाकारा मुनमुन सेन की बेटी है। 2001 में आई फिल्म स्टाइल से रिया को पहचान मिली।

डिजिटल श्रृंगार : AI के टच से फिर संवरेंगी इतिहास की धुंधली पड़ रहीं धरोहरें

U.Sudhakarreddy
@timesofindia.com

■ **हैदराबाद:** अब टूटे-फूटे और समय की मार झेल चुकी ऐतिहासिक धरोहरों की मरम्मत बिना छुए भी संभव होगी। हैदराबाद के रिसर्चर्स ने एक ऐसी AI बेस्ड तकनीक विकसित की है, जिससे पुरानी कलाकृतियों, भित्ति चित्रों, मिट्टी के बर्तनों, मूर्तियों और पांडुलिपियों को डिजिटल रूप से फिर से सजाया जा सकता है।

यह रिसर्च मल्ला रेड्डी यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की रिसर्चर वग्गम स्वाति और सहायक प्रोफेसर बी. जगन्नाथ राव ने किया है। इस पर आधारित रिसर्च पत्र नेचर की 'साइंटिफिक रिपोर्ट्स' पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

रिसर्चर्स के अनुसार, पारंपरिक मरम्मत न केवल समय लेने वाली होती है, बल्कि इसमें मानवीय गलती की आशंका भी रहती है। इसके उलट डिजिटल मरम्मत एक सुरक्षित विकल्प है, जिसमें मूल वस्तु को नुकसान नहीं पहुंचता।

पुरानी तकनीकों की कमी: अध्ययन में बताया गया है कि अब तक इस्तेमाल हो रही कई डिजिटल तकनीकें धरोहरों की असली बनावट, रंग और पैटर्न को ठीक से बचा नहीं पाती थीं। खासकर वहां दिक्कत आती थी, जहां डिजाइन और टेक्सचर बहुत विशिष्ट होते हैं।

नया मॉडल क्या करता है: इस समस्या के समाधान के लिए रिसर्चर्स ने एक नया हाइब्रिड डीप लर्निंग मॉडल तैयार किया है, जिसे HDLIP-SHAR नाम दिया गया है।

इस तकनीक में पहले तस्वीर की गुणवत्ता सुधारी जाती है, और रंग-कंट्रास्ट बेहतर किया जाता है। इसके बाद एआई की मदद से दरारें, टूटे हिस्से और फीके पड़े भागों की पहचान की जाती है। अंतिम चरण में एक विशेष एआई मॉडल उन खाली या खराब हिस्सों को इस तरह भरता है कि तस्वीर अपनी मूल पहचान बनाए रखे।

कुछ सीमाएं भी

रिसर्चर्स ने यह भी माना है कि बेहतर नतीजों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरें जरूरी हैं, जो हर जगह उपलब्ध नहीं होतीं। बहुत ज्यादा खराब हो चुकी धरोहरों में सटीकता भी कम हो सकती है।

संग्रहालयों के लिए नई राह

फिर भी, विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक संग्रहालयों और संरक्षण टीमों के लिए एक बड़ा सहारा बन सकती है। बिना छुए, बिना नुकसान पहुंचाए धरोहरों को सहेजने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

'EU के फैसले का मामूली असर'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यूरोपीय संघ (EU) द्वारा एक खास योजना के तहत दी जाने वाली टैक्स छूट को रोकने का भारत के निर्यात पर बहुत कम असर पड़ेगा। मंत्रालय के मुताबिक, इससे यूरोपीय संघ को होने वाले भारत के कुल निर्यात का सिर्फ 2.66 प्रतिशत हिस्सा ही प्रभावित होगा।

PLI : सरकार ने चुनी 5 कंपनियां

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने एसी और एलईडी लाइट के पार्ट्स बनाने के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) स्कीम के तहत 5 कंपनियों को चुना है। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इन कंपनियों ने कुल 863 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया है। बयान के मुताबिक इनमें किर्लोस्कर न्यूमैटिक, हंडो एशिया कॉपर और गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग जैसी कंपनियां शामिल हैं।

अदाणी ग्रुप के शेयर हुए धड़ाम

US बाजार रेगुलेटर ने कोर्ट से अदाणी को समन भेजने की मांगी इजाजत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में शुक्रवार को एक बार फिर गिरावट का दौर लौट आया। चौतरफा बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपये के रेकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। ग्रुप के शेयर 13 प्रतिशत तक लुढ़क गए।

सेंसेक्स में 770 अंकों की गिरावट

खबरों के मुताबिक, अमेरिकी रेगुलेटर SEC ने न्यूयॉर्क की एक अदालत को बताया कि अदाणी और सागर अदाणी को समन पहुंचाने में उन्हें भारतीय अधिकारियों से मदद नहीं मिल पा रही है। इसलिए अब रेगुलेटर ने अदालत से मांग की है कि उन्हें ईमेल के जरिए नोटिस भेजने की अनुमति दी जाए। यह मामला नवंबर 2024 में दर्ज किया गया था। आरोप लगाया गया है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी से जुड़ी बातों में अमेरिकी निवेशकों को गलत जानकारी दी गई। अदाणी ग्रुप ने रिश्वत देने के सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। ग्रुप के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा, अमेरिकी न्याय विभाग और SEC द्वारा अदाणी ग्रीन के डायरेक्टरों पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और हम इनका खंडन करते हैं।

सेंसेक्स 82 हजार के नीचे पहुंचा

शेयर बाजार में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 769.67 अंक (0.94%) गिरकर 81,537.70 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 241.25 अंक (0.95%) फिसलकर 25,048.65 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की बड़ी कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, इटरनल, इंडिगो, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, BEL, SBI, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनैंस, NTPC, ट्रेंट, L&T और रिलायंस के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 2.19% और मिडकैप इंडेक्स 1.56% लुढ़क गया।

अदाणी ग्रुप में गिरावट?

- अदाणी ग्रीन: -13.20%
- अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस: -10.57%
- अदाणी एंटरप्राइजेज: -9.38%
- अदाणी पावर: - 8.84%
- अदाणी पोर्ट्स: -7.81%
- अदाणी टोटल गैस: -7.55%
- अंबुजा सीमेंट: -5.98%

सोना 1,500, चांदी 9,500 रु. महंगी

ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 1,500 रुपये उछलकर 1,58,700 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी 9,500 (3%) उछलकर 3,29,500/Kg पर पहुंच गई। IBJA के मुताबिक, चांदी में 8128 रुपये की तेजी रही। वीरवार 3,11,705 रुपये/Kg हो गई। 24 कैरेट गोल्ड में 2811 रुपये का उछाल आया और कीमत 1,55,428 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

बिकवाली हावी...

- **सेंसेक्स:** -0.94% गिरावट
- **हफ्ते भर** की गिरावट (सेंसेक्स): 2,032.65 अंक
- **निफ्टी:** -0.95%, (241.25 अंक लुढ़का)
- **स्मॉलकैप इंडेक्स :** -2.19%
- **मिडकैप इंडेक्स :** -1.56%
- **F11 की बिकवाली** (गुरुवार): 2,549.80 करोड़ रुपये
- **रियल्टी,** पावर और सरकारी बैंकों के शेयरों में बिकवाली हावी
- **मार्केट कैप** में कमी (शुक्रवार): 6,95,963.98 करोड़ रुपये

डॉलर के मुकाबले रेकॉर्ड निचले लेवल पर रुपया

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शुक्रवार को भारतीय रुपया 92 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में इसमें मामूली सुधार हुआ और यह अमेरिकी करेंसी के मुकाबले 91.90 पर बंद हुआ। जनवरी के महीने में अब तक रुपया 202 पैसे यानी 2 प्रतिशत से ज्यादा गिर चुका है। वहीं, साल 2025 में अब तक भारतीय करेंसी में 5 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। रुपये का पिछला रेकॉर्ड निचला स्तर 21 जनवरी को दर्ज किया गया था, जब यह 68 पैसे टूटकर 91.65 पर बंद हुआ था। फॉरेक्स ट्रेडर्स का कहना है रुपया 91.45 पर खुला था और एक समय सुधरकर 91.41 के स्तर पर भी पहुंचा। कारोबार के दौरान 92.00 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर चला गया। अंत में रुपया 91.90 पर स्थिर हुआ। आरबीआई रेफरेंस रेट के मुताबिक डॉलर के मुकाबले रुपये का भाव 91.61रहा।

सरकारी GIC, नाबार्ड, RBI कर्मचारियों की बढ़ी सैलरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सरकारी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों और नैशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चरल एंड रूरल डिवेलपमेंट (NABARD) के कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी को सरकार ने मंजूरी दे दी है। फाइनैंस मिनिस्ट्री ने शुक्रवार को बताया कि इसके साथ ही आरबीआई और नाबार्ड के पेंशनधारकों की पेंशन में बदलावों को भी मंजूरी दी गई है। इससे 46322 कर्मचारियों, 23570 पेंशनधारकों और 23260 फैमिली पेंशनर्स को फायदा होगा।

पेंशन और फैमिली पेंशन में बढ़ोतरी को भी सरकार ने मंजूरी दी

सरकारी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में वेज रिवीजन 1 अगस्त 2022 से प्रभावी माना जाएगा। इसके तहत मौजूदा मूल वेतन और महंगाई भत्ते में 14% बढ़ोतरी होगी। 1 अप्रैल 2010 के बाद जॉइन करने वालों के लिए NPS कॉन्ट्रिब्यूशन 10% से बढ़ाकर 14% होगा। मंत्रालय ने कहा कि वेज रिवीजन में सालाना कुल 8170.30 करोड़ रुपये जाएंगे। इसमें 5822 करोड़ रुपये वेज एरियर के रूप में, 250 करोड़ रुपये NPS और 2097 करोड़ रुपये फैमिली पेंशन के मद में जाएंगे।

इससे नैशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारियों को लाभ होगा।

नाबार्ड के मामले में वेज रिवीजन 1 नवंबर 2022 से प्रभावी होगा। ग्रुप ए, बी और सी के सभी कर्मचारियों के वेतन-भत्तों में करीब 20% बढ़ोतरी होगी। वेज रिवीजन में सालाना करीब 170 करोड़ रुपये जाएंगे और लगभग 510 करोड़ रुपये एरियर पेमेंट में जाएंगे। सरकार ने आरबीआई के मामले में पेंशन और फैमिली पेंशन को बेसिक पे प्लस डियरनेस अलाउंस का 10% बढ़ाने का फैसला किया है। यह बढ़ोतरी 1 नवंबर 2022 से प्रभावी मानी जाएगी।

कॉमन मैन की ज़रूरतों और जेब का रखना होगा खयाल!

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद आम लोग अभी भी रेलवे सर्विस से परेशान हैं। इस बार के बजट में आम लोगों को उम्मीदें हैं कि सस्ती दरों में उन्हें भी बिना कंटिंग कन्फर्म टिकट के साथ ट्रेनों में सफर करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही प्रीमियम ट्रेन बनाने से पहले जरूरी है कि रेलवे ट्रैक भी अच्छे बनाए जाएं। ताकि उन पर ट्रेनें अपनी पूरी रफ्तार से दौड़ सकें।

बजट अलोकेशन (रु. में)
2025 : 2.52 लाख करोड़
2024: 2.41 लाख करोड़
2023: 1.40 लाख करोड़

काउंटडाउन बजट 2026 रेलवे

आम लोगों को रेलवे से उम्मीद है कि रेलवे अपनी प्रीमियम ट्रेनों के साथ ही लोकल ट्रेनों को भी समय से चलाएगा। इसके अलावा रेलवे में एक बड़ी समस्या ट्रेनों के गंदा होने, खाना-पीने की क्वॉलिटी अच्छी ना होने, ट्रेनों में पानी की बोतलों और अन्य चीजें खरीदने पर उनका एमआरपी से अधिक पैसा वसूलने, गंदे टॉयलेट और उनमें पानी खत्म होने समेत रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों के साथ होने वाली चोरी-चकारी और यात्रा-कदा होने वाली टक्करों को रोकने जैसे कदमों पर भी रेलवे को बड़े स्तर पर अभी भी काम करना होगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साल 2026 को रेलवे के लिए रिफार्म ईयर बताया है। पिछले दिनों रेल मंत्री वैष्णव ने यह कहा भी था कि साल 2026 के 52 सप्ताह में हम 52 रिफार्म करेंगे।

■ एक्सपर्ट की राय : रेलवे की चेन्नै स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री से रिटायर्ड जीएम सुधांशु मणि का कहना है कि पहले कॉमन मैन की जेब, हितों और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रेलवे का बजट बनाया जाता था। लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं है। सरकार रेलवे के बजट में पिछले कुछ साल से कुछ इजाफा नहीं कर रही है। मणि का कहना है कि प्रीमियम ट्रेन जरूर दौड़ेंगी, लेकिन आम लोगों की जेब और जरूरतों का भी ख्याल रखिए।

SUVs की आंधी में लग्ज़री कारों का 'किंग खान'

■ **नई दिल्ली :** लग्जरी कारों की दुनिया में मर्सडीज-बेंज E-Class की पहचान कुछ वैसी ही है जैसी बॉलीवुड में शाहरुख खान की। नई-नई SUVs की भीड़ में जहां हर तरफ ऊंची, बड़ी और भारी गाड़ियां छाई हुई हैं, वहीं E-Class आज भी अपनी शालीनता, क्लास और अलग अंदाज से लोगों का ध्यान खींच लेती है। ट्रेंड बदलते रहते हैं, पसंद बदलती रहती है, लेकिन जैसे शाहरुख खान का चार्म दशकों बाद भी बरकरार है, वैसे ही E-Class का रुतबा भी कायम है। लेकिन वक्त के साथ नई चुनौतियां आती रहती हैं। इसमें ऐसे क्या खूबियां हैं जो इसे आज भी एक मजबूत खिलाड़ी बनाए हुए हैं और किन फीचर्स की कमी इसमें खलती है, जानिए इस टेस्ट ड्राइव रिपोर्ट में।

मर्सडीज E-Class 220d
कीमत : 80.40 लाख रुपये (एक्स शोरूम)

ऑटो रिव्यू
खालिद अमीन

लुक्स और रोड प्रेजेंस के मामले में ई-क्लास किसी भी एसयूवी को टक्कर दे सकती है। खासकर जहां एलिगेंस की बात हो तो ई-क्लास को एलिगेंट लुक्स में बीट करना मुश्किल है। केबिन की बात करें तो भी अंदर बैठते ही लग्जरी का अहसास होता है। केबिन में मर्सडीज का नया 'सुपरस्क्रीन' दिया गया है। ड्राइवर के लिए 12.3 इंच, बीच में 14.4 इंच और पैसेंजर के लिए 12.3 इंच की स्क्रीन। सीटें चौड़ी, आरामदायक और लंबी यात्राओं के लिए बेहतरीन सपोर्ट देने वाली हैं। लेकिन ताजुब की बात है कि लगभग एक करोड़ कीमत वाली इस कार की सीटों में न तो वेंटिलेशन है और न ही मसाज सीटों का विकल्प दिया गया है।

E-Class की खास बात है कि यह चलाने में जो कंफर्ट और मजा मिलता है वो इसकी खरीदारों को खुद ड्राइविंग सीट पर बैठने के लिए बुलाता है। 2.0 लीटर डीजल इंजन, 197hp की पावर और 440Nm टॉर्क देता है। पावर डिलिवरी मजेदार है। हाइवे पर हाई स्पीड ट्रैफिक में भी ओवरटेकिंग आराम से हो जाती है। 9-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स तुरंत सही गियर चुन लेता है और बिना झटके के कार आगे बढ़ जाती है।

माइलेज और रेंज डीजल का सबसे बड़ा फायदा है। एक टैंक में 1200 किमी से ज्यादा चल जाना बड़ी बात है। लंबी यात्राओं में बार-बार फ्यूल भरवाने की टेंशन नहीं रहती। राइड क्वॉलिटी हमेशा की तरह शानदार है। सस्पेंशन खराब सड़कों को अच्छे से सोख लेता है और कार हर वक्त स्थिर महसूस होती है। लेकिन लंबा वीलबेस होने की वजह से बड़े स्पीड ब्रेकर पर सावधानी रखनी पड़ती है। ओवरऑल पिकअपमेंट अच्छा है लेकिन स्टार्ट करते समय हल्की आवाज और वाइब्रेशन महसूस होती है, जो 3000rpm के बाद फिर सुनाई देने लगती है।

फीचर्स की लिस्ट वैसे तो लंबी है। Burmester 4D साउंड सिस्टम, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, इन-कार कैमरा, ऐप लाइब्रेरी, ADAS सेफ्टी फीचर्स और 540 लीटर का बड़ा बूट। लेकिन कुछ कॉमियां चौंकाती हैं। इतनी महंगी कार में वेंटिलेटेड सीटस, पीछे के यात्रियों के लिए अलग मीडिया कंट्रोल्स और ADAS के कुछ फीचर्स की कमी महसूस होती है।

कुल मिलाकर, मर्सडीज E 220d आज भी एक बेहद आरामदायक, स्टेशियस और लॉन्ग-डिस्टेंस फ्रेंडली लग्जरी सेडान है और एसयूवी की आंधी में भी अपनी इन खूबियों के दम पर जगह बनाए हुए है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK2 User: vivek.kumar4 Time: 01-23-2026 21:47 Color:

Aditya
BUILDING TRUST SINCE 1979

UPRERAPRJ787285
HTTPS://UP-RERA.IN/PROJECTS
COLLECTION ACCOUNT DETAILS:
NAME: AGARWAL ASSOCIATES (PROMOTERS) LIMITED
COLLECTION A/C FOR CITY GRACE
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.: 57500001311751
BANK NAME: HDFC BANK LIMITED | IFSC: HDFC0001747
ADDRESS: GROUND FLOOR, SHOP NO. AG 3,4 & 5, PARK TOWN COMMERCIAL COMPLEX, ADITYA WORLD CITY, SHAHPUR, NH 24, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH 201001
LAUNCH DATE: 06-12-2023

CITY GRACE

2 & 3 BHK Apartments

WINTER Carnival

LAST CHANCE TO GRAB THE OFFER!

BOOK NOW AND GET

MODULAR KITCHEN ❄ FALSE CEILING IN COVE
Acs IN LIVING ROOM & ALL BEDROOMS

*RATE IS INCLUSIVE OF STAMP DUTY.

Artistic image for representation purposes only

APARTMENTS STARTING AT ₹76.50 LAKH*

POSSESSION SOON

ADITYA WORLD CITY, NH-24, GHAZIABAD

93104 02222

Disclaimer: This advertisement is not a legal offering and purely conceptual in nature and includes graphical/artistic representation of the project which does not purport to be the exact replica or representation of the Project. Vide this advertisement, the Company does not intend to offer or invite to offer any person to create any legal or contractual relationship. The content in this advertisement including the building, elevation, areas, designs, layouts, specifications, amenities, facilities etc. are merely indicative and artistic in nature and may be in variance with the actual site. The Company advises the viewer to exercise their own discretion. The viewer/prospective buyer may seek all information including sanctioned plans, approvals, development schedule, time of delivery, specifications, facilities, amenities & scheme details from the Company in respect of the concerned project/phase that he/she may be interested in, before proceeding with any such booking/registration etc. Furnitures and Fixtures shown in the advertisement will not be part of the actual flat. PS : 1 Sq. Mtr. = 10.764 Sq. Ft. = 1.196 Sq. Yards. T&C Apply.

Home Loan Facilities Available:
All Leading Banks

NBT खेल
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली।
शनिवार, 24 जनवरी 2026
www.khel.nbt.in
14

मुझे आश्चर्य है कि ऋषभ पंत भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है। वह अद्भुत और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। वह अपने दम पर मैच जिता सकते हैं। टी20 खिलाड़ियों में यही खूबी होनी चाहिए। उन्हें मैच विनर होना चाहिए और ऋषभ एक मैच विनर हैं। -इयन स्मिथ, पूर्व क्रिकेटर, न्यूजीलैंड

130.50

बैटिंग ऐवरेज है ब्रेंडन मैकुलम का टी20 इंटरनैशनल में भारत के खिलाफ। वह दोनों देशों के बीच इस फॉर्मेट में हुए मैच में सर्वाधिक ऐवरेज वाले बैटर हैं

बल्लेबाजों के पराक्रम से भारत ने दूसरा मैच सात विकेट से जीतकर सीरीज़ में 2-0 से बनाई बढ़त

फिर ईशान का चमका 'सूर्य'

भारत Vs न्यूजीलैंड | **टी20I सीरीज, दूसरा मैच**

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज ईशान किशन ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में खुद को शामिल करने के फैसले को सही साबित किया। ईशान ने शुक्रवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनैशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20I सीरीज के दूसरे मैच में तूफानी अर्धशतक लगाया, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी अपने चिरपरिचित अंदाज में जोरदार नाबाद पारी खेलकर खुद के साथ-साथ टीम के लिए भी राहत भरी खबर लाई। ईशान ने 32 गेंदों में 11 फोर और 4 सिक्स के साथ 76 रनों की धमाकेदार पारी खेली, जबकि सूर्य ने भी सिर्फ 37 गेंद पर 82* रन बनाए जिसमें 9 फोर और 4 सिक्स शामिल थे। इन दोनों की बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के द्वारा जीत के लिए रखे गए 209 बड़े लक्ष्य को बौना साबित करते हुए सिर्फ 15.2 ओवर्स में तीन विकेट पर 209 रन बनाकर सात विकेट से आसान जीत हासिल की। न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र (44 रन, 26 बॉल, 2 फोर, 4 सिक्स) के अलावा निचले क्रम में कप्तान मिचेल सैंटनर (47* रन, 27 बॉल, 6 फोर, 1 सिक्स) के अलावा पूरी टीम के उम्दा साझा प्रयास की बदौलत निर्धारित 20 ओवर्स में छह विकेट पर 208 रनों का बड़ा स्कोर बनाया था।

जुगलबंदी से जीत: बड़े लक्ष्य के सामने भारत की ओपनिंग जोड़ी नहीं चल पाई और उसने छह रन के अंदर दो विकेट गंवा दिए। संजू सैमसन (6) ने पारी के पहले ओवर की दूसरी गेंद पर ही मैट हेनरी की गेंद पर सिक्स जड़ा लेकिन इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर वह मिड ऑन पर रचिन को कैच देकर वापस लौट गए। जबकि अगले ओवर ही पहली ही गेंद पर जैकब डफी ने अभिषेक शर्मा को शून्य पर आउट कर भारतीय खेमे में सनसनी फैला दी। लेकिन, इसके बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई।

प्लेयर ऑफ द मैच ईशान और सूर्य ने जोरदार काउंटर अटैक करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को मुकाबले में कोई मौका ही नहीं दिया। ईशान ने पारी के तीसरे ओवर में जैक फोक्स पर तीन चौके और एक सिक्स के साथ अपनी लय पा ली। अगले ओवर में उन्होंने डफी पर दो चौके लगाए। अगले ओवर में सैंटनर को भी नहीं बख्शा और उन पर हैट्रिक फोर लगाए। ईशान ने केवल 21 गेंदों पर अपनी हाफ सेंचुरी जड़ दी। दूसरी ओर, सूर्य ने भी अपनी पिछली नाकामियों को पीछे छोड़ते हुए विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। कप्तान ने ने फोक्स के एक ही ओवर में चार चौके और एक छक्का लगाया। दसवें ओवर की पहली गेंद पर हालांकि ईश सोढ़ी ने ईशान को आउट कर इस जोड़ी को तोड़ा। ईशान और सूर्य के बीच तीसरे विकेट के लिए 49 बॉल पर 122 रन की भागीदारी हुई।

वाइट बॉल सीरीज

3 तीसरी बार आउट किया कुलदीप ने ग्लेन फिलिप्स को टी20I में। दोनों टी20I में तीन बार ही एक दूसरे के सामने आए हैं

6 छठी बार भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20I में 200+ रन चेज किए। यह ऑस्ट्रेलिया (7 बार) के बाद सर्वाधिक है

209 रन चेज किए भारत ने। यह टी20I में भारत का संयुक्त सबसे बड़े चेज का रेकॉर्ड है

स्कोरकार्ड

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे कॉ हार्दिक बो हर्षित 19, टीम सीफर्ट कॉ ईशान बो वरुण 24, रचिन रवींद्र कॉ अर्शदीप बो कुलदीप 44, ग्लेन फिलिप्स कॉ हार्दिक बो कुलदीप 19, डेरिल मिचेल कॉ हार्दिक बो दुबे 18, मार्क चैपमैन कॉ अभिषेक बो हार्दिक 10, मिचेल सैंटनर नॉट आउट 47, जैक फाउल्क्स नॉट आउट 15 **एक्स्ट्रा:** 12 **टोटल:** 20 ओवर्स में छह विकेट पर 208 रन **विकेट:** 1-43, 2-43, 3-98, 4-125, 5-129, 6-161 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-53-0, हार्दिक पंड्या 3-0-25-1, हर्षित राणा 3-1-35-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-35-1, कुलदीप यादव 4-0-35-2, अभिषेक शर्मा 1-0-12-0, शिवम दुबे 1-0-7-1

भारत: संजू सैमसन कॉ रचिन बो हेनरी 6, अभिषेक शर्मा कॉ कॉन्वे बो डफी 0, ईशान किशन कॉ हेनरी बो सोढ़ी 76, सूर्यकुमार यादव नॉट आउट 82, शिवम दुबे नॉट आउट 36 **एक्स्ट्रा:** 9 **टोटल:** 15.2 ओवर्स में तीन विकेट पर 209 रन **विकेट:** 1-6, 2-6, 3-128 **बोलिंग:** मैट हेनरी 3-0-41-1, जैकब डफी 4-0-38-1, जैक फॉक्स 3-067-0, मिचेल सैंटनर 2-0-27-0, ईश सोढ़ी 3-0-34-1, डेरिल मिचेल 0.2-0-2-0

बांग्लादेश बोर्ड ने अब लगाई DRC के सामने गुहार

Social Media

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में स्कॉटलैंड की एंट्री लगभग तय

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) की विवाद समाधान समिति (DRC) को पत्र लिखा है। उसने अपनी मैंस नैशनल टीम के टी20 वर्ल्ड कप मैच भारत में कराने के संचालन परिषद के फैसले को पलटने की मांग की है। हालांकि, यह अपील सुनी नहीं जाएगी क्योंकि यह मामला उप-समिति के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। ICC ने भले ही स्कॉटलैंड को 'स्टैंडबाय' पर रखा हो, लेकिन पूरी तरह घिर जाने के बाद अमीनुल इस्लाम बुलबुल के नेतृत्व वाला BCB आखिरी विकल्प के तौर पर ICC की DRC के पास पहुंचा। इस समिति के अध्यक्ष इंग्लैंड के माइकल बेलॉफ हैं। BCB के एक सूत्र ने कहा, 'हां, BCB ने DRC का रुख किया है क्योंकि वह अपने सभी विकल्प आजमाना चाहता है। अगर DRC BCB के खिलाफ फैसला देती है तो फिर एकमात्र मंच स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट (CAS) ही बचेगा।'

भारत में नहीं खेलने का मामला

अधिकार क्षेत्र में नहीं: DRC के 'कार्यक्षेत्र और अधिकार' को देखा जाए तो यह साफ हो जाता है कि उसके पास ICC निदेशक मंडल के किसी फैसले के खिलाफ अपील सुनने का कोई अधिकार नहीं है। ICC निदेशक मंडल ने स्वतंत्र सुरक्षा आकलन के बाद 14-2 के भारी बहुमत से बांग्लादेश के मैच भारत में ही कराने के पक्ष में मतदान किया था। उस आकलन में सुरक्षा खतरे को 'कम से मध्यम' बताया गया था। इसके बावजूद नजरूल का कहना था कि यह फैसला BCB नहीं, बल्कि सरकार को लेना है। DRC के 'कार्यक्षेत्र और अधिकार' के अनुच्छेद 1.3 के अनुसार, 'समिति ICC या उसके तहत गठित किसी भी निर्णय लेने वाली संस्था के फैसलों के खिलाफ अपीलीय निकाय के रूप में कार्य नहीं करेगी।' ICC बोर्ड के सूत्र ने कहा, 'बांग्लादेश DRC के पास जा सकता है, लेकिन नियमों को देखें तो यह मामला सुना ही नहीं जा सकता।'

आज हो सकता है फैसला

ICC के प्रमुख जय शाह नामीबिया (अंडर-19 वर्ल्ड कप) से दुबई लौट आए हैं और बांग्लादेश के संभावित विकल्प को लेकर औपचारिक फैसला शनिवार तक घोषित कर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार ICC बोर्ड के सदस्य अमीनुल से काफी नाराज हैं। इस नाराजगी की वजह ICC को औपचारिक रूप से जानकारी देने से पहले बांग्लादेश सरकार की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी गई। एक सूत्र ने कहा, 'आसिफ नजरूल से ICC को ज्यादा मतलब नहीं है, लेकिन बुलबुल को ICC को बताए बिना प्रेस कॉन्फ्रेंस की अनुमति नहीं देनी चाहिए थी।' ICC की DRC ब्रिटिश कानून के तहत काम करती है।

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव किस देश के चेस प्लेयर हैं?
A) अमेरिका B) रूस C) सऊदी अरब D) उज्बेकिस्तान

2. चेन यू फेई किस देश की बैडमिंटन प्लेयर हैं?
A) चीन B) साउथ कोरिया C) सिंगापुर D) वियतनाम

कल के जवाब
1. D) चार 2. C) हॉन्ग कॉन्ग 3. D) रायपुर

लकी WINNERS

1 संजय वर्मा, जालौन, यूपी

2 राजिंद्र कुमार, नांगलोई, दिल्ली

3 दक्ष पाल, संगम विहार, दिल्ली

4 कपिल नेगी, गाजियाबाद, यूपी

5 तृप्ति सोनी, बोरिवली, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

हेंड्रिक्स के दो गोल से कलिंगा फाइनल में पहुंचा

■ **एजेंसियां, भुवनेश्वर:** अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स के दो शानदार गोल की बदौलत वेदांत कलिंगा लांसर्स ने मैंस हॉकी इंडिया लीग के क्वालिफायर-1 में रांची रॉयल्स को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। रांची रॉयल्स ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन 12वें मिनट में हेंड्रिक्स ने पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैगफ्लिक से टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वॉर्टर में रांची ने बराबरी के लिए कई मौके बनाए, लेकिन लीग की सबसे मजबूत डिफेंस मानी जा रही लांसर्स ने बढ़त कायम रखी। तीसरे क्वॉर्टर में हेंड्रिक्स ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। रांची के लिए 40वें मिनट में मंदीप सिंह ने गोल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास नाकाफी साबित हुआ। अब रॉयल्स क्वालिफायर-2 में हैदराबाद तूफांस से भिड़ेगी। तूफांस ने एलिमिनेटर में HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) को 2-0 से हराकर क्वालिफायर-2 में जगह पक्की की।

हॉकी इंडिया लीग

अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स

सरफराज का डबल, गिल फिर नहीं चले

■ **एजेंसियां, हैदराबाद:** सरफराज खान की 227 रन की शानदार पारी की बदौलत मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-डी मुकाबले में हैदराबाद पर मजबूत पकड़ बना ली है। मुंबई ने पहली पारी में 560 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद ने दूसरे दिन स्टंप्स तक दो विकेट पर 138 रन बनाए थे। सरफराज ने दूसरे दिन 142 रन से आगे खेलते हुए 19 फोर और नौ सिक्स की मदद से सीजन का पहला दोहरा शतक जड़ा और मोहम्मद सिराज की अगुआई वाले आक्रमण पर दबदबा बनाया। हैदराबाद के राहुल गहलोत (82* रन) और कोडिमेला हिमतेजा (40* रन) ने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की।

मुश्किल में दिल्ली: ग्रुप-डी के एक अन्य मुकाबले में आयुष पांडे (161* रन) और अनुज तिवारी (108 रन) की सेंचुरी की बदौलत छत्तीसगढ़ ने दिल्ली पर 135 रन की पहली पारी की लीड हासिल कर ली है। स्टंप्स तक छत्तीसगढ़ ने दो विकेट पर 351 रन बना लिए हैं। दिल्ली अपनी पहली पारी में 216 रन पर आउट हो गई थी।

पंजाब की करारी शिकस्त: राजकोट में शुभमन गिल की लगातार दूसरी विफलता के बीच सौराष्ट्र ने पंजाब को 194 रन से करारी शिकस्त दी। पंजाब की टीम 320 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 125 रन पर सिमट गई। गिल दोनों पारियों में बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुट का शिकार बने। पहली पारी में 0 पर आउट होने वाले गिल दूसरी पारी में 14 रन पर पविलियन लौट गए। भुट ने मैच में 10 विकेट लिए।

यूपी का टॉप ऑर्डर बिखरा: लखनऊ में एलीट ग्रुप-ए के मुकाबले में दूसरा दिन भी पूरी तरह झारखंड के नाम रहा। मेहमानों ने 561 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित की। यूपी के माधव कौशिक (2), आर्यन जुयाल (4) और आदित्य शर्मा (2) सस्ते में पविलियन लौट गए। स्टंप्स तक यूपी ने 32 रनों में अपने तीन विकेट गंवा दिए। ओपनर अभिषेक गोस्वामी (14*) और शिवम शर्मा (8*) क्रीज पर थे। इससे पूर्व, शरणदीप (139) और कुमार कुशाग्र (102) शतक जड़े। फुलंग में खेले जा रहे एक अन्य मैच में असम को पहली में 247 रन पर समेटने के बाद युवराज सिंह (70) और अंकित कुमार (50) की बदौलत हरियाणा ने 164/3 का स्कोर बनाया।

रणजी का रण

Rama Moorthy P



मुंबई के सरफराज खान

फटाफट खबरें

माने और साक्षी चमके
■ **नई दिल्ली:** महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पडेकर और रेलवे के शाहू तुषार माने ने नैशनल सिलेक्शन ट्रायल 1 और 2 (ग्रुप ए) में क्रमशः 10 मीटर एयर राइफल महिला और पुरुष स्पर्धाओं के फाइनल और क्वॉलिफिकेशन राउंड में नैशनल रेकॉर्ड से बेहतर स्कोर बनाया। साक्षी ने 254.3 अंक बनाए जबकि माने ने 637.1 का स्कोर किया।

भारतीय टीम पूल बी में
■ **नई दिल्ली:** भारत की हैदराबाद में होने वाले FIH विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर में चार टीमों वाले पूल-बी में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी। भारत इसके बाद स्कॉटलैंड और वेल्स से खेलेगा।

क्रॉस कंट्री टीम का चयन
■ **रांची:** भारतीय ऐथलेटिक्स संघ ने बताया कि शनिवार को यहां आयोजित होने वाली 60वीं राष्ट्रीय क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप एशियन क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप (जापान) के लिए सिलेक्शन टेस्ट का काम करेगी।

मिल्ने की जगह जेमीसन वर्ल्ड कप टीम में शामिल

■ **एजेंसियां, क्राइस्टचर्च:** न्यूजीलैंड ने एडम मिल्ने के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पेसर काइल जेमीसन को अपनी टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया है। मिल्ने बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण इस अहम टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मिल्ने को यह चोट पिछले संडे को एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप और एमआई केपटाउन के बीच मैच के दौरान लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि स्कैन में इस चोट की गंभीरता सामने आई। न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि मिल्ने भारत दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे क्योंकि वह टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारी में जुटे थे।

क्रिकेट कनेक्ट

काइल जेमीसन

अफरीदी ने की वापसी

कराची: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए पेसर शाहीन शाह अफरीदी को टी20 टीम में शामिल किया है। अफरीदी के घुटने की चोट से वापसी और बाबर आजम के बिग बैश लीग से लौटने के अलावा इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अफरीदी को ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के दौरान फील्डिंग करते हुए घुटने में चोट लग गई थी और वह लाहौर के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में उपचार के लिए पाकिस्तान लौट आए थे।

गुकेश के सामने होंगे अब्दुसत्तोरोव

टाटा मास्टर्स चेस टूर्नामेंट

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** पिछले मुकाबले में जीत से आत्मविश्वास हासिल करने वाले वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट के छठे राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे। गुकेश ने पांचवें राउंड में काले मोहरों से चेक रिपब्लिक के थाई दाई वान गुयेन को हराया था। अब्दुसत्तोरोव संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। गुकेश को लगातार दूसरे मुकाबले में काले मोहरों से खेलना होगा। तीन अंक लेकर गुकेश फिलहाल संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। वह अब्दुसत्तोरोव, सिंदारोव और अमेरिका के हंस नीमन से केवल आधा अंक पीछे हैं।



डी गुकेश

अल्काराज, सबालेंका का कारवां चौथे राउंड में पहुंचा

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** दुनिया के नंबर-1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताब की ओर अपना सफर मजबूती से आगे बढ़ाया। उन्होंने शुक्रवार को मैंस सिंगल्स के चौथे राउंड में जगह बनाई। बाईस साल के अल्काराज ने तीसरे राउंड में फ्रांस के कोरेंटिन माउटेट को 6-2, 6-4, 6-1 से हराया। यह अल्काराज का 100वां ग्रैंडस्लैम मुकाबला था और इस स्तर तक पहुंचने में उनके जीत-हार का रेकॉर्ड 87-13 का है। यह सिर्फ दिग्गज ब्योर्न बोर्ग से कम है। करियर ग्रैंडस्लैम की कोशिश में जुटे अल्काराज अब अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे, जिन्हें एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के चोट के कारण रिटायर होने से फायदा मिला।

मुश्किल से जीतीं: विमिंस सिंगल्स में शीर्ष वरीय आरिना सबालेंका को अनास्तासिया पोतापोवा से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने 7-6, 7-6 से जीत दर्ज करते हुए अंतिम-16 में जगह बनाई। सबालेंका चार साल में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश में हैं। मैंस सिंगल्स में डेनियल मेदवेदेव ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाते हुए दो सेट से पिछड़ने के बाद फैबियन मारोजसान को 6-7, 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से हराया। यह पांचवीं बार है जब मेदवेदेव ने ग्रैंडस्लैम में 0-2 से पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की।

AP

स्पेन के कार्लोस अल्काराज

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

सिंधु, लक्ष्य की हार से भारतीय चैलेंज खत्म

इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट

■ **एजेंसियां, जकार्ता:** पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन अपने-अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर बाहर हो गए। इससे इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को समाप्त हो गई। सिंधु को विमिंस सिंगल्स में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर चार खिलाड़ी चेन यू फेई के खिलाफ 42 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। यू फेई के खिलाफ आमने-सामने के रेकॉर्ड में अब सिंधु 6-8 से पीछे हैं। सिंधु ने चीन की इस खिलाड़ी को आखिरी बार 2019 में हराया था। लक्ष्य को थाईलैंड के उभरते खिलाड़ी पनित्चाफोन तीरारत्सकुल से कड़े मुकाबले में 18-21, 20-22 से हार मिली।



पीवी सिंधु

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
राशि का स्वामी मंगल-पापग्रहों की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से निराशा जनक समाचार मिल सकता है। शाम के समय कोई रुका काम बनने की संभावना है। रात का समय प्रियजनों के साथ व्यतीत होगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
राशि स्वामी की अवस्था के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशा के अनुरूप सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम में कोई रुका काम पूरा होगा। रात में मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
चंद्रमा नवम भाव में उत्तम स्थिति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान से संबंधित की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। परिवार के संग घूमने की योजना बन सकती है। शाम से लेकर रात तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व शुभ समाचार प्राप्त होगा।

LEO 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य मित्र ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ होने की संभावना है। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
राशि स्वामी बुध सुख की वृद्धि कर रहा है। रोजगार, व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ कार्यों में खर्च होगा और कीर्ति बढ़ेगी।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। यात्रा का विचार सोच-समझकर करें।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि में एकादश-द्वादश स्थिति योग अभी कुछ दिन और चलेगा। इसके चलते सेहत संबंधी कुछ कष्ट हो सकते हैं। आज का दिन इस संबंधी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर से इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। रोग की अवस्था में भी आपका चलन फिरना काफी ज्यादा हो गया है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आज के दिन सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े-विवाद में पड़ने से बचें। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज आप स्वास्थ्य को लेकर परेशान रह सकते हैं। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है। इसलिए सोच-समझकर कार्यों को करें। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और किसी भी तरह के झगड़े या विवाद से दूर रहने की कोशिश करें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कार्यों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चल आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बाहरी और साथी से आज लेन-देन न करें, संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। जरूरी होने पर ही यात्रा करें।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मंगल बुध ग्रह के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। जनवरी 2026 शेष में आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों को बार-बार समस्याओं से जूझना पड़ेगा। फरवरी की शुरुआत से लेकर मार्च के अंत तक अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। गत वर्ष के रुके कार्य हुए प्रभाव उभरकर सामने आएंगे। अप्रैल के महीने में आर्थिक कष्ट व्यथित कर सकते हैं। मई और जून महीने में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा। वहीं जुलाई शेष तक आपके कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के कार्य सरल हो जाएंगे। इस दौरान भविष्य की कुछ नई योजनाओं पर भी काम शुरू किया जा सकता है। इस वर्ष के उत्तरार्ध अगस्त से सितंबर तक आपका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा, सब लोग आपके कार्यकौशल की प्रशंसा करेंगे। अक्टूबर से नवंबर में यदि कष्ट दिख हो तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देख लें और कटोरी को तेल सहित डकोत को दान कर दें। इस तरह इस उपाय को पांच शनिवार करने से आपके घर में सुख और शांति बनी रहेगी। दिसंबर महीने की शुरुआत से लेकर जनवरी 2027 के महीने तक सभी विद्यार्थियों का वर्ष उत्तम रहेगा और उनकी मेहनत रंग लाएगी। परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर पाएंगे।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(रविवार, 25 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 5, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, सप्तमी, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 12, शव्वाल 5, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 25 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल शाम 4 बजकर 30 मिनट से 6 बजे तक। सप्तमी तिथि रात्रि 11 बजकर 11 मिनट तक उपरांत अष्टमी तिथि का आरंभ। रेवती नक्षत्र अपराह्न 1 बजकर 36 मिनट तक उपरांत अश्विनी नक्षत्र का आरंभ। सिद्धि योग पूर्वाह्न 11 बजकर 46 मिनट तक उपरांत साध्य योग का आरंभ। वव करण पूर्वाह्न 11 बजकर 56 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा अपराह्न 1 बजकर 36 मिनट तक मीन उपरांत मेष राशि पर संचार करेगा। आज गण्डमूल अपराह्न 2 बजकर 16 मिनट से।

सुडोकू

4			5	6	8			9
	8			9			5	
2								1
5	6						9	4
			2	7	6			
1	3						7	8
8								3
	9			3			1	
7			4	2	9			6

TELEVISION



big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बदतमीज़ दिल
11:00 राष्ट्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
19:30 राष्ट्र के रक्षक
21:00 पीसा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: ccl Time: 01-23-2026 23:14 Color:



NBT AI टाइम मशीन

आज हम मना रहे नैशनल गर्ल चाइल्ड डे

आज देश नैशनल गर्ल चाइल्ड डे मना रहा है। इसकी पहल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में की थी। यह दिन बेटियों के अधिकारों और उनकी शिक्षा के प्रति संकल्प का प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में लिंग भेदभाव को खत्म करना और लड़कियों को समान अवसर मुहैया करना है। वर्तमान में देश के सेक्स रेशो में धीरे-धीरे सुधार दर्ज किया जा रहा है, जिसे सामाजिक जागरूकता का संकेत माना जा रहा है।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली शनिवार, 24 जनवरी 2026

भविष्य में जेंडर आधारित क्राइम घटेंगे

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत में भ्रूण हत्या पर सख्ती, शिक्षा और सामाजिक चेतना से लड़कियों का भविष्य सुरक्षित होगा। लड़की सिर्फ संरक्षण की नहीं, नेतृत्व और निर्णय की भूमिका में होगी। शिक्षा, अर्थव्यवस्था, राजनीति और तकनीक में महिलाओं की समान भागीदारी दिखेगी। विवाह और परिवार की परिभाषा बदलेगी, जेंडर-आधारित अपराध घटेंगे और पुरुषों की भूमिका अधिक संवेदनशील होगी। संस्कृति, भाषा और कामकाज में बराबरी दिखेगी।



AI Images

SPEED News

जापान की पीएम साने ताकाइची ने शुक्रवार को संसद के निचले सदन को भंग कर दिया। अब 8 फरवरी को चुनाव का रास्ता साफ है। लोकप्रियता को भुनाने का यह प्रयास माना जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण में लगी जंगल की आग का असर अब आवाजाही पर भी हो रहा है। आग की वजह से इलाके में सड़कें बंद कर दी गई हैं। शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं।

TikTok ने एक नई US कंपनी बनाने के लिए डील फाइनल कर ली है। इससे US में बैन से बचा जा सकेगा। यह स्पष्ट नहीं है कि ऑपरेशन की जिम्मेदारी कौन संभालेगा।





अमेरिका ने WHO से हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। WHO ने कहा कि US को 13 करोड़ डॉलर देने हैं। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि कुछ मुद्दे नहीं सुलझे हैं।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. ट्रंप ने किस बैंक पर फ्लोरिडा के कोर्ट में मुकदमा दायर किया है? A. जेपी मॉर्गन चेस B. बैंक ऑफ न्यूयॉर्क C. यूएस बैंक
2. जापान की पीएम ने शुक्रवार को संसद के निचले सदन को भंग कर दिया, उनका क्या नाम है? A. मसुकाता मसायोशी B. साने ताकाइची C. इतो हिरोबुमी
3. बांग्लादेश की पार्टी BNP के राष्ट्रीय अध्यक्ष का क्या नाम है? A. तारिक रहमान B. शेख हसीना C. मोहम्मद यूनुस
4. अमेरिकी शेयर बाजार रेगुलेटर SEC ने किस भारतीय उद्योगपति को ईमेल से समन भेजने की कोर्ट से अनुमति मांगी है? A. राहुल तंवर B. अनिल अंबानी C. गौतम अडाणी
5. कालिंगई डीमन विवाद किस राज्य से जुड़ा है? A. केरल B. गोवा C. तमिलनाडु

कल के जवाब

A1 C. ढाकेश A2 A. बांग्लादेश A3 A. मध्य प्रदेश A4 C. मणिपुर A5 B. मेट फ्रेडरिक्सन

लकी विनर्स



1. अर्जुन सिंह रघुनाथ, दिल्ली
2. बीना गर्ग, दिल्ली
3. प्रवीण कुमार झा, नोएडा

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

ट्रंप के हाथ पर कैसा निशान, एस्पिरिन का असर या चोट?

■ एएफपी, वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के हाथ पर पड़े नए नीले निशानों की तस्वीरों ने एक बार फिर उनकी सेहत को लेकर सवाल खड़े किए हैं। ये तस्वीरें गुरुवार को सामने आईं, जब ट्रंप स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में मौजूद थे। हालांकि, वाइट हाउस ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि ट्रंप का हाथ एक मेज से टकरा गया था। 79 साल के ट्रंप के दाहिने हाथ पर पहले भी कई बार नीले निशान देखे गए हैं।

> ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा था कि दवा की ओवरडोज ले रहे हैं

इस साल के शुरुआत में वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा था कि वह 'एस्पिरिन' का हेवी डोज लेते हैं और उसके साइड इफेक्ट्स की वजह से ऐसा हुआ है। NYT की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप तय मात्रा से करीब 4 गुना ज्यादा यानी 325 मिलीग्राम एस्पिरिन ले रहे हैं। ट्रंप ने खुद बताया था कि वह डॉक्टरों के सलाह को नजरअंदाज कर ज्यादा एस्पिरिन ले रहे हैं। उन्होंने कहा, 'डॉक्टरों ने मुझे कहा कि आपको यह लेने की जरूरत नहीं है, पर मैं कोई रिस्क नहीं लेना चाहता।'

> राष्ट्रपति ट्रंप का हाथ एक मेज से टकरा गया था, जिससे हल्की चोट लगी है।
> —वाइट हाउस

खून पतला करने वाली दवा के इफेक्ट- हल्के दबाव से भी बन जाते हैं निशान

Rahul.Anand
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** हार्ट अटैक आने के बाद आमतौर पर खून पतला करने वाली दवा एस्पिरिन लेने की सलाह दी जाती है। इस दवा की वजह से 95% मामलों में कोई निशान नहीं बनते। एक भारतीय प्रेसिडेंट के हाथ में भी ऐसे निशान बनते थे। डॉक्टरों ने उन्हें ग्लव्स पहनने की सलाह दी थी। देश के 3 प्रेसिडेंट के फिजिशन रहे गंगाराम हॉस्पिटल के डॉक्टर एम. वली ने बताया कि हार्ट अटैक आने के बाद प्रिवेंशन के लिए यह दवा दी जाती है। सीके बिरला हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन की डॉ. मनीषा अरोड़ा ने कहा कि एस्पिरिन एक एंटी-प्लेटलेट दवा है, जो खून के प्लेटलेट्स को आपस में चिपकने से रोकती है। इसकी वजह से खून जमने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इसके साइड इफेक्ट के तौर पर हल्की चोट या दबाव से भी निशान बन सकते हैं।



AI Image

हाई डोज से क्या खतरे

- पहले खून पतला के लिए एस्पी 625mg दी जाती थी। इसका इस्तेमाल अब नहीं होता है। इसमें गैस्ट्रो संबंधी साइड इफेक्ट्स होते थे। पेट में ब्लीडिंग का खतरा रहता था।
- **डॉक्टर एम. वली** ने कहा कि एस्पिरिन अब पेट में नहीं खुलती है। यह अब आंत में जाकर घुलती है, इस वजह से भी साइड इफेक्ट कम होता है।

कितनी डोज जरूरी

- भारत में 75mg और 150mg की दवा लेने की सलाह दी जाती है।
- कई देशों में इस दवा की डोज 300mg तक होती है।
- अमेरिका में 80mg से 160mg और 325mg तक की डोज लेने की सलाह डॉक्टर देते हैं।
- अमेरिका में हाई डोज स्ट्रोक से बचाव के लिए दिया जाता है।
- डॉक्टर ने जितनी डोज लेने की सलाह दी है, उतनी ही लेनी चाहिए।

कौन दवा न ले

- **डॉक्टर मनीषा अरोड़ा** ने कहा कि असली चिंता यह है कि एस्पिरिन किस वजह से और किस जरूरत में ली जा रही है।
- जिन लोगों को पहले कभी हार्ट डिजीज, स्ट्रोक नहीं हुआ है या जिनमें हार्ट की बीमारी के दो से ज्यादा जोखिम नहीं हैं, उनके लिए रोजाना एस्पिरिन लेना ठीक नहीं है।
- अगर हार्ट का जोखिम नहीं है, भले ही उन्हें डायबिटीज हो तो भी आमतौर पर इस दवा की सलाह नहीं दी जाती है।
- बगैर जोखिम या डॉक्टर की सलाह के इस दवा के खाने के नुकसान फायदे से कहीं ज्यादा हो सकते हैं।

ईरान में 5 हज़ार मौतें? ट्रंप बोले- हमारी सेना बढ़ रही

US संस्था का दावा- मौत का आंकड़ा बढ़ेगा, 2 हफ्ते से नेट बंद

■ एपी, दुबई

पूरे ईरान में हुए विरोध प्रदर्शन में सरकार की कार्रवाई में मारे गए लोगों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है। अमेरिका के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि इंटरनेट बंद होने की वजह से यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और गहराता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि एक विशाल नौसैनिक बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा है।

ईरान से जानकारी जुटाने में सबसे बड़ी बाधा 8 जनवरी से बंद किया गया इंटरनेट है। इंटरनैशनल कॉल्स भी काफी हद तक रोक दी गई हैं। न्यू यॉर्क स्थित थिंक टैंक सूफान सेंटर ने अपने एनालिसिस में कहा है कि सैन्य जमावड़ा ट्रंप को सीमित हमलों का विकल्प दे सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि केवल एयरस्ट्राइक से ईरानी शासन को गिराना संभव नहीं है। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, मारे गए लोगों में 4,716 प्रदर्शनकारी थे, 203 सरकार से जुड़े लोग थे, 43 बच्चे थे और 40 ऐसे नागरिक थे जो सीधे प्रदर्शन में शामिल नहीं थे। संगठन का कहना है कि अब तक 26,800 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

> मारे गए लोगों में 203 लोग सरकार से जुड़े थे और 43 बच्चे भी मारे गए हैं

विमानवाहक पोत हिंद महासागर की ओर

सैन्य मोर्चे पर अमेरिका ने विमानवाहक पोत USS अब्राहम लिंकन और उससे जुड़े युद्धपोतों को दक्षिण चीन सागर से हिंद महासागर की ओर बढ़ाया है। ट्रंप ने गुरुवार को एयर फोर्स वन में कहा कि ये जहाज जरूरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए भेजे गए हैं। अमेरिकी नौसेना के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि लिंकन स्ट्राइक ग्रुप हिंद महासागर में है। ब्रिटेन ने भी क्षेत्रीय तनाव का हवाला देते हुए कतर के साथ अपने संयुक्त यूरोफाइटर टाइफून स्क्वाड्रन की तैनाती की पुष्टि की है। इसी बीच ईरान ने अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के वार्षिक कार्यक्रम डे ऑफ द गार्डियन के मौके पर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया। सरकारी टीवी पर कार्यक्रम के दौरान शाहिद ड्रोन दिखाए गए, जिनका इस्तेमाल रूस यूक्रेन युद्ध में कर चुका है। कार्यक्रम में शामिल एक सुरक्षा कर्मी ने हिब्रू भाषा में इस्राइल को धमकी देते हुए कहा, 'आपके सोचने से भी ज्यादा करीब हैं हम।' वहीं, ब्रिटेन ने कहा कि 12 स्क्वाड्रन को क्षेत्रीय तनाव को देखते हुए फारस की खाड़ी में तैनात किया गया है।

> अमेरिकी विमानवाहक पोत USS अब्राहम लिंकन आगे बढ़ रहा है

26,800 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है अब तक

ईरान सरकार ने माना 3,117 लोगों की मौत

ईरान सरकार ने पहली बार बुधवार को मौतों का आधिकारिक आंकड़ा जारी किया था, जिसमें 3,117 लोगों के मारे जाने की बात कही गई। सरकार का दावा है कि इनमें से 2,427 नागरिक और सुरक्षा बल थे, जबकि बाकी को आतंकवादी बताया गया। अतीत में ईरान पर ऐसे आंदोलनों में मौतों को कम करके दिखाने या आंकड़े छिपाने के आरोप लगते रहे हैं। ईरान की सरकारी मीडिया लगातार प्रदर्शनकारियों को दंगाई बताकर उन्हें अमेरिका और इस्राइल से प्रेरित बता रहा है, हालांकि इसके समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश नहीं किए गए हैं।

ट्रंप बोले, फांसी रुकवाई, ईरान ने बताया झूठ

ईरान के अटॉर्नी जनरल और अन्य लोगों ने हिरासत में लिए गए कुछ लोगों को मोहारेब या अल्लाह का दुश्मन कहा है। इस आरोप में मौत की सजा का प्रावधान है। इसका इस्तेमाल 1988 में बड़े पैमाने पर फांसी देने के लिए किया गया था, जिसमें कथित तौर पर कम से कम 5,000 लोग मारे गए थे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उनके हस्तक्षेप से 800 कैदियों की फांसी रुक गई, लेकिन ईरान के शीर्ष अभियोजक मोहम्मद मोवाहेदी ने इस दावे को झूठा बताया है।

अवामी लीग लड़े तो आधे से ज्यादा वोट हमें मिलेंगे: हसीना

बांग्लादेश में फरवरी में चुनाव होने हैं। इस चुनाव का परिदृश्य, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले और द्विपक्षीय संबंधों में असहजता को लेकर क्या सोचती हैं, बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना। पढ़ें, ऐसे ही कई मुद्दों पर शेख हसीना के साथ अल्पयू सिंह की खास बातचीत:

NBT Interview

Q हाल ही में BNP अध्यक्ष बने तारिक रहमान की बांग्लादेश वापसी को कैसे देखती हैं?

बांग्लादेश के लोगों को ये याद रखना चाहिए कि तारिक रहमान लंदन में नियमित तौर पर कई साल तक रहे। वह आम लोगों की रोज की परेशानियों से कोसों दूर थे। देश से वह भागे, क्योंकि उन्होंने अपनी स्वर्गीय मां और पूर्व पीएम खालिदा जिया की पब्लिक फंड गबन करने में मदद की थी। उनकी उसमें भूमिका थी। ये राजनीतिक असहमति का मसला नहीं, जवाबदेही का है। BNP लीडरशिप ने अपने हितों की वजह से कट्टरपंथी तत्वों के साथ करीबी दिखाई है। लोकतांत्रिक विकल्प के बजाय BNP ने बहिष्करण, डराना धमकाना और अवसरवादिता को चुना। बांग्लादेश को ऐसी सरकार चाहिए जो देश के भीतर से आए, विविधता का सम्मान करे और लोगों के प्रति जवाबदेह हो। ऐसी नहीं, जो बाहर रहकर कट्टरपंथी ताकतों से मिल कर सत्ता की जुगत में लगे।

Q फरवरी में होने वाले चुनाव की संभावनाओं पर सवाल उठ रहे, आपकी पार्टी की भागीदारी पर भी प्रश्न है?

सवाल ये नहीं है कि चुनाव होंगे कि नहीं, सवाल ये है कि क्या ये वैध तरीके से होंगे। लोकतांत्रिक विकल्पों से विहीन चुनाव केवल नाम का चुनाव होता है। बांग्लादेश की मौजूदा सरकार को लोगों ने नहीं चुना है। इसने खुद को देश का संविधान फिर से लिखने और कानून में संशोधन कर देश के सबसे लोकप्रिय दल को चुनाव में हिस्सा लेने से वंचित के लिए नियुक्त किया है। अगर अवामी लीग को चुनाव लड़ने दिया जाए तो देश के आधे से ज्यादातर वोटर हमारे पक्ष में वोट करेंगे। इसी डर की वजह से उन्होंने हमें बैन किया है। एक बिना चुनी सरकार के प्रमुख को अवामी लीग को बैन करने का क्या हक है? जबकि हमारे दल को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से 9 बार चुनकर सरकार में भेजा है। अभी राजनीतिक उत्पीड़न के चलते वैध राजनीतिक दलों ने कदम पीछे कर लिए हैं, जमात और BNP की मंजूरी के बिना नामांकन पत्र खरीदने वालों को पुलिस अरेस्ट कर रही है।

Q अल्पसंख्यकों पर हमलों के पीछे भारत ने कहा कि इन सबके पीछे एक पैटर्न है, आप क्या कहेंगी?

एक सरकार की मूल जिम्मेदारी अपने नागरिकों को बचाना है। अंतरिम सरकार ना सिर्फ इस उद्देश्य में नाकाम रही है, बल्कि इस दमन को सक्रिय तौर पर शह दे रही है। मेरी सरकार के दौरान जिन कट्टरपंथी समूहों को काबू करने में इतनी मेहनत करनी पड़ी थी, वे अब ताकतवर और प्रभुत्वशाली हो गए हैं। उनमें से कई अपराधी, आतंकी संगठनों से संबंध रखते हैं। उन्हें कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने की इजाजत दी गई है। बांग्लादेश में मौजूदा माहौल कट्टरपंथी ताकतों के प्रति तुष्टिकरण का नतीजा है।

Q भारत बांग्लादेश में शांति कायम करने में किस तरह मददगार साबित हो सकता है?

भारत के लोगों से मिले समर्थन को लेकर मैं शुक्रगुजार हूं। भारत सरकार ने यूनुस प्रशासन में आम हो चुकी मानवाधिकार हनन की घटनाएं और राजनीतिक दमन की साफ तौर पर आलोचना की है। अल्पसंख्यक समुदायों को रोज हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। ढाका में असहज बयानबाजी हो रही है। ऐसे में भारत सरकार ये जानती है कि दोनों देशों की समृद्धि आपस में जुड़ी हुई है। उम्मीद है जैसे ही वहां लोकतांत्रिक शासन तो दोनों महान देश फिर एकसाथ काम करेंगे।

Q द्विपक्षीय संबंधों का भविष्य कहां देखती हैं आप?

भारत बांग्लादेश का सबसे नजदीकी दोस्त और लंबे समय का साझेदार रहा है। यूनुस प्रशासन की ओर से अल्पसंख्यकों के ऊपर खुलेआम निशाना साधने की छूट देने की वजह से इस संबंध को खासा नुकसान पहुंचा है। भारतीय मिशनों की घेराबंदी और राजनयिक प्रतिनिधियों को धमकाने की छूट दी गई, ये उस प्रशासन के तहत हो रहा है, जिसके पास ना तो अनुभव है और ना ही बांग्लादेश की विदेश नीति के संचालन का जनादेश। भारत को एक विश्वसनीय साझेदार की जरूरत है। भारत का धैर्य तारीफ के लायक है।

Q आपके बच्चों को अब फ्रंटलाइन पॉलिटिक्स में आना चाहिए क्या?

अवामी लीग किसी एक परिवार की कभी नहीं रही। ये लाखों बांग्लादेशी लोगों की पार्टी है, जो लोकतंत्र, आजादी और सहिष्णुता में विश्वास रखते हैं। ये लोग 1971 के मूल्यों के बारे में विश्वास करते रहे हैं। हमारी सरकार ने लाखों को गरीबी से निकाला है। महिलाओं का सशक्तिकरण किया। ऐसी इकॉनमी सामने रखी जो 7 % की रफ्तार से बढ़ी है। सभी समुदाय के लोगों के लिए शांतिपूर्ण माहौल कायम किया। ये सबकुछ हमारे दल, कार्यकर्ता और बांग्लादेश के लोगों से जुड़ा है। जनता ने 9 बार हम पर विश्वास किया। हम भविष्य में भी उनकी सेवा, सत्ता और विपक्ष दोनों में करने के लिए तैयार हैं। एक सरकार की मूल जिम्मेदारी अपने नागरिकों को बचाना है। अंतरिम सरकार ना सिर्फ इस उद्देश्य में नाकाम रही है, बल्कि इस दमन को सक्रिय तौर पर शह दे रही है।

हसीना का पहली बार सार्वजनिक संबोधन

बांग्लादेश छोड़ने के बाद पहली बार शेख हसीना ने ऑडियो के जरिए यूनुस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस सरकार के नेतृत्व में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते हैं। यूनुस प्रशासन में महिलाओं और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न हो रहा है। कानून-व्यवस्था डांवाडोल है। हसीना ने इसे रोकने और पिछले साल की घटनाओं की यूएन से जांच कराने की मांग की। AFP के मुताबिक, हसीना के सार्वजनिक संबोधन के बाद भारत और बांग्लादेश रिश्तों में खटास बढ़ सकती है।

कनाडा अमेरिका के रहम पर ज़िंदा नहीं, गाज़ा बोर्ड ऑफ पीस का न्योता रद्द

■ एएफपी, मॉन्ट्रियल (कनाडा)

अमेरिका और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को कहा कि कनाडा अमेरिका के रहम पर जिंदा नहीं है। कनाडा इसलिए फलता-फूलता है, क्योंकि हम कनाडाई हैं। कार्नी का यह बयान दावोस में वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में ट्रंप के उस भड़काऊ बयान पर पलटवार माना जा रहा है, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि 'कनाडा का अस्तित्व अमेरिका की वजह से है।' क्यूबेक सिटी में नए संसदीय सत्र से पहले राष्ट्र को संबोधित करते हुए कार्नी ने यह बयान दिया। हालांकि उन्होंने दोनों देशों के बीच असाधारण साझेदारी को भी स्वीकार किया। कार्नी के बयान के कुछ ही देर बाद ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लैटफॉर्म पर प्रतिक्रिया देते हुए कनाडा को 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का निमंत्रण वापस लेने की घोषणा की।

> ट्रंप के दावोस में दिए गए भड़काऊ बयान पर कार्नी ने किया पलटवार

वैश्विक व्यवस्था में दरारों पर खुलकर की थी बात । दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था में आ रही दरारों की खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था कि अब दुनिया एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है और केवल अमेरिका के साथ तालमेल बैठाने से देशों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। इस भाषण को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली थी। ट्रंप ने इस पर नाराजगी जताते हुए अगले दिन अपने भाषण में कार्नी पर तंज कसा और कहा, 'मैंने आपके प्रधानमंत्री को देखा, वह ज्यादा आभारी नहीं लगे। कनाडा अमेरिका की वजह से ही है।'

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी

पूतिन के फ्रीज प्रॉपर्टी ऑफर पर ट्रंप बोले...

ट्रंप ने कहा है कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन उनके देश की फ्रीज की गई संपत्तियों से 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के लिए रकम देना चाहते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। पूतिन ने संकेत दिया है कि बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए 1 अरब डॉलर का योगदान अमेरिका में फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों से किया जा सकता है। एक्सपर्ट का मानना है कि अगर फ्रीज रूसी संपत्तियों के इस्तेमाल की अनुमति मिलती है, तो यह अंतरराष्ट्रीय कानून और प्रतिबंध नीति में बड़ा मोड़ होगा।

ईयू समिट 27 को, डिफेंस सिक्योरिटी मुद्दों पर चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

यूरोपीय यूनियन (ईयू) का मानना है कि 27 जनवरी को होने वाली भारत-ईयू समिट दोनों पक्षों के संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करेगी। समिट से पहले भारत को ईयू का एक अहम साझेदार बताया गया। हालांकि, इस दौरान ईयू की ओर से दोनों पक्षों के बीच होने वाली फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) को लेकर ज्यादा डिटेल नहीं दी गई। सूत्रों के मुताबिक, इस डील के बाद दोनों ही ओर से टैरिफ में कमी आएगी। समिट में मोबिलिटी करार पर भी सहमति बन सकती है। इस करार में छात्रों, कामगारों जैसी विशिष्ट श्रेणियों के लोगों को भी कवरेज मिल सकती है। समिट में दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और डिफेंस में और ज्यादा सहयोग और बहुपक्षवाद का समर्थन जैसे आयाम भी सामने आएंगे। इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर (IMEC) पर कहा कि दोनों पक्ष इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



File

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन

J&K में मारा गया जैश का कमांडर

■ **पीटीआई, जम्मू:** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (JEM) का एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि बिल्लावार इलाके में एक संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादी को मार गिराया गया। जम्मू पुलिस प्रमुख ने X पर लिखा, 'बिल्लावार में सेना और CRPF के साथ ऑपरेशन में पुलिस ने पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया।' आतंकवादी की पहचान जैश के कमांडर उस्मान के रूप में की और बताया कि उसके पास से एम4 स्वचालित राइफल सहित गोला बारूद मिले हैं।

रूस, यूक्रेन और US की पहली बार शांति पर बात

■ एपी, दावोस (स्विट्जरलैंड)

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अबू धाबी में रूस और अमेरिका के साथ होने वाली बैठक में यूक्रेन के पूर्वी डोनबास क्षेत्र का भविष्य एक प्रमुख मुद्दा होगा। यूक्रेन, रूस और अमेरिका के वार्ताकार शुक्रवार को करीब 4 साल से जारी युद्ध को खत्म कराने के लिए अबू धाबी में बैठक करने के लिए जुटे। इससे पहले, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन की अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दूतों के साथ रातभर चली लंबी बातचीत के दौरान यूक्रेन में समझौते पर चर्चा करने के कुछ घंटों बाद त्रिपक्षीय वार्ता हुई।

AP

रूस के राष्ट्रपति पूतिन से मॉस्को में US दूत स्टीव विटकॉफ मिले।

रूसी राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' ने कहा कि शांति समझौते तक पहुंचने के लिए, कीव को पूर्व में डोनबास समेत उन क्षेत्रों से अपनी सेना वापस बुलानी होगी जिन्हें रूस ने अपने कब्जे में ले लिया था लेकिन कभी भी पूरी तरह से कब्जा नहीं किया था। इस बीच, जेलेंस्की ने यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में उसके नियंत्रण में एक फ्री ट्रेड एरिया बनाने के प्रति अपनी सहमति दोहराई। उन्होंने कहा कि उन्होंने गुरुवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में ट्रंप के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा की। यह स्पष्ट नहीं है कि शुक्रवार की बातचीत के दौरान यूक्रेन और रूसी पक्ष एक ही कमरे में मुलाकात करेंगे या नहीं। जेलेंस्की ने कहा कि वह यूरोपीय साझेदारों को वार्ता के परिणाम से अवगत कराएंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'आज की बैठक यूक्रेन, रूस और अमेरिका के प्रारूप में होगी और उसके बाद यूरोपीय देशों को निश्चित रूप से हमारी ओर से प्रतिक्रिया मिलेगी।'

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: vivek.kumar4 Time: 01-23-2026 21:47 Color:

DELL Technologies

Intel® Core™
Ultra 7 processor

intel CORE ULTRA 7

REPUBLIC DAY OFFERS

Deals worth celebrating.

Own a Dell laptop starting at **₹1,999**/month*.

Dell 16 Plus

Dell 14 Plus

Get more done, faster. | Stay unplugged longer.

Accidental Damage Protection starting at ₹299*

Cashback up to ₹10,000*

HDFC BANK

Warranty upgrades starting at ₹299*

Visit your nearest Dell authorized store

89298 75365

Log on to www.dellstore.com

Featured offers are applicable on selected products and valid until 30 January 2026 in selected authorized stores only. For more details, visit https://www.dellretailstores.in/. Get a Dell laptop starting at ₹1,999 is applicable on Dell 15 laptop (ODC1525002001RINB1). Mentioned offers may vary from store to store. Please visit the store for applicable offers. Terms and conditions apply. All sales and offers are subject to Dell Technologies' terms and conditions. While efforts are made to check pricing, offer and other errors, inadvertent errors do occur from time to time, and Dell Technologies reserves the right to decline sales or offers arising from such errors. Trademarks: Dell Technologies and Inspiron are trademarks of Dell Technologies Inc. Intel and Intel Evo are trademarks of Intel Inc. while other trademarks are the property of their respective owners. Copyright: © 2026 Dell Technologies Inc. All rights reserved. Images / Products shown are for illustration purposes, prices, specs, and features may vary depending on the configuration.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 01-23-2026 23:59 Color:

NB नवभारत

शेख हसीना से बातचीत

बांग्लादेश का मौजूदा माहौल चरमपंथियों के प्रति तुष्टीकरण का नतीजा है। देश के विविधतापूर्ण समाज को चुनौती मिल रही है।

बांग्लादेश में भारतीय मिशनों पर भीड़ की घेराबंदी, प्रदर्शन और राजनयिक प्रतिनिधियों को डराने धमकाने की छूट दी गई।

'यूनुस प्रशासन ने भारत संग रिश्तों को नुकसान पहुंचाया'

Alpyu.Singh@timesofindia.com

NBT Exclusive

■ **नई दिल्ली:** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों की असहजता का ठीकरा यूनुस प्रशासन पर फोड़ा है। **एनबीटी** से खास बातचीत में हसीना ने कहा कि बांग्लादेश में भारतीय मिशनों पर भीड़ की घेराबंदी, प्रदर्शन और राजनयिक प्रतिनिधियों को डराने धमकाने की छूट दी गई। कट्टरपंथियों को शह दिए जाने और तुष्टीकरण की नीति ने मौजूदा माहौल खड़ा किया है, जिसकी वजह से द्विपक्षीय संबंधों को खासा नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा उन्होंने वहां अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों पर भी चिंता जताई। अवामी लीग की नेता हसीना ने कहा कि यूनुस प्रशासन के तहत बांग्लादेश के विविधतापूर्ण समाज को चुनौती मिल रही है। इस वजह से हिंदुओं, बौद्ध, ईसाइयों, अहमदी मुसलमानों के खिलाफ चिंताजनक घटनाएं हो रही हैं।

बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले चुनावों पर हसीना ने कहा कि वहां जो लोग बिना जमात या बीएनपी के नॉमिनेशन फॉर्म खरीद रहे हैं, उन्हें पुलिस गिरफ्तार कर रही है। उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में जब बांग्लादेश में लोकतांत्रिक सरकार और कानून का शासन लौटेगा, तब दोनों देशों के रिश्ते पहले की तरह सहयोगात्मक हो जाएंगे। » पेज 15

पुरानी गाड़ी को EV बनाने के लिए सब्सिडी की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे दिल्लीवालों के लिए गुड न्यूज है। दिल्ली सरकार ई-वीइकल पॉलिसी 2.0 लेकर आ रही है। इसमें पुरानी गाड़ी को EV में बदलने और नई EV खरीदने में सब्सिडी और इंसेंटिव की भरमार है। इसमें 10 साल पुरानी डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल कारों को इलेक्ट्रिक में बदलने (रेट्रोफिटिंग) पर 50 हजार से ज्यादा का इंसेंटिव देने का प्रस्ताव है।

चूंकि पुरानी कारों को इलेक्ट्रिक में बदलने वाली तकनीक में 2-3 लाख तक खर्च आता है, इसलिए सरकार पहली 1000 पुरानी कारों को EV में बदलने पर इंसेंटिव देने का प्रस्ताव लाई है। सरकार रेट्रोफिटिंग में R&D पर निवेश कर सकती है, जिससे पुरानी कारों को हटाने के बजाय उनकी रेट्रोफिटिंग हो सके।

पॉलिसी पर ड्राफ्ट फरवरी में, जनता से लेंगे सुझाव

सरकार EV की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए ई-गाड़ी के कर्ज पर भी 5% तक सब्सिडी दे सकती है। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अभी महंगी हैं। ऑटो लोन महंगा होता है। इस वजह से बड़ा वर्ग इलेक्ट्रिक कारों की खरीद से दूरी बनाता है। इसलिए सरकार ईवी बनाने वाली कंपनियों के सुझाव पर लोन पर भी सब्सिडी दे सकती है।

दिल्ली सरकार ला रही ई-वीइकल पॉलिसी 2.0

25 लाख से सस्ती EV पर ही सब्सिडी पर विचार

दिल्ली सरकार इलेक्ट्रिक कार खरीद में मिडल क्लास को फायदा देना चाहती है। इसलिए सरकार 25 लाख से कम कीमत वाली ईवी पर ही सब्सिडी देने का विचार कर रही है। यह अधिकतम डेढ़ लाख तक हो सकती है। सब्सिडी पहली 25 हजार कारों को ही मिलेगी। सरकार का मानना है, जो 25 लाख या उससे महंगी कार खरीद सकते है,उन्हें सब्सिडी की जरूरत नहीं है।

बाइकों पर ₹30 हजार तक सब्सिडी देने का प्रस्ताव

जरूरतमंदों को ही सब्सिडी का लाभ देने की तैयारी है। एक लाख दुपहिया वाहनों को 30 हजार रुपये तक की सब्सिडी देने का प्रस्ताव है। परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने बीते दिनों ई-वीकल पॉलिसी पर अलग-अलग स्टेकहोल्डर के साथ बैठक कर इन प्रस्तावों पर चर्चा की है। सूत्रों की माने तो अगले सप्ताह खुद सीएम ईवी पॉलिसी 2.0 को लेकर समीक्षा बैठक करेंगी।

फटाफट खबरें

सोना चोरी के दोषी जाएंगे जेल: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में कहा कि अगर बीजेपी इस राज्य में सत्ता में आती है, तो सबरीमाला सोने मामले की जांच की जाएगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। चेन्नै के पास रैली में स्टालिन सरकार को तमिल संस्कृति का शत्रु बताया और कहा, ये तिरुप्परनकुंद्रम टीपम जैसे रिवाजों का विरोध कर रही है। » पेज 10

भोजशाला में पूजा, नमाज साथ-साथ

एमपी में धार की भोजशाला में वसंत पंचमी पर मां वाग्देवी की पूजा और जुमे की नमाज साथ-साथ कराई गई। शुक्रवार सुबह 6 बजे सूर्योदय के साथ ही सरस्वती पूजन शुरू हुआ, जो सूर्यास्त तक चला। वहीं, दोपहर में 1 से 3 बजे तक परिसर में ही मुस्लिम समाज के 15 लोगों ने नमाज अदा की। » पेज 11

अनिल अंबानी को SC से नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी और उनसे जुड़े कंपनियों के समूह ADAG को एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को नोटिस जारी किए। याचिका में समूह और उसकी कंपनियों पर कथित फ्रैजिम और कॉरपोरेट फ्रॉड की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की गई है।

हैपी मॉर्निंग

टीपर: बच्चों, महान व्यक्ति वह होता है, जो हमेशा दूसरों की मदद करे।
मोनू: सर, एग्जाम में न आप खुद महानता दिखाते है, न हमें ही आपस में दिखाने देते हैं।

बिकवाली और कमज़ोर रुपये से टूटे शेयर बाज़ार

अदाणी पर SEC के ऐक्शन से भारी गिरावट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

770 अंक लुढ़का सेंसेक्स
241 अंक गिरा निफ्टी
5.7 लाख करोड़ घटी पूंजी
30 पैसे टूटा रुपया, ₹91.88/डॉलर, सबसे निचला स्तर

भारतीय शेयर शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों से अच्छे संकेतों और त्रिपक्षीय पॉलिटिकल चिंताओं में कमी के बावजूद बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही करीब 1% गिरकर बंद हुए। निवेशकों की पूंजी में 5.7 लाख करोड़ रुपये घट गई। विदेशी निवेशकों की बड़े पैमाने पर बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपये के रेकॉर्ड निचले स्तर से दबाव बना। अदाणी ग्रुप के शेयरों में अचानक भारी गिरावट ने भी बाजार को तेजी से नीचे खींचा। बताते हैं, अमेरिकी शेयर बाजार के रेगुलेटर SEC ने गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी को ईमेल से समन भेजने की कोर्ट से अनुमति मांगी है। इससे निवेशकों में घबराहट फैली। अदाणी समूह के शेयरों में 13% तक गिरावट दर्ज की गई। इस ग्रुप का मार्केट कैप 1.1 लाख करोड़ घटा। » पेज 13

काम की खबरें

परेड की रिहर्सल आज भी, आवाजाही बंद रहेगी

गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल शनिवार को भी होगी। यह सुबह 10:15 बजे विजय चौक से शुरू होगी। इस कारण विजय चौक, कर्तव्य पथ, इंडिया गेट के बीच ट्रैफिक बंद रहेगा। » पेज 4

26 को 3 am से मेट्रो

परेड देखने जा रहे लोगों को आसानी हो, सभी कॉरिडोर पर 26 जनवरी को तड़के 3 बजे से मेट्रो चलेगी। » पेज 4

स्टेशनों पर नो पार्किंग

4 रेलवे स्टेशनों नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, निजामुद्दीन, आनंद विहार में 25 और 26 जनवरी को पार्किंग बंद » पेज 4

तकरार बढ़ी विश्व आर्थिक मंच में दोनों नेताओं की बयानबाजी से आती गई तल्खी

कनाडाई PM से ट्रंप हुए नाराज़, गाज़ा पीस बोर्ड का न्योता छीना

■ एएफपी, मॉन्ट्रियल (कनाडा)

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। ट्रंप ने कनाडा को 'बोर्ड ऑफ़ पीस' में शामिल होने का जो न्योता दिया था, उसे भी वापस ले लिया है। दावोस में WEF के मंच पर कार्नी ने कहा था कि अमेरिकी दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था खत्म हो चुकी है। अगले दिन ट्रंप ने कह दिया कि अमेरिका की वजह से ही कनाडा टिका है। तब कार्नी ने इसे गलत बताया। अब ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बोर्ड में शामिल होने का आमंत्रण वापस लेने का ऐलान कर दिया है। » पेज 15

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL2 User: cci Time: 01-23-2026 23:46 Color:

एम्बेसी की फर्ज़ी नंबर प्लेट लगी कार के साथ महिला पकड़ी गई

3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल यूनिट ने एक महिला को गिरफ्तार किया है, जो पुलिस जांच से बचने के लिए अपनी इनोवा कार में विदेशी एम्बेसी की जाली नंबर प्लेट लगाकर अलग-अलग एम्बेसी और हाई सिक्योरिटी इलाकों में घूम रही थी। पुलिस को कार से विदेशी एम्बेसी की दो और जाली नंबर प्लेट बरामद हुई है।

जांच में पता चला कि पकड़ी गई महिला अश्रम की रहने वाली है। पूछताछ में उसने दावा किया कि उसने 2023-24 में एक साल के लिए विदेशी एम्बेसी में कंसल्टेंट के तौर पर काम किया था। पुलिस उसे कस्टडी में लेकर पूछताछ कर रही है कि कहीं वह दूसरे लोगों के साथ मिलकर आगामी गणतंत्र दिवस पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल तो नहीं है।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त जानकारी मिली थी कि एक महिला अक्सर नई दिल्ली में मौजूद अलग-अलग देशों की एम्बेसी में जाती है और किसी एम्बेसी की नकली नंबर प्लेट वाली कार का भी इस्तेमाल करती है। सूचना पर एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर दलीप कुमार, एसआई विजय कुमार, अशोक कुमार, और एएसआई रविंदर की टीम गठित की गई। टीम ने बी ब्लॉक, वसंत विहार में ट्रैप लगाया। दोपहर करीब 3.10 बजे जैसे ही महिला ने गाड़ी स्टार्ट की तो उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में वह गाड़ी के पेपर नहीं दिखा सकी।

शुरुआत में उसने खुद को एक विदेशी एम्बेसी का प्रतिनिधि बताया, लेकिन उस एम्बेसी का नाम नहीं बता पाई। सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह गाड़ी पर एक विदेशी एम्बेसी की नकली नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर रही थी। उसने यह भी बताया कि उसने नवंबर 2024 में एक विदेशी एम्बेसी से इनोवा कार खरीदी थी। एम्बेसी ने उसके खिलाफ चाणक्य पुरी थाने में गाड़ी अपने नाम पर रजिस्टर्ड नहीं करवाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसलिए उसने उस एम्बेसी की नंबर प्लेट हटा दी और नकली नंबर प्लेट बनवा ली, ताकि वह अलग-अलग जगहों पर पुलिसकर्मियों की चेकिंग से बच सके और अलग-अलग एम्बेसी में आसानी से जा सके।

AI Image

ट्रैप लगाकर पकड़ा

- कार से विदेशी एम्बेसी की दो और जाली नंबर प्लेट बरामद
- पुलिस कर रही जांच, गणतंत्र दिवस पर देश विरोधी गतिविधियों में तो नहीं है शामिल
- वसंत विहार में ट्रैप लगाकर पुलिस ने पकड़ा, नहीं दिखा सकी गाड़ी के पेपर

6 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

पूछताछ में महिला ने दावा किया कि उसने 2023-24 में एक साल के लिए विदेशी एम्बेसी में कंसल्टेंट के तौर पर काम किया था और उसे हर महीने 1.5 लाख रुपये मिलते थे। इसके अलावा उसने बताया कि वह यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मेघालय में स्पोर्ट्स गाइड के तौर पर भी काम करती थी, जिसके लिए उसे पैसे मिलते थे। इसके अलावा वह वर्तमान में विदेशी, विशेषकर अफ्रीकी स्टूडेंट्स को उसी विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए कंसल्टेंसी देने का काम कर रही है। गिरफ्तारी के बाद उसे छह दिनों की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

करंट लगने से मज़दूर की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: झिलमिल की ग्रेंड्स कॉलोनी इलाके में बिल्डिंग में काम करने के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। जीटीबी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक की पहचान विश्वास नगर निवासी अटल बिहारी परमार (32) के तौर पर हुई है। फिलहाल जीटीबी एनक्लेव पुलिस बीएनएस की धारा 106(1)259 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 20 जनवरी की रात करीब 8 बजे जीटीबी एनक्लेव पुलिस को कॉल मिली थी कि एक शख्स की करंट लगने से मौत हो गई है। उसके शव को कुछ लोग जीटीबी अस्पताल में फेंककर चले गए हैं। शख्स झिलमिल स्थित ग्रेंड्स कॉलोनी में काम करता था। सूचना के बाद पुलिस तुरंत जीटीबी अस्पताल पहुंची। वहां पर अटल बिहारी परमार का शव मिला।

शव को कुछ लोग अस्पताल में फेंककर चले गए थे

साहिबी नदी में मिली पति-पत्नी की लाश, 17 जनवरी से थे गुमशुदा

■ NBT न्यूज, ककरोला

द्वारका डिस्ट्रिक्ट के ककरोला इलाके में साहिबी नदी (नजफगढ़ नाला) में शुक्रवार को दो डेडबॉडी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मोहन गार्डन और नजफगढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से दोनों डेडबॉडी बाहर निकाली गई। SHO नजफगढ़ सहीराम मीणा, इंस्पेक्टर ओमवीर विश्नोई भी मौके पर पहुंचे और क्राइम टीम के अलावा FSL की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया।

पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

ममले की जानकारी मिलते ही द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह भी मौके पर पहुंचे। मौत की असली वजह का पता लगाने के लिए दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नाकरपुर कला स्थित राव तुलाराम हॉस्पिटल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी।

बेटे रितेश ने पुलिस से दोनों की मिसिंग की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी

डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दिन में करीब 12 बजे पुलिस को एक कैब ड्राइवर ने ककरोला नाला पिकेट पर दो डेडबॉडी नजर आने की सूचना दी। इसके बाद सूचना नजफगढ़ थाने की पुलिस टीम को दी गई। सब-इंस्पेक्टर राजकुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुरुष की डेडबॉडी से एक मोबाइल फोन मिला जिसके आधार पर उसकी पहचान मुन्ना लाल (55) और उसके साथ वाली डेडबॉडी की पहचान रामवती देवी (55) के रूप में हुई। ये भी पता चला कि दोनों पति-पत्नी हैं और 17 जनवरी से बिंदापुर थाना इलाके से गुमशुदा थे। इनके बेटे रितेश ने पुलिस में मिसिंग की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन से 20 लाख की जूलरी चोरी

■ अक्षयनी शर्मा, नई दिल्ली

चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच जूलरी कारीगर का कीमती सामान से भरा बैग चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। बैग में सोने और हीरे की महंगी जूलरी के अलावा जरूरी दस्तावेज और लॉकर की चाबी रखी थी। पीड़ित की शिकायत पर कश्मीरी गेट मेट्रो थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार चोरी हुई जूलरी 18 से 20 लाख रुपये की है। सूत्रों की मानें तो जांच में पता चला है कि बैग एक महिला लेकर निकली है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। महिला के साथ एक बच्चा भी है।

AI Image

पुलिस सूत्रों के अनुसार अचिंत्य घोष (34) चांदनी चौक में रहते हैं और पेशे से सोना पिघलाकर जूलरी बनाने का काम करते हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि वह कुछ समय से पीतमपुरा में रहने वाले एक ग्राहक के ऑर्डर पर गोल्ड और डायमंड की जूलरी तैयार कर रहे हैं। 22 जनवरी को तैयार की गई जूलरी दिलीवरी देने चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन से पीतमपुरा जा रहे थे। शाम 5:35 से 5:45 के बीच उन्होंने मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के दौरान अपना काले रंग का बैग स्कैनिंग मशीन में रखा। वह अपनी जांच कराकर जैसे ही मशीन के पास पहुंचे तो पता चला कि बैग चोरी हो गई है। पीड़ित ने पास खड़े CISF जवानों को घटना के बारे में बताया। काफी सर्च ऑपरेशन के बाद जब बैग नहीं मिला तो ममले की सूचना मेट्रो पुलिस को दी गई। सूत्रों के अनुसार बैग में 14 कैरेट के दो सोने के कंगन (65 ग्राम), 14 कैरेट का एक ब्रेसलेट (11 ग्राम), एक सोने की अंगूठी, तीन पिक पेंडेंट, 18 कैरेट का डायमंड ब्रेसलेट (40 ग्राम), 40 से 45 कैरेट के हीरे, लॉकर की चाबी और अन्य सामान शामिल है।

धमकी वाले विडियो पर SFJ चीफ पन्नू के खिलाफ FIR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रतिबंधित संगठन 'सिक्स फॉर जस्टिस (SFJ)' के घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुकदमा दर्ज किया है। दरअसल, पन्नू ने सोशल मीडिया पर एक विडियो मैसेज जारी कर 26 जनवरी से पहले राजधानी की कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की धमकी दी थी। दावा किया था कि उसके 'स्लीपर सेल' ने रोहिणी और दाबड़ी एरिया में अलगाववाद समर्थक पोस्टर लगाए हैं। हालांकि, जांच में पुलिस को इस तरह के पोस्टर नहीं मिले।

SFJ का घोषित आतंकवादी है गुरपतवंत सिंह पन्नू

पुलिस अफसरों के मुताबिक, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर वह विडियो ज्वायल करने का मकसद जनता में दहशत पैदा करना और फिजा को बिगाड़ना है। यह भड़काऊ है, जिससे माहौल बिगड़ सकता है। पन्नू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 196 (धर्म, जाति, भाषा आदि के आधार पर वैमनस्य फैलाना), 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक दावे), 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा) और 61 (आपराधिक साजिश) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस अफसरों का कहना है कि स्पेशल सेल और लोकल पुलिस की कई टीमों ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अब तक रोहिणी और दाबड़ी में किसी भी प्रकार के अलगाववाद समर्थक पोस्टर या सामग्री की बरामदगी नहीं हुई है।

मोदी मिल फ्लाईओवर पर हादसे में लॉ स्टूडेंट की गई जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मोदी मिल फ्लाईओवर पर गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में एक लॉ स्टूडेंट की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान विनय (24) के रूप में हुई है। वह कोटला मुबारकपुर के रहने वाले थे और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (CCSU) में एलएलबी पार्ट ईयर के स्टूडेंट थे। यह हादसा दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ, जब एक स्कूल बस ने बाइक से जा रहे विनय को टक्कर मार दी।

AI Image

सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना न्यू ग्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने घायल विनय को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भेज दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर स्कूल बस ड्राइवर विजेंद्र को मौके से हिरासत में ले लिया है।

9 साल पहले हुए मर्डर में भगोड़ा पकड़ा गया, दो बरी

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: 9 साल पहले अंबेडकर नगर इलाके में अमन उर्फ आदित्य का मर्डर हुआ था। पुलिस ने इस मामले में रवि कुमार उर्फ भूटर, रमन उर्फ सागर उर्फ चेटिया और अमन मखवाना उर्फ काला को गिरफ्तार किया था। अमन उर्फ काला जमानत लेने के बाद फरार हो गया। जिसे कोर्ट ने 19 अक्टूबर 2023 को भगोड़ा घोषित कर दिया। इस बीच सबूत कोर्ट ने 20 मार्च 2025 को फैसला सुनाते हुए रवि और रमन को बरी कर दिया। अब अमन को क्राइम ब्रांच ने देहरादून से पकड़ा है।

डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, एएसआई विनमोन को अमन के उत्तराखंड में छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम को इसकी लोकेशन पहले हरिद्वार मिली, जिसे आखिर में देहरादून से दबोच लिया गया। वह आरके पुरम थाने में दर्ज चोरी के एक केस में भी वॉन्टेड था। दरअसल दक्षिणपुरी में 18 सितंबर 2016 की रात को अमन नाम के लड़के पर चाकू से हमला किया गया था। आरोप था कि अमन उर्फ काला और रमन ने उसके हाथ पकड़े, जबकि रवि ने जांघ में चाकू मारा। जख्मी अमन को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां 25 सितंबर 2016 को उसकी मौत हो गई।

शिकंजे में

- अंबेडकर नगर में हुई थी हत्या, तीसरा आरोपी बेल लेकर हो गया था फरार
- क्राइम ब्रांच ने देहरादून से पकड़ा, जांच में पाया गया वांटेड

अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने मर्डर, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। शुरुआत में अमन ने खुद को नाबालिग कराए दिया, लेकिन जांच में वह बालिग पाया गया। वह ट्रायल के दौरान फरार हो गया। मृतक अमन के पिता सूरज और दोस्त विशाल समेत 4 गवाह कोर्ट में मुकर गए।

पुलिस के जुटाए सबूत भी अदालत में नहीं टिक पाए, लिहाजा रवि और रमन को बरी कर दिया गया। अदालत ने फाइल को रिकॉर्ड रूम में भेजने और अमन उर्फ काला पकड़े जाने पर फिर केस शुरू करने का ऑर्डर दिया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-23-2026 22:58 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 24 जनवरी 2026 > माघ 4, शक संवत 1947, माघ शुक्ल पक्षे, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 21 > पेज 28* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया समूह www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

मौसम ने करवट ली

- उत्तर भारत में शुक्रवार को मौसम ने करवट ली। पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानों में बारिश के साथ सूखे का लंबा दौर खत्म हुआ।
- जम्मू-कश्मीर के वैष्णो देवी में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। यात्रा स्थगित करनी पड़ी। श्रीनगर एयरपोर्ट पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी

हिमाचल में शिमला, मनाली, कुफरी समेत कई जगहों पर पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा सूखे का दौर खत्म हुआ।



वैष्णो देवी की पहाड़ियों पर जोरदार बर्फबारी

PTI

पहाड़ों पर बिछी 'चांदी'

PTI

अर्थसार

सेंसेक्स	81,537.70 (-769.67)
निफ्टी	25,048.65 (-241.25)
रुपए vs डॉलर	91.61 (+0.03)
रुपए vs यूरो	107.62 (+0.56)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,58,700 (+1,500)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹3,29,500 (+9,500)

मौसम

अधिकतम तापमान 16.0°

13.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5:54 सूर्यास्त 7:13

रविवार

दिन में ठंड बरकरार रहेगी। 27 जनवरी को फिर से होगी बारिश।

* 22 + 6 DelhiTimes

लापरवाही के साथ लालच ने भी ली जान, इंजिनियर को क्या आज मिलेगा इंसाफ?

अवैध खनन, सरकारी चुप्पी और मौत

नोएडा के डेथ ट्रैप: बेसमेंट के नाम पर रेत का खेल

Shyam.Vir@timesofindia.com

■ **नोएडा:** सेक्टर-150 में सामने आया मामला केवल एक हादसे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सिस्टम की लापरवाही और अवैध खनन के संगठित खेल की भयावह तस्वीर पेश करता है। यहां बिल्डरों ने भले ही इमारतें खड़ी न की हों, लेकिन बेसमेंट के नाम पर नियमों को दरकिनार कर जमीन की गहराइयों से अरबों रुपये की कीमती रेत निकाल ली गई। इसी खोखली व्यवस्था की कीमत 16 जनवरी की रात सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

यह प्लॉट नोएडा अथॉरिटी ने लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन को आवंटित किया था, जिसे बाद में अन्य डिवेलपर्स को बेच दिया गया। नियमों के तहत जहां सीमित खुदाई की अनुमति होती है, वहां इससे कहीं अधिक गहराई तक खनन किया गया। यहां बेहतरीन गुणवत्ता की बालू निकली, जिसे खुलेआम बेचा गया।



NBT पड़ताल

रोज़ाना 200 डंपर रेत भेजी जाती थी बाहर

सूत्रों के मुताबिक, रोजाना करीब 200 डंपर रेत इस प्रोजेक्ट से बाहर भेजी जाती थी। उस समय एक डंपर की कीमत करीब 15 हजार रुपये थी, जिसे बाजार में लगभग दोगुने दाम पर बेचा जाता था। यह सिलसिला एक से डेढ़ साल तक चला और करीब 70 फीट तक जमीन खोद दी गई। अनुमान है, अरबों रुपये की बालू बेची गई। ▸▸ पेज 2

SIT ने 80 अधिकारियों से की पूछताछ, रिपोर्ट आज

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता की दर्दनाक मौत के मामले में शुक्रवार को SIT ने नोएडा अथॉरिटी पहुंचकर जांच तेज कर दी। टीम ने पुलिस, जिला प्रशासन, डिजास्टर मैनेजमेंट, NDRF, SDRF, फायर डिपार्टमेंट और नोएडा अथॉरिटी समेत करीब 80 अधिकारियों और कर्मियों के बयान दर्ज किए। घटना के समय कंट्रोल रूम, फील्ड स्टाफ और विभागों के आपसी समन्वय से जुड़े दस्तावेज भी लिए गए। सूचना मिलने के बाद रिस्पॉन्स टाइम के आंकड़े जुटाए गए और युवराज को बचाने के प्रयासों की लिखित जानकारी ली गई। टीम ने पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों से राहत-बचाव में हुई चूक, सड़क सुरक्षा और स्पोर्ट्स सिटी प्लॉट आवंटन से जुड़े तथ्य दर्ज किए। शनिवार को रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी। उधर, लोटस ग्रीन के फरार डायरेक्टर निर्मल सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वॉरंट जारी किया गया है। इस मामले में अब तक दो रियल एस्टेट कंपनी के तीन डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

NBT

नोएडा अथॉरिटी में शुक्रवार को हलचल रही।

अब डैशकैम खोलेगा राज

युवराज की कार का डैशकैम जांच में अहम कड़ी है। गाड़ी की रफ्तार, गिरने का एंगल और हादसे से ठीक पहले की स्थिति का पता चलेगा। फॉरेंसिक टीम ने विप जांच के लिए भेज दी है। फोन की नेटवर्क एक्टिविटी की जांच होगी। पुलिस के मुताबिक फोन रात 12:20 पर बंद हुआ, जबकि पिता ने दो घंटे तक मदद मांगने का दावा किया है।

आप बताएं क्या है उपाय ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या किया जाना चाहिए। अपनी राय हमें 9220747220 वट्सऐप कीजिए।

मोदीनगर में टूटी पुलिया, नाले में गिरे भाई-बहन

■ **NBT न्यूज, गाजियाबाद :** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदीनगर में गुरुवार रात करीब 10 बजे स्कूटी सवार भाई-बहन नाले में गिर गए। गोविंदपुरी सुदामापुरी कॉलोनी निवासी अजय कुमार (19) छोटी बहन साक्षी (17) के साथ रेस्टोरेंट से खाना खाकर लौट रहे थे। कपड़ा मिल नाले पर पहुंचते ही टूटी पुलिया के कारण स्कूटी असंतुलित होकर बाउंड्री से टकराई और दोनों नाले में जा गिरे। मौके पर जुटी भीड़ ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। साक्षी की हालत गंभीर है। नाले के दो पुलों के बीच करीब चार फीट चौड़ा गैप है। एसीपी ने इसे दुर्घटना की वजह बताया। एसडीएम ने पुलिया निर्माण के आदेश दिए हैं। ▸▸ पेज 2

नाले पर टूटी पुलिया अंधेरे में बनी हादसे की वजह

50 साल युवा, भविष्य की ऊर्जा से भरपूर

भारत पेट्रोलियम

हरदम आगे, हमेशा आगे

अपने 50वें स्थापना दिवस को मनाते हुए, हम अब तक हासिल की गई उपलब्धियों पर ही नहीं ठहरते हम आगे बढ़ते हैं।

यह उपलब्धि हमारी यात्रा में महज एक पड़ाव है, जहां हम उच्च मानकों, गहन ज़िम्मेदारी और नवाचार के साथ भारत को ऊर्जित करने के तरीके को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं।

सबसे आगे रहने से लेकर अपने ग्राहकों पर पूरा ध्यान देने तक, हमने हमेशा माना है कि प्रगति वहीं महसूस होनी चाहिए जहाँ यह सबसे ज़्यादा ज़रूरी है।

भविष्य की ओर अग्रसर होते हुए, घरों को ऊर्जा प्रदान करने से लेकर इंजनों को शक्ति देने, विकास को गति देने तथा सफर को सुहाना बनाने तक, हम यह संकल्प लेते हैं कि उत्पादों, सेवाओं तथा अनुप्रयोगों के प्रत्येक आयाम में ग्राहक-केंद्रित समाधानों के नए मानक स्थापित करेंगे।

ऊर्जा के विश्वसनीय संरक्षक के रूप में, हम सभी के लिए एक स्वच्छ, स्मार्ट और ज़्यादा सुरक्षित भविष्य का निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराते हैं।

बीपीसीएल का अगला अध्याय अब शुरू होता है।

50 साल युवा। 50 साल ऊर्जावान। अभी तो ये हमारी शुरुआत है।

हमारे सक्रिय रूप से लागू ग्राहक केन्द्रित समाधान

- **इंटीग्रेटेड पेमेंट सिस्टम (आईपीएस)** ईंधन भरने में लेनदेन की पारदर्शिता की गारंटी दे रहा है।
- **यूकिल** तेज सुरक्षित और स्मार्ट ईंधन भरने की सुविधा प्रदान कर रहा है।
- **ड्राइव फ्रेश** बेहतरीन शौचालयों के साथ फ्यूल स्टेशनों पर स्वच्छता को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।
- **मैक लुब्रिकेंट समाधान** विशेष औद्योगिक अनुप्रयोगों को शक्ति प्रदान कर रहे हैं।
- **मैक सर्व** वाहनों का ख्याल रखने में नए मानक स्थापित कर रहे हैं।
- **जीरो का दम** दोषमुक्त भारतगैस सिलेंडरों के लिए प्रतिबद्ध है।
- **कंपोजिट एलपीजी सिलेंडर** सुरक्षा और सुविधाओं को बढ़ा रहे हैं।
- **ओटीपी** आधारित भारतगैस डिलीवरी के साथ हम विश्वास को और मजबूत बना रहे हैं।
- **ईड्राइव** तेज रफ्तार चार्जिंग के माध्यम से ईवी का चलन तेजी से बढ़ा रहा है।
- **साइलेंट वॉइसेस,** फ्यूल स्टेशनों पर समावेशी सेवाओं को साकार कर रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 01-23-2026 23:07 Color:

स्मार्ट सिटी में मौत की 'माइनिंग'

नोएडा के सेक्टर-150 में 17 जनवरी को इंजीनियर युवराज मेहता की हुई थी मौत

मामले में SIT कर रही है जांच। पुलिस अब तक 3 बिल्डरों को अरेस्ट कर चुकी है

15,000 रुपये की ट्रॉली, 9 करोड़ रुपये महीने की कमाई, पर्यावरण और सुरक्षा को ताक पर रखकर **बिल्डरों ने खूब किया रेत का खेल**

पेज 1 का शेष

Shyam.vir@timesofindia.com

■ **ग्रेटर नोएडा :** नोएडा में बिल्डरों ने भले ही इमारतें खड़ी न की हों, लेकिन बेसमेंट के नाम पर नियमों को दरकिनार कर जमीन की गहराइयों से अरबों रुपये की कीमती रेत निकाल ली गई। 15 हजार रुपये की कीमत के हिसाब से ही प्रतिदिन करीब 30 लाख रुपये और महीने में 9 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की गई। ये खनन का काम एक से डेढ़ साल तक चला। करीब 70 फीट तक इसे गहरा खोद दिया गया। इस तरह अरबों रुपये की बालू बेची गई।

हैरानी की बात यह है कि इतना बड़ा खेल होने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की आंखें बंद रहीं। अवैध खनन पर निगरानी की सीधी जिम्मेदारी खनन विभाग की है, जबकि नोएडा अथॉरिटी की यह जिम्मेदारी बनती है कि उसके द्वारा आवंटित प्लॉट पर निर्माण कार्य बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार हो। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी देखना होता है कि पर्यावरण नियमों के तहत काम हो रहा हो। अवैध जल दोहन को भी रोकना होता है। बेसमेंट के लिए जमीन के अंदर से करीब दो साल तक पानी निकाल कर सीवर में बहाया गया। जिहाजा इस प्रोजेक्ट के एक तरफ यमुना और दूसरी तरफ हिंडन नदी होने के बावजूद जमीन का जलस्तर नीचे चला गया और आसपास मौत का कुआं बनाकर छोड़ दिया गया। फिर भी कार्रवाई नहीं की गई।

बिल्डर तोड़ते रहे नियम, लेकिन नहीं हुई कार्रवाई

बेसमेंट के नाम पर जमीन को इतना खोखला कर दिया गया कि बाद में वहां निर्माण कार्य भी नहीं हुआ। यहां कई ऐसे प्लॉट हैं जिनमें बड़े-बड़े गड्ढे पानी से भर गए और उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया। न तो सुरक्षा घेरा लगाया गया, न चेतावनी बोर्ड। यही गड्ढा 16 जनवरी की रात युवराज मेहता की मौत का कारण बना।

इस हादसे के बाद अब अधिकारियों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेक्टर-150 ही नहीं, बल्कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कई इलाकों में सैकड़ों ऐसे प्लॉट हैं, जहां इसी तरह बेसमेंट के नाम पर खनन कर गड्ढे छोड़ दिए गए हैं। इनमें से कई गड्ढे आबादी और सड़कों के बेहद करीब हैं, जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बिल्डर के खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी

NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा: युवराज की मौत के मामले में नोएडा पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए लोटस ग्रीन के बिल्डर निर्मल सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वॉरंट (NBW) जारी कर दिया है। लंबे समय से फरार चल रहे बिल्डर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी, लेकिन गिरफ्तारी नहीं होने पर अब कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी कराया गया है। अब तक इस केस में तीन बिल्डरों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दो बिल्डरों के दस्तों को सील किया गया है। पुलिस का कहना है कि निर्मल सिंह के खिलाफ वॉरंट जारी होने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास और तेज कर दिए गए हैं।

कार में लगा डैशकैम बनेगा जांच की बड़ी कड़ी

सुधीर कुमार, ग्रेटर नोएडा: सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता के केस में अब अहम सबूत उनकी कार का डैशकैम मिला है। युवराज की कार में डैशकैम था, जिसमें हादसे की सारी विडियो रिकॉर्ड होने का अनुमान है। कार के गिरने की वजह और वह किस तरह गिरी इसके विडियो से सारी अटकलें खत्म होने की उम्मीद जांच एजेंसियां कर रही हैं। उनके मोबाइल फोन में इंटरनेट सिम्स डेटा इस पूरे मामले की परतें खोल सकता है कि किस समय तक फोन ऑन था, लेकिन सिग्नल नहीं आने के कारण कॉल नहीं लग पाई। यहां तक कि फोन के स्विच ऑफ होने की जानकारी मिल जाएगी।

एक और विडियो में दिखा फायर ब्रिगेड-पुलिस ने कुछ नहीं किया

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

1 मिनट 44 सेकंड का है यह विडियो

सेक्टर-150 हादसे का अब एक और विडियो सामने आया है। एक युवक विडियो में घटना का लाइव हाल बयान करता नजर आ रहा है। वह बताता है कि किस तरह युवक पानी से मदद की गुहार लगाता रहा और मौके पर मौजूद पुलिस व फायर ब्रिगेड के संसाधन होने के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

युवक विडियो में कह रहा है कि घटनास्थल पर पुलिस, ऐम्बुलेंस, फायर कर्मी मौजूद हैं और वह हमारे सामने तड़प-तड़प कर डूब गया। फिर युवक बोलता है कि जमाना सिर्फ बहाने देता है, प्रशासन फॉर्मेलिटी पूरा करता रह गया और इंजीनियर डूब गया। युवक का आरोप है कि मौके पर काफी देर तक पुलिस कर्मियों और फायर कर्मियों के बीच तालमेल की कमी दिखी। इस विडियो के सामने आने के बाद फायर ब्रिगेड के दावों पर भी सवाल उठने लगे हैं। फायर ब्रिगेड का कहना है कि उनके पास मौके पर नाव उपलब्ध नहीं थी, इसी वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आई। हालांकि विडियो में साफ तौर पर रबूथ जैसे छोटे-छोटे फ्लोटिंग उपकरण दिखाई दे रहे हैं।

कई जगह लापरवाही के गड्ढे

सेक्टर-150 में इस तरह के कई कंस्ट्रक्शन साइट्स हैं जहां बिल्डरों ने गहरे गड्ढे बनाकर छोड़ दिए हैं। इनमें भी कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है

दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गुरुवार रात हादसा

मोदीनगर में टूटी पुलिया पर हादसा, नाले में गिरे स्कूटी सवार भाई-बहन

■ NBT न्यूज, मोदीनगर

नोएडा में गड्ढे में डूबने से हुई इंजीनियर की मौत के बावजूद, गाजियाबाद प्रशासन ऐसे पॉइंट्स को चिह्नित कर कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसके चलते गुरुवार को दिल्ली-मेरठ मार्ग पर साईं मंदिर के सामने क्षतिग्रस्त पुलिया एक बार फिर हादसे की वजह बन गई। रात करीब 10 बजे स्कूटी सवार भाई-बहन पुल की टूटी दीवार से बड़े नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायल किशोरी की गंभीर बनी हुई है। मोदीनगर की सुदामापुरी कॉलोनी निवासी अनिल के भाई की शादी की सालगिरह के मौके पर पूरा परिवार रेस्तरां में खाना खाने गया था। लौटते समय अनिल के बेटे अनय (19) और बेटी साक्षी (17) स्कूटी से आ रहे थे। इस दौरान सामने में साईं मंदिर के सामने सड़क पार करते समय नाले की टूटी पुलिया देख अनय ने स्कूटी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह असंतुलित हो गई। इससे बचने की कोशिश में स्कूटी नाले की दीवार से जा टकराई और भाई-बहन नाले में जा गिरे। वहीं, पुलिस का कहना है कि जांच में पता लगा है कि स्कूटी में पीछे से एक वाहन ने टक्कर मारी थी।

हादसे में घायल लड़की की हालत गंभीर बनी हुई है

इधर, दोनों बहन-भाई को नाले में गिरता देख वहां मौजूद लोगों की भीड़ लग गई। एक व्यक्ति ने किसी तरह पहले अनय को बाहर निकाला गया। बाद में नजदीक में खड़े एक ट्राला से रस्सी लेकर युवती को निकालने का प्रयास किया गया। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवती को नाले से बाहर निकाल लिया गया। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां अनय को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि साक्षी की हालत गंभीर है।

जिस नाला पुलिया पर यह हादसा हुआ है। यह पुलिया दशकों पुरानी है। वर्ष 2011 में दिल्ली-मेरठ मार्ग के चौड़ीकरण की मांग को लेकर पूर्व पालिका चेयरमैन रामअवतार शर्मा ने आमरण अनशन किया। इसके बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग को चौड़ा कर नाला पुलिया का भी चौड़ीकरण हुआ था। जबकि दूसरी ओर मेरठ से गाजियाबाद की तरफ जाने के लिए नाले पर नए पुल का निर्माण कर दिया था। जबकि गाजियाबाद से मेरठ की ओर जाने के लिए पुराना पुल ही है। नए और पुराने पुलों के बीच में 4 फीट चौड़ा गैप है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL3 User: roushan.jha Time: 01-23-2026 21:58 Color:

हर बुधवार को दोपहर में होगी DDA फ्लैट्स को लेकर जनसुनवाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

DDA फ्लैट्स की समस्याओं के हल के लिए जनसुनवाई का नया सिस्टम शुरू किया जा रहा है। DDA हाउसिंग डिप्टी डायरेक्टर विन्मय चक्रवर्ती ने इस बारे में सर्कुलर जारी किया है। जिसके मुताबिक यह जनसुनवाई साइट इंजिनियर करेंगे। वह लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें दूर करेंगे। इस जनसुनवाई में ग्रामसतैर से फ्लैट्स की हैंडलिंग, मेंटिनेंस, हाउसिंग पॉकेट में जुड़े मुद्दे जैसे सिक्युरिटी आदि की सुनवाई होगी। DDA फ्लैट्स के विभिन्न पॉकेट के इंचार्ज और साइट इंजिनियर इसमें रहेंगे। हर हफ्ते बुधवार को दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक जनसुनवाई होगी।

साइट इंजिनियर समस्याएं सुनेंगे और दूर करेंगे

यह भी निर्देश दिया गया है कि साइट इंजिनियर और विभिन्न पॉकेट के इंचार्ज इस पब्लिक हियरिंग में रखे गए मुद्दों और इनमें शामिल होने वाले लोगों का पूरा रेकॉर्ड मेंटेन करेंगे। जनसुनवाई में रखी गई लोगों की समस्याओं का साइट इंजिनियर समयबद्ध तरीके से समाधान करेंगे। अपने सभी जेन के चीफ इंजिनियरों को यह व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए कहा गया है। DDA ने हाउसिंग गतिविधियां 1967 से शुरू की थीं। तब से अब तक यह 50 से अधिक हाउसिंग स्कीम उतार चुका है। DDA की 2022 तक 240 से अधिक RWA हैं। पुराने फ्लैट्स होने की वजह से लोगों को यहां अक्सर इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि की परेशानियां आती हैं।

2:30 से 4:30 बजे तक हर बुधवार को समस्याओं के समाधान के लिए होगी जनसुनवाई

240 से अधिक RWA के तहत आने वाले फ्लैट्स की सुरक्षा और मेंटिनेंस संबंधी मुद्दों का समाधान।

50 से अधिक हाउसिंग स्कीमों के निवासियों के लिए साइट इंजीनियरों से मदद की होगी व्यवस्था।

1967 से चल रही DDA हाउसिंग गतिविधियों के पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्याओं का होगा निपटारा।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

क्यों पड़ी ज़रूरत

बीते कुछ साल में आरडब्ल्यूए सबसे अधिक शिकायतें मेंटिनेंस आदि पर कर रही हैं। लोग डीडीए के मिकैनिज्म से भी परेशान हैं। लोकल स्तर पर सुनवाई नहीं होने की वजह से लोगों को हेडक्वॉर्टर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। हालांकि डीडीए ने अपनी हर आरडब्ल्यूए के साथ लिंक ऑफिसर को जोड़ा हुआ है। आरडब्ल्यूए से कहा जाता है कि वह लिंक ऑफिसर से अपनी समस्याएं बता सकती हैं, लेकिन इसके बावजूद लोगों की शिकायतों का समाधान नहीं होता।

समस्याओं को लेकर क्या कहती हैं RWA

DDA ऐसा डिपार्टमेंट है, जहां लोगों की सुनवाई नहीं होती। RWA को बिल्कुल नहीं सुना जाता है। पानी की पाइपलाइन में लीकेज आदि की शिकायत करते हैं, लेकिन कुछ नहीं होता। *–बी. एस. बेदरा, अध्यक्ष, ईस्ट दिल्ली RWA जॉइंट फ्रंट*

DDA पॉकेट्स का हाल बहुत खराब है। लोग समस्याओं को लेकर शिकायतें करते रहते हैं, लेकिन यह एक अधिकारी से दूसरे के पास घूमती रहती हैं। समस्याएं सुनने के साथ उन्हें हल करना भी जरूरी है। *–रमेश मुनुथु, द्वारका सेक्टर-16बी*

बिल्डिंग स्ट्रक्चर से लेकर सीवेज और पार्किंग के इंतजाम काफी कम हो गए हैं। जरूरतें बदल चुकी हैं। लोगों ने जरूरत के हिसाब से फ्लैट्स में बदलाव कर लिए हैं। इन्हें कंट्रोल करने की जरूरत है। *–सुमित, गोल्फ लिंक रेजिडेंसी अपार्टमेंट*

महानगर में आज

सपनों की जगह
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन "ड्रीम्स, एनेसेज एंड द स्पेसेज इन बिटवीन अ सीली फोटोग्राफी", विजुअल आर्ट्स गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। आर्टिस्ट गौतम मनोहर की इस एग्जिबिशन के साथ जिंदगी के कई आयाम तस्वीरों में नजर आएंगे।

कैमरे के लेंस से
ऑल इंडिया फाइनल आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी में 14वीं ऑल इंडिया फोटो एग्जिबिशन और 13वीं ऑल इंडिया डिजिटल आर्ट एग्जिबिशन, 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक।

कलाकारा संग

त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'विद हर हेयर रनिंग वाइल्ड', गैलेरिया नव्या, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। कलाकारा सीमा कोहली की इस एग्जिबिशन संग कला प्रेमी कुछ मास्टरपीस निहार सकते हैं।

पृथ्वी से आसमां तक
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'बॉडीज ऑफ स्काई, बॉडीज ऑफ अर्थ', श्रीधरनी आर्ट गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। कलाकारा सीमा कोहली की इस एग्जिबिशन के साथ उनके कई खूबसूरत पेंटिंग कला प्रेमी निहार सकते हैं। शो के क्यूरेटर सत्यजीत दत्ते हैं।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें t.me/nbtdilli

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL4 User: cci Time: 01-23-2026 22:28 Color:

द्वारका से लेकर नजफगढ़ तक सड़कें हो गईं खतरनाक

यहां भी कदम-कदम पर लापरवाही के गड्ढे

एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली: पिछले दिनों नोएडा के सेक्टर-150 में हुए एक हादसे में हुई एक इंजीनियर की मौत ने सिस्टम की लापरवाही को फिर उजागर कर दिया। कुछ ऐसी ही लापरवाही दिल्ली में भी देखने को मिल रही है। यहां द्वारका और पालम से लेकर नजफगढ़ रोड तक खुले और बिना बैरिकेडिंग वाले गड्ढे लोगों की जान पर भारी पड़ सकते हैं। ये गड्ढे कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं।

द्वारका सेक्टर-6

यहां ब्रह्मा अपार्टमेंट के पास सर्विस लेन पर बीते कई दिनों से एक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। डीजेबी की सीवर लाइन की रिपेयरिंग के चलते पूरी सर्विस लेन खोद दी गई है, जो आसपास की सोसायटियों के लिए बेहद अहम रास्ता है। रात के समय हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं। न तो गड्ढे के चारों ओर कोई बैरिकेडिंग की गई है और न ही सर्विस लेन पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है। मेन रोड पर लगी लाइटें भी पेड़ों और हरियाली की वजह से यहां तक नहीं पहुंच पा रहीं। ऐसे में यह गड्ढा कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है।

NBT पड़ताल



द्वारका सेक्टर-8

बीते कई सालों से एयरपोर्ट ट्रेन का काम चल रहा है। इस काम के चलते इस सेक्टर से मेट्रो स्टेशन सेक्टर-8 पहुंचने के लिए एक मात्र पतली पगडंडी जैसा रास्ता दिया है। लेकिन इस रास्ते के एक ओर गहरा गड्ढा है। पगडंडीनुमा इस रास्ते पर बाइक सवार के साथ पैदल यात्री और स्कूली बच्चे भी आते हैं। उनके गड्ढे में गिरने के लिए एक तरफ फटा हुआ हरा जालीनुमा कपड़ा लगाया गया है। बीते कई साल से यह लोग ऐसे ही हालात झेल रहे हैं। रास्ते पर भी कई जगह फिसलन बनी हुई है।

द्वारका सेक्टर-13

द्वारका सेक्टर-13 स्थित आयुष विहार सोसायटी की सर्विस रोड पर एक गहरा गड्ढा कई महीनों से खुला पड़ा है। इसकी वजह से पूरी सर्विस रोड बंद है। इतना ही नहीं यहां न तो यहां कोई बैरिकेडिंग की गई है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है, जबकि आसपास कई रिहायशी सोसायटियां मौजूद हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह जगह कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

सेक्टर-12 मार्केट

मार्केट के सामने सर्विस रोड और फुटपाथ पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा कई दिनों से खुदा हुआ है। यहां सीवर लाइन डालने का काम चल रहा है, लेकिन काम बेहद धीमी गति से हो रहा है। गड्ढे के चारों ओर किसी तरह की घेराबंदी नहीं की गई है। पैदल चलने वाले और टूवीलर के लिए यह बड़ा खतरा बना हुआ है।

नवादा मेट्रो स्टेशन

मेन नजफगढ़ रोड पर भी लंबे समय से एक गड्ढा खुला पड़ा है, लेकिन इस पर किसी एजेंसी का ध्यान नहीं है। इस सड़क पहले ही भारी ट्रैफिक और जाम से लोग परेशान रहते हैं। ऐसे में खुले गड्ढे की अनदेखी किसी बड़े हादसे को दावत दे सकती है।

दिल्ली को हरियाणा से जोड़ने वाली रोहतक रोड जानलेवा

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नोएडा सेक्टर-150 में रोड साइड पानी से भरे गड्ढे में गिरने से सॉफ्टवेयर इंजिनियर की मौत सिर्फ नोएडा में ही नहीं, दिल्ली की सड़कों के हालात पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां भी ऐसी कई सड़कें हैं जिन पर जगह-जगह गड्ढे और जलभराव हैं जो कि जानलेवा साबित हो सकते हैं। न्यू रोहतक रोड के पंजाबी बाग चौक से कमल टी-पॉइंट तक स्ट्रेच में जगह-जगह गहरे गड्ढे और पानी जमा है। जग्गौरा फ्लाईओवर से नीचे उतरते ही रोड की हालत ऐसी है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हालत इतनी जर्जर और खस्ताहाल है कि पैदल चलना भी मुश्किल है। जग्गौरा फ्लाईओवर से आगे कमल-टी पॉइंट पर केबल डालने के लिए रोड की गहरी खुदाई की गई है।

कई सड़कें ऐसी हैं जिन पर जगह-जगह गड्ढे और जलभराव है

पंजाबी बाग चौक से करीब 250 मीटर दूर पेट्रोल पंप के पास रोहतक रोड दूर तक टूटी हुई है। टूटी हुई सड़क को मिट्टी से भर तो दिया गया है, लेकिन वहां से लगातार धूल-मिट्टी उड़ रही है। पंजाबी बाग मेट्रो स्टेशन से थोड़ी दूर पर जग्गौरा फ्लाईओवर है। फ्लाईओवर से जैसे ही नीचे उतरते हैं, रोड दोनों तरफ इतनी अधिक जर्जर और खस्ताहाल है कि कोई पैदल भी नहीं चल सकता है। इसकी वजह यह है कि सड़कों पर जलभराव खत्म करने के लिए जल बोर्ड ने सीवर पाइप लाइनें बिछाई थीं। पाइप लाइनें तो डाल दी हैं, लेकिन रोड को ऐसे ही छोड़ दिया है। इससे आगे कमल टी-पॉइंट पर केबल लाइनें डालने के लिए रोड को तोड़ दिया गया है। जनकपुरी C-5 स्थित टाटा सतरम ममतानी मार्ग भी पिछले एक साल से जर्जर और खतरनाक है।

हालत ऐसी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है

स्थानीय निवासी भोला ठाकुर का कहना है कि जग्गौरा फ्लाईओवर से नीचे उतरते ही जलभराव की समस्या थी, जिसे ठीक करने के लिए 6 महीने पहले जल बोर्ड ने सीवर पाइप लाइनें बिछाई थीं। पाइप लाइनें तो बिछा दी गईं, लेकिन रोड को रिपेयर ही नहीं किया गया। दूसरी तरफ अभी भी लाइन डाली जा रही है। करीब 100 मीटर का यह स्ट्रेच इतना जर्जर है कि इस पर पैदल भी कोई नहीं चल सकता। जग्गौरा फ्लाईओवर से आगे भी रोहतक रोड की हालत जर्जर है। कमल टी-पॉइंट के पास बिजली केबल डालने के लिए रोड खोद दी गई है। न्यू रोहतक रोड और ओल्ड रोहतक रोड को जोड़ने वाली स्वामी नरायण रोड की हालत भी दयनीय है।

किराड़ी में DDA का मलबा बना मुसीबत

■ NBT रिपोर्टर, किराड़ी: किराड़ी इलाके की शर्मा कॉलोनी की बदहाली की वजह सिर्फ घरों और गलियों में भरा पानी नहीं है, बल्कि खाली प्लॉटों पर DDA द्वारा डाला जा रहा मलबा भी लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। लोगों का कहना है कि यह मलबा मलस्वा लैंडफिल साइट से लाया जा रहा है और रोज सैकड़ों ट्रकों में यहां डंप किया जा रहा है। लगातार मलबा डाले जाने से पूरे इलाके में धूल और मिट्टी का गुबार उड़ता रहता है। इसकी वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही प्रदूषण का लेवल भी तेजी से बढ़ गया है। मलबे से उठने वाली धूल के कारण लोगों का घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है।

आरोप, बिना प्रोसेसिंग के सीधे डाला जा रहा है यहां मलबा

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने शुक्रवार को किराड़ी विधानसभा की उस शर्मा कॉलोनी का दौरा किया, जहां जलभराव से लोग परेशान हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह में सड़कों पर भरे पानी को निकाल दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से जल निकासी को लेकर जल्द से जल्द काम शुरू करने को कहा।

120 दिन में पूरी करनी होगी PWD के 10 फ्लाईओवरों की मरम्मत

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: राजधानी में फ्लाईओवर्स को नए कलेवर में सजाने-संवारने की तैयारी शुरू हो गई है। PWD के अधीन आने वाले फ्लाईओवर्स का मेंटेनेंस अब प्राइवेट कंपनियों के पैसों से कराया जाएगा। इसके लिए दिल्ली सरकार ने पहले चरण में 3 प्राइवेट कंपनियों का चुनाव किया है और उन्हें 10 फ्लाईओवर का मेंटेनेंस काम सौंपा गया है। जिन फ्लाईओवर्स का मेंटेनेंस इन कंपनियों को दिया गया है, उनमें अप्सरा सिनेमा फ्लाईओवर, मयूर विहार, हनुमान सेतु, मंगी सेतु, लोधी रोड फ्लाईओवर, ओबेरॉय फ्लाईओवर और आनंदपुर फ्लाईओवर शामिल हैं। यह काम ईस्ट, साउथ और नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में किया जाएगा।

PWD अफसरों के मुताबिक सरकार ने फ्लाईओवर के मेंटेनेंस के लिए एक एडीशनल पॉलिसी बनाई है। इसके तहत प्राइवेट कंपनियां अपने CSR फंड से फ्लाईओवर के मेंटेनेंस और ब्यूटिफिकेशन पर खर्च करेंगी। इसके बदले कंपनियों को फ्लाईओवर पर विज्ञापन लगाने की छूट दी जाएगी। सरकार का टारगेट है कि आने वाले समय में करीब 100 से 150 प्राइवेट कंपनियां इस एडीशनल पॉलिसी से जुड़ें। मंगलवार को इससे जुड़ी मीटिंग में 3 कंपनियां मेंटेनेंस का प्रस्ताव लेकर आई थीं। इन तीनों कंपनियों को 10 फ्लाईओवर का काम सौंपा गया है। उन्हें 90 से 120 दिनों के भीतर मेंटेनेंस वर्क पूरा करने को कहा गया है।

35% फ्लाईओवर्स के नीचे अतिक्रमण: PWD अफसरों के अनुसार दिल्ली में कुल 102 फ्लाईओवर, 118 एफओबी, 54 सब-वे और 68 अंडरपास हैं। मार्च-अप्रैल में कराए गए सर्वे में सामने आया कि 102 में से 35% यानी 37 फ्लाईओवर के नीचे अतिक्रमण है। कई जगह झुग्गियां बनी हुई हैं। द्वारका फ्लाईओवर के नीचे भी झुग्गियां हैं और रात में लोग वहां सोते हैं। करीब 20 फ्लाईओवर के नीचे कूड़ा डाला जाता है। 60% से ज्यादा फ्लाईओवर पर धूल की मोटी परत जमी हुई है। इन्हीं हालात को देखते हुए सरकार ने एडीशनल पॉलिसी तैयार की। इस पॉलिसी में सभी 102 फ्लाईओवर शामिल हैं।

ट्रैफिक को स्मूद करने के लिए फ्लाईओवर निर्माण की फिजिबिलिटी स्टडी कराई जाएगी

NH-48 को जोड़ने वाली रोड पर फ्लाईओवर

■ नई दिल्ली : समालखा, मरथल, कापसहेड़ा, पालम विहार और दिल्ली-गुड़गांव बॉर्डर और आसपास ट्रैफिक को स्मूद करने के लिए फ्लाईओवर निर्माण की फिजिबिलिटी स्टडी कराई जाएगी। PWD ने नजफगढ़-कापसहेड़ा रोड पर एनएच-48 से बिजवासन रेलवे फ्लाईओवर के बीच फ्लाईओवर बनाने की योजना तैयार की है। इसके साथ ही, बिजवासन रेलवे फ्लाईओवर को एक्सटेंड करने का भी प्लान है, ताकि एनएच-48 से द्वारका एक्सप्रेसवे के बीच नजफगढ़-कापसहेड़ा रोड का करीब 5.5 किमी स्ट्रेच जाम फ्री किया जा सके।

करीब 5.5 किमी स्ट्रेच को जाम फ्री किया जा सकेगा

PWD अफसरों के मुताबिक, नजफगढ़-कापसहेड़ा रोड समालखा के पास से शुरू होकर मरथल, बिजवासन, सेक्टर-28, छावला होते हुए नजफगढ़ तक जाती है। इस रोड की कुल लंबाई करीब 15 से 16 किमी है, लेकिन सबसे ज्यादा जाम की समस्या महिपालपुर के पास एनएच-48 से बिजवासन रेलवे फ्लाईओवर के बीच रहती है। यह स्ट्रेच करीब 6 से 7 किमी लंबा है। नजफगढ़-कापसहेड़ा रोड ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड को भी कनेक्ट करती है। बिजवासन रेलवे स्टेशन के पास बना फ्लाईओवर करीब 800 मीटर लंबा और 4 लेन का है। पिछले 10 से 12 साल में ट्रैफिक भार बढ़ने के कारण यहां जाम की समस्या गंभीर हो गई है। अफसरों का कहना है कि इस हिस्से को जाम फ्री करने के लिए एनएच-48 से द्वारका एक्सप्रेसवे के बीच फ्लाईओवर निर्माण की फिजिबिलिटी स्टडी कराई जाएगी। इसके लिए जल्द ही PWD किसी प्राइवेट एजेंसी को नियुक्त करेगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: vivek.kumar4 Time: 01-23-2026 21:47 Color:

सबका एक ही उसूल, अब करेंगे फुल पैसा वसूल.

21 से 26 जनवरी

COMBO@ ₹749

सफोला गोल्ड तेल 3 L + इंडिया गेट रोज़ाना चॉइस बासमती चावल 5 kg

संयुक्त एमआरपी ~~₹1186~~ | बचाइए ₹437

गुड लाईफ बादाम 500 g + काजू (W320) 500 g

COMBO@ ₹849

संयुक्त एमआरपी ~~₹1345~~ बचाइए ₹496

खुली चना दाल / तूर दाल वैल्यू 1 kg

स्मार्ट कीमत ₹73/ ₹107

बाज़ार मूल्य ~~₹78~~ / ~~₹112~~

बिस्किट्स बड़ा पैक 400 g या उससे अधिक / लोटे चोको पाई 336 g (चुनिंदा प्रकार)

BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE

एमआरपी ₹75 या उससे अधिक /यूनिट

कोका-कोला / स्प्राइट / थम्स अप / लिम्का 750 ml (चुनिंदा प्रकार)

BUY ANY 3 GET ANY 1 FREE

एमआरपी ₹40 या उससे अधिक /यूनिट

विभोर रिफाइंड सोयाबीन तेल 750 g / कच्ची घानी सरसों का तेल 800 g

स्मार्ट कीमत ₹116/ ₹135

एमआरपी ~~₹140~~ / ~~₹197~~ बचाइए ₹24 / ₹62

फॉर्च्यून रिफाइन्ड सोयाबीन तेल 750 g / धामपुर मिष्टी प्रीमियम चीनी 5 kg

स्मार्ट कीमत ₹126/ ₹229

एमआरपी ~~₹145~~ / ~~₹320~~ बचाइए ₹19 / ₹91

इंडिया गेट मोगरा बासमती चावल 10 kg / क्लासिक संभा मसूरी चावल 26 kg

स्मार्ट कीमत ₹589/ ₹1049

एमआरपी ~~₹865~~ / ~~₹1820~~ बचाइए ₹276 / ₹771

चक्की आटा / आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा 10 kg

स्मार्ट कीमत ₹349/ ₹469

एमआरपी ~~₹450~~ / ~~₹699~~ बचाइए ₹101 / ₹30

रेड लेबल लीफ टी 1 kg

बचाइए ₹150

एमआरपी ~~₹520~~ या उससे अधिक स्मार्ट कीमत ₹370 या उससे अधिक

अमूल प्योर घी 1 L

स्मार्ट कीमत ₹559

एमआरपी ~~₹610~~ | बचाइए ₹51

टूथपेस्ट 280 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)

एमआरपी ₹204 या उससे अधिक

BUY ANY 1 GET ANY 1 FREE

साबुन 125 g या उससे अधिक(मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)

एमआरपी ₹299 या उससे अधिक

BUY ANY 1 GET ANY 1 FREE

डिटर्जेंट 4 L / 5 kg या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)

एमआरपी ₹565 या उससे अधिक

न्यूनतम 33% छूट

LYF मिक्सर ग्राइंडर (500W)

स्मार्ट कीमत ₹999

एमआरपी ~~₹2599~~

3 पीस हार्ड ट्रॉली सेट

एमआरपी ~~₹30000~~ या उससे अधिक स्मार्ट कीमत ₹4499 या उससे अधिक

फ्लैट 85% छूट

डबल बेडशीट सेट (चुनिंदा प्रकार)

BUY ANY 1 GET ANY 3 FREE

एमआरपी ₹1199 या उससे अधिक

वीमेन्स, मेन्स और किड्स वेयर

BUY 1 GET 1 FREE*

2000+ फैशन स्टाइल्स पर

अब खुल गया है ग्रेटर नोएडा : लोअर ग्राउंड फ्लोर, इंडिया एक्सपो प्लाजा, नॉलेज पार्क 2. • लोअर ग्राउंड फ्लोर, पीकेएस टाउन सेंट्रल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट.

मल्टीप्लाक्स : क्राउन इंटीरियर्स मॉल, मथुरा रोड. • डिंग सेवा मॉल, सरायं मेट्रो स्टेशन के पास. • ओपन कॉर्पोरेट मेट्रो स्टेशन, **पॉलिप्लाक्स :** गॉर्ड इंडिया मॉल, इंडियापुरम • ऑरबिट मॉल, जी. टी. रोड. • महागुन मेट्रो मॉल, सेक्टर-3, वैशाली • अग्रिम मॉल, इंडियापुरम. • जयपुरिया मॉल, इंडियापुरम • सिग्नेचर स्क्वेयर, पीतीपुरम • एमपी प्रिजनेक्स टावर, फेज नगर • KW मिनी 6, राजनगर एक्सटेंशन • अवंतिका पुलिस चौकी के पास, सास्त्री पार्क, अवंतिका. • विहान शॉपिंग प्लाजा, सेक्टर 12, दीपली मॉल प्रताप विहार. **मॉल :** द डेट इंडिया प्लेस • भूतानी सिटी सेंटर • DLF मॉल ऑफ इंडिया • पालम वन 33. **डेटर नोएडा :** सीटा प्लाजा, सीटा 1. **डेटर नोएडा वेस्ट :** गौर सिटी मॉल. **गुरुग्राम :** ओपेक्स सिटी सेंटर, सोहना रोड. • सहारा मॉल, एम. जी. रोड. • VSR एलेन्ज़ा मॉल, टाटा का सिटा सोसायटी के पास, सेक्टर-114 • लोअर ग्राउंड फ्लोर, एलिवेंस मॉल, • IRIS ब्रांड्स, सेक्टर-85 • एलीवेंस मॉल, सेक्टर-68 • DLF DT सेंटर मॉल, सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास • झारसा रोड सेक्टर-15 • M3M अर्बान मॉल, सेक्टर-67. • ग्राउंड फ्लोर, 83 एलेन्ज़, मेगसो पेनाइज़ड के पास, सेक्टर-83. **नई दिल्ली :** विकासपुरी सेंट्रल, विकासपुरी • शिवाजी पार्क, नजफगढ़ • द्वारका सिटी सेंटर, सेक्टर-13, द्वारका• एर्ट ट्रेजरीज़, सेक्टर-11, रोहिणी • अक्षरधाम ऐस्टीज मॉल, शाही बाग • सुनिटी वन मॉल, जसपुरी वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास • राजीव गांधीमेट्रो स्टेशन • एलिवेंस मॉल, वसंत कुंज • कालकाजी मंदिर मेट्रो स्टेशन • V3S मॉल, लक्ष्मी नगर. **चंडीगढ़ :** टाटा पॉक्सो के सामने, राम नगर, NH 2. **मोगीपाल :** गीतांजली गार्डन, बाबा लाभना रोड. **पेहोवा :** बीएमजी मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, **रोहतक :** पीएनबी बैंक के सामने, कमल कॉलोनी. **महमूदपुरा :** फ्रिंडिवेर होलिडाय मेट्रो स्टेशन के पास. **महेंद्रगढ़ :** राम तुला राम बीच के पास, महेंद्रगढ़–नारनौल रोड. **नारनौल :** पंचायत भवन के सामने, महेंद्रगढ़ रोड.

SMART BAZAAR

नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर सीमित स्टाक होने तक वैध। सभी ऑफर्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। होमडेलर और अधिक ऑफर्स भुनिया स्मार्ट बाजार और स्मार्ट सुपरस्टोर पर वैध। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को अधिक मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफर्स 26 जनवरी 2026 तक मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध

fresh Signature. | SMART SUPERSTORE

10% INSTANT DISCOUNT* SBI card

*Min. Trxn.: ₹3,000; Max. Discount: ₹500 per Trxn. per credit card; Validity: 21 Jan - 26 Jan 2026. T&C Apply.

अधिक ऑफर्स जानने के लिए स्कैन करें

अपना नजदीकी स्टोर खोजने के लिये स्कैन करें

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in